CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 12-29-2025 23:21 Color:






SC ने अरावली पर अपना ही फैसला रोका

▶ देखें अंदर

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



उन्नाव रेप में दोषी सेंगर रहेगा कैद, बेल पर ब्रेक

▶ देखें अंदर



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: cci Time: 12-29-2025 22:06 Color:


# नवभारत टाइम्स • विचार


नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । मंगलवार, 30 दिसंबर 2025


प्रकृति कोई दोहन की चीज नहीं बल्कि ऐसा लिविंग सिस्टम है, जिसका आदर किया जाना चाहिए - *वंदना शिवा*

## संतुलन की ज़रूरत

**अरावली पहाड़ियों** की जिस परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उस पर खुद ही रोक लगा दी है। एक नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश बताता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जाहिर की जा रही चिंता वाजिब थी। अरावली को केवल पहाड़ी श्रृंखला नहीं, जीवन रेखा के रूप में देखने की जरूरत है, जिसकी वजह से उत्तर भारत के उपजाऊ मैदान बचे हुए हैं।

**आम लोगों की चिंता ।** अरावली की जो परिभाषा सरकारी समिति की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की थी, उसे लेकर आम लोगों के कई सवाल हैं। इस मामले में केवल यह कहने से आशंकाएं दूर नहीं हो जातीं कि रिपोर्ट को गलत तरीके से समझा जा रहा है। देश जिस तरह की पर्यावरणीय चुनौती का सामना कर रहा है, उसे देखते हुए ज्यादा स्पष्ट और पारदर्शी नीतियों की जरूरत है। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लेकर लोगों की चिंताओं को समझा।


ग्रोथ-पर्यावरण में तालमेल

**विस्तृत जांच ।** विशेषज्ञ समिति अब multi-temporal examination करेगी यानी पुरानी तस्वीरों, नक्शों, सैटेलाइट इमेज वगैरह के जरिये देखा जाएगा कि हालिया दशकों में अरावली में क्या बदलाव आए हैं। उम्मीद है इससे एक सही तस्वीर बनेगी कि कैसे अवैध खनन, अनियोजित निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस प्राकृतिक धरोहर को नुकसान पहुंचाया है।

**समग्रता की जरूरत ।** नई परिभाषा में सबसे ज्यादा विवाद 100 मीटर की ऊंचाई वाले बिंदु पर हुआ। असल में मामला केवल ऊंचाई का नहीं है। पर्यावरणीय संतुलन के मामले में छोटी-सी छोटी चीज भी मायने रखती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के वातावरण से अलग करके नहीं देखा जा सकता। अरावली पर लोगों की तरफ से इतनी तीखी प्रतिक्रिया इसलिए भी आई, क्योंकि पर्यावरणीय असंतुलन की सीधी मार अब उस पर पड़ने लगी है।

**गंभीरता और जिम्मेदारी ।** इस साल पहाड़ी राज्यों में जिस तरह की तबाही आई, दिल्ली-NCR और मुंबई में हवा जहरीली हुई - यह लंबे अरसे की अनदेखी का नतीजा है। इसके बाद भी पर्यावरण के मोर्चे पर पर्याप्त गंभीरता और जिम्मेदारी का भाव नहीं दिखता। जब अरावली को लेकर विरोध-प्रदर्शन चल रहा था, उसी दौरान उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि कब्जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट में था। और उसी समय राजस्थान के हनुमानगढ़ में किसान एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध कर रहे थे।

**संतुलन चाहिए ।** अच्छी बात है कि सरकार, अदालत और जनता - तीनों अरावली को लेकर चिंतित हैं। नई कमिटी को सभी पक्षों और बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए। देश को विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत है।

### ऐवें कुछ भी

## ओवरस्मार्ट जनता


आलोक सिंह भदौरिया

**सुबह उठा** तो कुछ बदली बदली सी लगी मेरी स्मार्ट सिटी। हवा तो उतनी ही धूल भरी थी लेकिन हरियाली कुछ बढ़ी थी। चाल कुछ स्मूद सी हो गई थी। समझ नहीं आ रहा था कि हुआ क्या है। ढेर सारे लोग हाथ में झाड़ू लिए सफाई अभियान में लगे थे। हैरानी की बात थी कि एक शख्स झाड़ू लगा कर कूड़ा जमा करता था तो पीछे से आने वाला दूसरा शख्स उसे बाकायदा ठेले में उठाकर रख लेता था। न उसमें आग लगाई न नाले में ढकेला। [illegible] गया। मतलब ये तो हद हो गई।

हमने कदम बढ़ाया, पैर लचका, गिर गए। आदत ही नहीं थी इतनी स्मूद सड़क पर चलने की। कहां गए गड्ढे! चलो-चल सा अलादीन का चिराग रगड़ दिया किसी ने। दूर कोने में अलादीन का चिराग मतलब रोड रोलर खड़ा था। हरियाली भी दो प्रकार की थी। एक तो खूबसूरत पौधे गमले में लगे थे। दूसरी हरियाली उन हरी चादरों की थी जो सड़क किनारे तान दी गई थीं। हम समझ नहीं पाए ये चादर क्यों तनी हैं। एक महानुभाव से पूछा, भाई साब यह सब क्या है। उन्होंने बेढंगा करने वाली निगाह से घूरा। हमने पूछा, ये हरी चादर क्यों तनी है? बोले चादर नहीं, व्यू कटर है। तुम्हारे मोहल्ले की गंदगी ढंकने को लगाई है। हमने कहा, गंदगी हट या संवर नहीं सकती थी? वह बोले, तुम लोग की औकात इतनी ही है, संवारना हो तो खुद संवारो। हम बस ढंक सकते हैं। हमने पूछा कोई और तरीका नहीं था? उन्होंने पलटकर पूछा, नेता जी की आंखों पर हाथ धर देते थे कि इधर न देखें नुकसान होने का रिस्क है?

शाम को नेता जी चले गए, मोहल्ले भर के खानदानी रईस मर्सिडीज से लेकर एक्टिवा तक में वही हरियाली ठूंस-ठूंसकर भरने लगे। स्मार्ट सिटी की जनता ओवर स्मार्ट हो गई थी। सही कह रहे थे नगर निगम वाले भाई साब, दूसरे हमारी गंदगी व्यू कटर से बस ढंक सकते हैं, तस्वीर हमें खुद संवारनी होगी।

### बोल वचन

दिलीप लाल

## पंखे से हौंकना


AI Image

**बिहार, पूर्वी** उत्तर प्रदेश और झारखंड के इलाकों में 'हौंकना' शब्द हवा देने के लिए प्रचलित है। कहीं-कहीं हौंकना भी है। चूल्हे में आग जलाकर उसे सुलगाए रखने के लिए हवा दी जाती थी, तो 'हौंकना' कहा गया। आज भी ग्रामीण इलाकों में सहज कहा जाता है, 'आग ठीक से नहीं जल रही, जरा पंखे से हौंक दो।' गर्मी से बचने के लिए पंखे को झलना भी 'हौंकना' कहलाता है। खलिहानों में अनाज से भूसा अलग करने की प्रक्रिया, जिसे 'ओसाना' कहा जाता है, उसमें भी हवा देने के अर्थ में 'हौंकना' शब्द प्रयोग होता है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से 'हौंकना' एक देशज और ध्वनि आधारित शब्द माना जाता है। उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जब किसी को डांटा या फटकारा हो, तो यह 'हौंकना' बन जाता है- जैसे, 'अभी हौंक देंगे।' अवधी और बुंदेली क्षेत्रों में 'फूंक मारना' व ब्रज में 'हवा लगाना' प्रचलित है। माना जाता है कि हवा हौंकना या तेज सांस की 'हौं-हौं' जैसी ध्वनि से यह शब्द बना है। गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में इसी क्रिया के लिए 'फूंकनी मारना' कहा जाता है। अंग्रेजी में to fan, to winnow, to blow air जैसे अलग-अलग शब्दों से इसे समझा जा सकता है।

---

### पहलगाम आतंकवादी हमले में पति को खोने के बाद भी हिमांशी ने की शांति की बात

# बदले के शोर में अमन की आवाज़


नीलांजन मुखोपाध्याय

**बराक ओबामा** जब अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तब हर साल अपनी पसंदीदा किताबों, फिल्मों और संगीत की लिस्ट जारी किया करते थे। 2025 की उनकी लिस्ट के एक गाने ने मुझे मोह लिया - पसायदान और इसके गायक गणव्वा (दोरैस्वामी)। गाने और गायक, दोनों के नाम में भारतीय रंग होने के बावजूद मैं दोनों से अनजान था।



**उम्मीद की किरण**
- पहलगाम हमले के बाद सांप्रदायिक तनाव बढ़ा
- हिमांशी ने न्याय मांगा, सबके हित को समझा
- धर्म व क्षेत्र के आधार पर नफरत को नकारा

**सबसे अलग ।** 13वीं सदी में संत ज्ञानेश्वर ने अपने आराध्य के लिए अभंग प्रार्थना रची थी। पसायदान गीत इसी का प्रस्तुतिकरण है। इसमें न तो व्यक्तिगत मोक्ष की कामना है और न वरदान की इच्छा - इसके बजाय इसमें सभी के कल्याण की प्रार्थना की गई है। यही बात इसे अलग बनाती है। आज जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है, भारत समेत कई देशों में आंतरिक संघर्ष जारी है, तब पसायदान ऐसे गीत के रूप में उभरता है, जिसे हर जुबान पर होना चाहिए। आखिरकार यह ऐसी दुनिया में सभी के कल्याण, सुख और सुरक्षा की प्रार्थना है, जहां सामूहिक स्वार्थ की महामारी फैलती जा रही है।

**पीएम का संदेश ।** सांप्रदायिक असहिष्णुता दशकों से बड़ी समस्या रही है। हर साल आखिर में इस पर अफसोस जताया जाता है। इस साल भी दूसरे समुदायों के प्रति बड़ी नफरत देखने को मिली। क्रिसमस के आसपास ईसाई समुदाय पर हमले किए गए। यह सब तब हुआ, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने त्योहार की सुबह एक ऐतिहासिक चर्च में जाकर देश को संदेश दिया। उनका यह कदम स्वागत योग्य था, लेकिन दुख है कि इसे उन्हीं लोगों ने समझा, जो पहले से ही भारत की साझा संस्कृति में विश्वास रखते हैं और समझते हैं कि एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करना चाहिए।

**बदले का सिद्धांत ।** पीएम के प्रयास का दुर्भाग्य से उन लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा, जो हिंदुत्व और हिंदू धर्म के नाम पर दूसरों पर हमला करते हैं। यह साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का भी रहा। लगभग तुरंत ही पीएम मोदी ने उस प्राचीन सिद्धांत का सहारा लिया, जिसमें 'आंख के बदले आंख, दांत के बदले दांत' की बात कही जाती है। हमारे अपने समाज में भी कोई नहीं था, जो बदले की भावना को हवा देने वालों को रोकता।

**सच्चे नायक ।** इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए पसायदान गीत ने मुझे एक नतीजे पर पहुंचने में मदद की और वह है कि इस साल के सच्चे नायक वे भारतीय हैं, जिन्होंने सभी के कल्याण के बारे में सोचा। बहुत सोचने के बाद मैंने हिमांशी नरवाल को अपना 'इंडियन ऑफ द ईयर' चुना है। पहलगाम हमले में पति को गंवाने के बाद भी वह समझदारी भरी आवाज बनकर उभरीं।

**शांति और न्याय ।** जब इस देश के सबसे ऊंचे पायदानों से भी बदले की पुकार गूंज रही थी, तब हिमांशी ने संयम दिखाया। त्रासदी में इतना सब खोने के बावजूद उन्होंने 'बदला' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते कि लोग मुस्लिमों और कश्मीरियों के पीछे पड़ें। हमें शांति चाहिए, केवल शांति। हां, हमें न्याय जरूर चाहिए।' उन्होंने खुद पर टूटी विपत्तियों से ऊपर एक बड़े सामूहिक हित, लोगों के डर और उनकी सुरक्षा की जरूरत को प्राथमिकता दी।

**2025 के हीरो**

**विवेकपूर्ण रास्ता ।** हिमांशी के साथ जो बीता, अगर उनकी प्रतिक्रिया में गुस्सा होता, तो भी कोई कुछ नहीं कहता, लेकिन उन्होंने विवेकपूर्ण रास्ता चुना। अपने देशवासियों से उन्होंने एक औपचारिक बयान में कहा कि वह और उनका परिवार आतंकी हमले के बाद मुस्लिमों और कश्मीरियों के खिलाफ फैलाई जा रही नफरत को स्वीकार नहीं करते।

**नेक मकसद ।** महत्वपूर्ण बात है कि उन्होंने अपने घर की खामोशी में बैठकर नहीं, एक रक्तदान शिविर से यह संदेश दिया। यह कैंप उनके पति की जयंती पर आयोजित किया गया था। जिस समय लोग केवल एक धार्मिक पहचान या कश्मीरी होने के नाते दूसरों का खून बहाने की बात कर रहे थे, तब हिमांशी एक नेक उद्देश्य के लिए रक्तदान को प्रेरित कर रही थीं।

**अब मिले सराहना ।** भारत की आत्मा में धर्म रचा-बसा है। धार्मिक पहचान के आधार पर राजनीतिक समुदाय गढ़ने की कोशिशें 150 बरसों से सफल नहीं हो पाईं, लेकिन आज के दौर में वह प्रवृत्ति फिर तेज होती दिख रही है। जब दूसरों को मारने की पुकार को सही ठहराया जा रहा था, तब हिमांशी नरवाल का बयान उम्मीद की किरण बनकर सामने आया। अफसोस की बात रही कि सभी की सुरक्षा की बात कहने के बावजूद उनके बयान को सर्वसम्मति से सराहा नहीं गया। लेकिन, जिस देश में आक्रोश से भरी आवाजें हमें उन अंधेरे बरसों की याद दिलाती हैं, जो देश को विभाजन तक ले गईं, वहां साल के आखिर में हिमांशी की बातों को याद किया जाना चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और 'नरेंद्र मोदी: द मैन, द टाइम्स' नाम की किताब लिखी है)*

---

### कांटे की बात



*अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी के मुखिया*

### AI की दुनिया

## लिखना भूले, टाइप करना छूटा... अब वॉइस चैट का दौर

*लिखने और टाइप करने की आदत कम होती जा रही है। अब लोग मैसेज लिखने के बजाय वॉइस नोट भेजना ज्यादा आसान मानते हैं। यही वजह है कि दुनिया भर में हर दिन 7 अरब से ज्यादा वॉइस मैसेज भेजे जा रहे हैं।*


AI Image

**अरबों का व्यापार**

**नेक्स्ट मूव** स्ट्रैटिजी कंसल्टिंग की स्टडी के मुताबिक, AI चैटबॉट्स से खासकर युवाओं में वॉइस नोट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। 50% से ज्यादा युवा हर हफ्ते वॉइस नोट भेजते हैं। इस बदलती आदत ने वॉइस AI को टेक्नॉलजी की अगली बड़ी लहर बना दिया है। स्मार्ट ईयरबड्स और वॉइस असिस्टेंट्स वाला AI वॉइस मार्केट तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 2030 तक 34 अरब डॉलर का हो सकता है।

**भारत में असर**

**भारत में** यह बदलाव और तेजी से आने की उम्मीद है। देश में 80 करोड़ से ज्यादा वट्सऐप यूजर्स हैं। अगर वॉइस AI हिंदी, तमिल, बंगाली जैसी भाषाओं में बेहतर तरीके से काम करने लगे, तो आम लोगों के बीच और जल्दी पैठ बना लेगा। तब किसान अपनी फसल के दाम पूछ सकेंगे और छात्र परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए तकनीक बहुत मददगार होगी।

-प्रदीप तिवारी


### जनता जंक्शन — इरफान




---

## पुरानी चीज़ों के बाज़ार की यूं बदली तक़दीर

### अवधनामा


कृष्ण प्रताप सिंह


AI Image

**उर्दू के मशहूर शायर शौक बहराइची (1884-1964)** का एक बहुत प्रसिद्ध शे'र है : *अब हुस्नफरोशी के लिए मिस्र के बदले, भारत में है नक्खास का बाजार रजिस्टर्ड।* इस शे'र में उन्होंने जो 'चिंता' जताई है, कम से कम इस एक मायने में उसके साथ हुआ जा सकता है कि मुगलों की हुकूमत के उत्तरार्ध में, जब उनका इकबाल खत्म होने लगा, अवध सूबे के लखनऊ, फैजाबाद और इलाहाबाद जैसे शहरों में नक्खास नाम से विकसित मुहल्ले तवायफों की गुजर-बसर के केंद्र के रूप में पहचाने जाने लगे। समय के साथ वे अपने कोठों पर कुलीन वर्ग के धनी-मानी महानुभावों के दिल बहलाने के लिए उनके मनोरंजन से जुड़े काम करने लगीं। शुरू में यह मनोरंजन नृत्य-संगीत व शायरी आदि की शालीन महफिलों तक ही सीमित था, लेकिन बाद में गिरावट आई तो उसमें हुस्नफरोशी भी शामिल हो गई।

नक्खास (या नख्खास) अरबी मूल से आया शब्द है, जो पुराने वक्त में घोड़ों और दासों वगैरह की खरीद-फरोख्त की साप्ताहिक मंडियों व बाजारों के लिए प्रयुक्त किया जाता था। इन बाजारों में कबाड़ में बदल चुकी ऐसी नई-पुरानी टूटी-फूटी चीजें भी बिका करती थीं, जिनका किसी न किसी रूप में उपयोग बचा हुआ था। वर्ष 1775 में सूबे के नवाब आसफउद्दौला फैजाबाद से अपनी राजधानी लखनऊ ले गए तो वहां का बदहाल नक्खास इन टूटी-फूटी चीजों के बाजार के रूप में ही जाना जाता था। लेकिन राजधानी बनने के बाद नक्खास का मुकद्दर भी बदल गया।

इस बदलाव के वाहक थे सूबे के दीवान राजा टिकैत राय, जिन्होंने पहले तो नक्खास को घोड़ों की खरीद-फरोख्त के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया, फिर उसे नायाब चीजों की उपलब्धता का सूबे का सबसे खास बाजार बनाने में लग गए। 19वीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेज कैप्टन जॉन बेली रेजिडेंट बनकर लखनऊ आए तो टिकैत राय ने इस काम में और तेजी ला दी। उनकी कोशिशों से जल्दी ही नक्खास में हर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जाने लगा। वक्त की नब्ज पर हाथ रखने वाले शहर के रईस भी इन साहबों से मेल-जोल रखने में फायदा देख इस बाजार में आने लगे।

लेकिन आगे चलकर बुरा दौर आया तो नवाब वाजिद अली शाह (1847-1856) के वक्त तक नक्खास तवायफों का गढ़ बनकर रह गया। हालांकि तब भी वह कला, संगीत और संस्कृति का बड़ा केंद्र हुआ करता था। क्योंकि तवायफें वहां केवल मनोरंजन ही नहीं करती थीं, वे शास्त्रीय संगीत और नृत्य की पारंपरिक शैलियों को जीवित रखने और विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम भी थीं।

---

## यहां SIR ने बढ़ाई BJP की भी धड़कनें

पूनम पाण्डे

**पश्चिम बंगाल** में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बाद चुनाव आयोग ने जो ड्राफ्ट जारी किया है, उसमें करीब 58 लाख नाम डिलीट किए गए हैं। इनमें मतुआ समुदाय के करीब 2 लाख लोग हैं। यही बात BJP की धड़कनें बढ़ा रही है।



### कन्फ्यूजन और डर

चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक लोगों से ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर आपत्ति मांगी है ताकि जहां सुधार करना हो, किया जा सके। असल में, पश्चिम बंगाल में मतुआ समुदाय CAA और SIR के बीच अटका दिख रहा है। BJP ने पिछले चुनावों में भी मतुआ समुदाय को अपनी तरफ आकर्षित करने की कोशिश की थी। CAA के जरिए भी वह समुदाय के बीच अपना आधार बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

**विशुद्ध राजनीति — कसौटी**

मतुआ समाज के करीब 2 लाख लोगों के नाम कटना इसलिए अहम है क्योंकि BJP आदिवासी और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदाय के लोगों पर शुरू से फोकस कर रही है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी मतुआ समुदाय से पार्टी को उम्मीदें हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 1.84 करोड़ है। इसमें 50% मतुआ समुदाय के लोग हैं। ये बांग्लादेश से आए नामशूद्र हिंदू हैं। कुछ दिनों पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने एक संबोधन में कहा था कि 'मैं मतुआ और नामशूद्र परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि हम उनकी सेवा करेंगे। वे पश्चिम बंगाल में TMC की दया पर नहीं हैं। उन्हें CAA की वजह से भारत में सम्मान से रहने का अधिकार है, जिसे हमारी सरकार लाई है।' BJP ने पश्चिम बंगाल में कई केंद्र भी खोले हैं, जिनके जरिये मतुआ समुदाय के लोगों को नागरिकता के लिए अप्लाई कराया जा रहा है।

BJP सूत्रों का कहना है कि इनमें से कइयों को TMC ने बरगलाया कि CAA के लिए अप्लाई करने की जरूरत नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि ज्यादातर लोग जिन्होंने अप्लाई नहीं किया, वे TMC के ही समर्थक हैं और हम अपने समर्थकों से CAA के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करवा रहे हैं। मगर सवाल यह है कि कब CAA के तहत उन्हें नागरिकता मिलेगी और कब उनका नाम वोटर लिस्ट में आएगा। अभी तो वोटर लिस्ट में सुधार के लिए 15 जनवरी तक का ही वक्त दिया गया है। मतुआ समुदाय के लोगों में इसे लेकर कन्फ्यूजन है और वे डरे हुए भी हैं।

मतुआ संप्रदाय की शुरुआत 1860 में अविभाजित बंगाल में समाज सुधारक हरिचंद ठाकुर ने की थी। संप्रदाय के लोग उन्हें भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं और श्री हरिचंद ठाकुर कहते हैं। भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद हरिचंद ठाकुर का परिवार पश्चिम बंगाल आ गया। फिर संप्रदाय का जिम्मा हरिचंद ठाकुर के पड़पोते प्रमथ रंजन ठाकुर ने संभाला। उनकी पत्नी वीणापाणि देवी को मतुआ माता या बोरो मां कहा जाने लगा। बोरो मां का मतलब है बड़ी मां। बोरो मां ने बांग्लादेश से आए नामशूद्र शरणार्थियों के लिए बांग्लादेश के बॉर्डर पर ठाकुरगंज नाम से एक बस्ती बसाई। नामशूद्र समाज के लोग भी मतुआ संप्रदाय को मानते हैं।

### 10 सीटों पर अहम

2011 की जनगणना के मुताबिक, नामशूद्र समाज के लोगों की संख्या राज्य में 17% है। नामशूद्र के अलावा दूसरे दलित समाज के लोग भी मतुआ संप्रदाय से जुड़े हैं। ऐसे में अनुसूचित जाति का बड़ा वोट हासिल करने के लिए मतुआ संप्रदाय अहम है। पश्चिम बंगाल की करीब 10 लोकसभा सीटों में इस संप्रदाय के लोग जीत-हार तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

---

## अपने आपको बदलने के लिए दूसरों का इंतज़ार मत कीजिए

ब्रह्मा कुमारी शिवानी

जैसे-जैसे आपके भीतर की दुनिया बदलती है, आसपास शांति, स्थिरता और शक्ति का वातावरण बनने लगता है। हर नए साल बदलने की प्रेरणा हमारे भीतर उपजती है। मानो एक कोमल-सी उम्मीद कानों में कहती है, 'इस बार मैं बदलूंगा। आने वाले 12 महीनों में मेरी जिंदगी अलग होगी।' पूरे मन से हम अपने संकल्प लिखते हैं - अधिक शांत, स्वस्थ, खुश और संतुष्ट रहना है। कुछ हफ्तों तक हमारी नीयत मजबूत रहती है। फिर न जाने कैसे जीवन अपनी पुरानी लय में लौट आता है और हमारे सबसे मजबूत संकल्प भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाते हैं।

ऐसा इसलिए नहीं होता कि हमारे भीतर इच्छाशक्ति की कमी है। ऐसा इसलिए होता है कि हम हालात के सुधरने का इंतजार करते हैं। हम लोगों के बदलने की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन यह सच्चाई याद रखनी होगी कि हम दुनिया को सीधे नहीं बदल सकते। कल्पना कीजिए कि आप कल सुबह जागते हैं और अपने घर, परिवार, काम और जीवन से संतुष्ट महसूस करते हैं। दूसरों को भीतर से किसी प्रतिरोध के बिना स्वीकार करते हैं, और जहां जरूरत हो वहां समझदारी और करुणा के साथ कदम उठाते हैं। परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, फिर भी आपके भीतर शांति और स्थिरता बनी रहती है।

**THE SPEAKING TREE**
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

दुनिया कहीं बाहर नहीं है। वह आपके भीतर से शुरू होती है। जब आप अपनी जन्मजात अच्छाई को व्यक्त करते हैं, तो आपकी दुनिया बदलती है। जब आप प्रेम से किसी को सशक्त बनाते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप सही के लिए खड़े होते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप अपने अतीत से शांति स्थापित करते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप क्षमा करते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जैसे-जैसे आपका आंतरिक संसार रूपांतरित होता है, आप स्वाभाविक रूप से अपने आसपास के लोगों के लिए शांति, स्थिरता और शक्ति का स्रोत बन जाते हैं।

नए साल के लिए एक ही संकल्प लें, 'मैं दुनिया को 24 घंटे देने से पहले, अपने मन को 30 मिनट देता/देती हूं।' आपका मन आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उसे रोज सिर्फ 30 मिनट दीजिए और देखिए कि जीवन के प्रति आपकी प्रतिक्रियाएं कितनी शांत, समझदार और आनंदमय हो जाती हैं।

### रीडर्स मेल

## नस्लवादी सोच

**29 दिसंबर** का संपादकीय 'नया कानून चाहिए' पढ़ा। त्रिपुरा के एंजेल चकमा की देहरादून में हुई हत्या हमारे समाज में गहराई तक जमी नस्लवादी सोच का भयानक उदाहरण है। पूर्वोत्तर के नागरिकों को बार-बार अपनी भारतीयता साबित करनी पड़े, यह लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए शर्मनाक है। सख्त नस्लवाद-विरोधी कानून, संवेदनशील पुलिस व्यवस्था और सामाजिक जागरूकता जरूरी है, ताकि किसी और एंजेल को अपनी पहचान की कीमत जान देकर न चुकानी पड़े।

**प्रतिमा गोयल**, ईमेल से

## फटाफट खबरें

### UP बोर्ड: 8033 केंद्रों पर होगी परीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं प्रदेश भर के 8033 केंद्रों पर होंगी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के मुताबिक 24 दिसंबर को परिषदीय केंद्र निर्धारण समिति की बैठक में अनुमोदन के बाद केंद्र निर्धारित किए गए हैं। केंद्रों की सूची बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in और सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपलोड कर दी गई है।

### निकाह के 58वें दिन ही युवती की मौत, FIR

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: निकाह के 58वें ही दिन जैदपुर के मोहल्ला मौलवी कटरा निवासी इस्लाम की पत्नी मारिया (19) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उत्तर टोला बंकी निवासी मो.वसीम के अनुसार बेटी का निकाह 10 नवंबर को इस्लाम के साथ हुआ था। सूचना पर मौके पर पहुंचने तो शव बेड पर मिला और गले में चोट के साथ ही कसाव के निशान थे। हत्या के आरोप में पति समेत पांच पर केस दर्ज हुआ है।

### IIT कानपुर में बीटेक स्टूडेंट ने लगाई फांसी

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: आईआईटी कानपुर से बीटेक कर रहे स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। कल्याणपुर सर्कल के एसीपी ने बताया कि कमरे में मिली नोटबुक में छात्र ने सिर्फ 'सॉरी एवरीवन' लिखा था। छानबीन में सामने आया है कि अकादमिक और करियर के तनाव में जय ने हॉल-2 के कमरा नंबर-148 में पहले हाथ की नस काटने की कोशिश की थी। इसके बाद कंबल का एक हिस्सा काटकर फंदे से झूल गया। अजमेर निवासी जय सिंह मीणा ने जुलाई-2020 में आईआईटी में दाखिला लिया था। सूत्रों के अनुसार बीटेक कोर्स 4 साल की अवधि में पूरा हो जाता है, लेकिन जय का अंडरग्रेजुएट कोर्स पूरा नहीं हो पाया था।

### अंगीठी जलाकर सोए सिपाही की मौत

■ NBT न्यूज, वाराणसी: आजमगढ़ के कोलाघाट इलाके में सिपाही रजीत मौर्य की दम घुटने से मौत हो गई। बलिया निवासी रजीत आजमगढ़ में ट्रैफिक सिपाही के रूप में तैनात था। बताया जा रहा है कि रविवार की रात ड्यूटी के बाद कमरे पर लौटा रजीत ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो गया था। सोमवार सुबह देर तक नहीं उठने पर आसपास के लोगों ने आवाज लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवारीजनों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### संत रविदास मंदिर में आग, बचाए गए श्रद्धालु

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सीर गोवर्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में सोमवार की सुबह आग लगने से खलबली मच गई। मंदिर के पिछले कमरे में आग लगने के दौरान परिसर में सौ से अधिक 100 श्रद्धालु मौजूद थे। सूचना मिलते ही लंका पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के साथ ही लपटों पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ और मंदिर का मुख्य हिस्सा भी पूरी तरह सुरक्षित है। एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार ने बताया कि आग कमरे तक ही सीमित रही। जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है।

### निकाह में फिजूलखर्च, कई रस्मों पर रोक

■ भाषा, मथुरा: मुस्लिम समुदाय की एक पंचायत ने शादी समारोह में फिजूलखर्च और गैरजरूरी रस्मों पर रोक का फरमान जारी किया है। अनदेखी पर 11 हजार रुपये जुर्माना लगाने के साथ ही सामाजिक बहिष्कार की बात कही गई है। कोसी कला कस्बे में ईदगाह समिति के अध्यक्ष मोइनुद्दीन और उपाध्यक्ष हाजी सादिक की मौजूदगी में शुक्रवार को पंचायत में यह फैसला लिया गया। इसमें कहा गया कि निकाह सिर्फ मस्जिदों में होगा और वलीमा होटल या दूसरी जगहों पर हो सकता है।

### बहराइच में एक और भेड़िया मारा गया

■ NBT न्यूज, बहराइच: कैसरगंज तहसील में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों में एक और को वन विभाग की टीम ने मार गिराया है। डीएफओ राम सिंह यादव ने बताया कि बिरजा पकड़िया गांव में ग्रामीणों की सूचना पर टीम पहुंची थी। काफी कोशिश के बावजूद पकड़ में नहीं आने पर उसे मार दिया गया। इसके साथ ही अब कुल सात भेड़िए मारे जा चुके हैं।

### 'छिपाने से भयावह हो रहा कुष्ठ रोग'



■ NBT न्यूज, बाराबंकी: कुष्ठ रोग के लक्षण सामने आने पर लोग सामाजिक रूप से बहिष्कृत होने के डर से छिपाते हैं। इससे संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान मुश्किल होने के साथ ही हालात बिगड़ रहे हैं। दि लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इंडिया परिसर में सोमवार को राज्य कुष्ठ अधिकारी जया देहलवी ने रिकॉन्स्ट्रेक्टिव सर्जरी थियेटर का उद्घाटन करते हुए कही। यह राज्य का तीसरा थियेटर होगा, जहां कुष्ठ रोग से आई अपंगता की सर्जरी होगी। न्यू इंडिया इंश्योरेंस ने सीएसआर फंड से इसका निर्माण करवाया है। इस मौके पर न्यू इंडिया इंश्योरेंस के डिप्टी जीएम गुरइंदर सिंह, अधीक्षक टेम्पोथे मैक्सिमस दलीप बर्मन मौजूद रहे।

# मंदिरों में आस्था का सैलाब, काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे 4 लाख श्रद्धालु



वाराणसी में श्रद्धालुओं की जबर्दस्त भीड़ उमड़ने के साथ ही होटल और गेस्ट हाउस फुल हो चुके हैं।

■ NBT न्यूज, वाराणसी/अयोध्या/मथुरा: 2025 को गुडबाय कहने और 2026 के स्वागत के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु देश के कई धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर और मथुरा, वृंदावन में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद सभी धार्मिकस्थलों पर भीड़ के चलते होटल, लॉज, धर्मशालाओं तक में जगह नहीं बची है। माना जा रहा है कि साल के आखिरी दिन से लेकर नए साल के चार-पांच दिन तक भीड़ और बढ़ेगी।

बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन की ललक से नए साल से पहले ही काशी में भीड़ चरम पर है। धाम के चार गेटों से भक्तों को प्रवेश दिए जाने और स्पर्श दर्शन पर रोक के बावजूद 2 किलोमीटर लंबी कतारें लगी तो खत्म नहीं हुईं। सोमवार की शाम तक तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालु दरबार में हाजिरी लगा चुके थे।

### 5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील



वृंदावन में होटल-गेस्ट हाउस पहले ही फुल हो चुके हैं। बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचने के लिए दो-दो किमी तक लाइन लग रही है। ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर मैनेजमेंट ने 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं से वृंदावन न आने की अपील की है।

### रोज अयोध्या आ रहे 70-80 हजार भक्त



सोमवार को राम मंदिर में दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। रोजाना 70-80 हजार के करीब श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। मंदिर में सुगम और वीवीआईपी दर्शन पास के सभी स्लॉट पहली जनवरी तक के बुक हैं। इन लाइन पास की बुकिंग 12 जनवरी तक फुल हो चुकी है।

विधायक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में CM बोले

# 'UP के सभी मंडलों में बनेंगे स्पोर्ट्स कॉलेज'



सीएम योगी ने कुश्ती और कबड्डी का फाइनल मुकाबला देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: यूपी के सभी मंडल मुख्यालयों पर सरकार स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की तैयारी कर रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया भी चल रही है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत आयोजित विधायक खेल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में कही। सीएम ने बताया कि सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनैशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। रीजनल स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये से नवोद्धार हो रहा है। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी स्टेडियम बन रहा है। वहीं, मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का सत्र प्रारंभ हो चुका है।

सीएम ने विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अपनी आगामी योजना भी साझा की। कहा कि अगली बार बच्चों और छात्रों के स्तर के साथ ही वॉर्ड स्तर पर कामकाजी और रिटायर्ड लोगों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं होंगी। वॉर्ड स्तर, फिर कुछ वॉर्डों को मिलाकर उपनगरीय और फिर नगर स्तर पर बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। बच्चों-छात्रों की प्रतियोगिताएं बालक व बालिका वर्ग में तीन स्तर (बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा) पर होंगी।

खेलकूद के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवा खेलेगा तो देश खिलेगा और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता यहीं से प्रारंभ होगा। कहा कि पिछले 11 वर्ष के अंदर देश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को लेकर भारी परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स के लिए पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की एक नई मांग खड़ी हो चुकी है और इसी को ध्यान में रख करके सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत कर रही है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 'संवेदनशीलता के साथ हो समस्याओं का निराकरण'

जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ तेजी से समाधान करवाया जाए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि समस्या का समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण होना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनते हुए समाधान के निर्देश दिए। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्तगत करते हुए जल्द से जल्द समाधान के निर्देश दिए। वहीं, जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके साथ ही गोरक्षपीठाधीश्वर और सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकमंगल की कामना संग साल के अंतिम सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया।

### IIT कानपुर को ₹100 करोड़ देंगे पूर्व स्टूडेंट्स

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: 2000 बैच के पास आउट पूर्व स्टूडेंट्स ने आईआईटी कानपुर को 100 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। देश के किसी भी एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में पूर्व स्टूडेंट्स की तरफ से दी गई यह सबसे बड़ी रकम है। इस रकम से कैंपस में मिलेनियम स्कूल ऑफ टेक्नॉलजी ऐंड सोसाइटी' की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है। सिल्वर जुबली मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व स्टूडेंट्स में शामिल इनमोबी के संस्थापक नवीन तिवारी ने कहा कि आईआईटी कानपुर ने हमें सिर्फ एक डिग्री नहीं दी, बल्कि बड़े सपने देखने, प्रश्न करने और उद्देश्य के साथ निर्माण करने का साहस दिया है। डायरेक्टर प्रो. मणींद्र अग्रवाल के अनुसार यह योगदान संस्थान और पूर्व स्टूडेंट्स के बीच अटूट संबंध का प्रमाण है।

### अनुमान के आधार पर कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं: HC

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

**याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा- रिवैल्युएशन का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी विद्यार्थी को लगता है कि पुनर्मूल्यांकन से अंक बढ़ सकते हैं, तो महज इस अनुमान के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं करवाया जा सकता। साथ ही कोर्ट ने कहा कि यूपी इंटरमीडिएट एजुकेशन ऐक्ट 1921 में पुनर्मूल्यांकन का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। ऐसे में मांग को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

याचिकाकर्ता फैज कमर ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त अंकों से असंतुष्ट होकर हिंदी और जीवविज्ञान की उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए आवेदन किया था। उत्तर पुस्तिकाएं देखने के बाद अधिक अंक मिलने की उम्मीद के साथ बोर्ड के क्षेत्रीय सचिव के समक्ष पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रस्तुति दी। जिसे यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया गया था कि पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है। इस आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय रण विजय सिंह व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य का उल्लेख करते हुए कहा कि पुनर्मूल्यांकन केवल तभी संभव है, जब कानून या नियम इसकी अनुमति देते हों। और जहां ऐसा प्रावधान मौजूद न हो, वहां न्यायालय केवल दुर्लभ और असाधारण परिस्थितियों में ही हस्तक्षेप कर सकता है। यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

### अयोध्या: ₹2.5 करोड़ से तैयार भगवान श्रीराम का चित्र स्थापित



■ NBT न्यूज, अयोध्या: कर्नाटक में तंजावुर शैली पर निर्मित श्रीरामलला के 2 डी चित्र का सोमवार को अनावरण हुआ। बेंगलुरु के मूर्तिकार जयश्री फणीश ने बताया कि हीरों और अन्य रत्नों से जड़ित सोने-चांदी का चित्र तैयार करने में 9 माह लगे। इसके तैयार पर करीब ढाई करोड़ खर्च हुए हैं। अनावरण के दौरान श्रीराम जन्म भूमि तीर्थक्षेत्र के न्यासी गण उडुपी पेजावर मठाधीश स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ महाराज, निर्मोही अखाड़े के महंत दिनेंद्र दास तथा मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय मौजूद रहे।

**पांच दिवसीय पाठ शुरू:** राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव में सोमवार से पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरित मानस पाठ शुरू हो गया। इसमें श्रद्धालुओं को भी पाठ की अनुमति दी गई है। संयोजक प्रेम प्रकाश मिश्र के अनुसार संकल्प कार्यक्रम में डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल, डॉ. चंद्र गोपाल मौजूद रहे। अंगद टीला पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला 2 जनवरी तक चलेगी।

### स्कूल में कुत्ते ने काटा तो शिक्षक करवाएंगे इलाज

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: स्कूल परिसर में किसी को आवारा कुत्ते के काटने पर शिक्षक इंजेक्शन लगवाने के साथ ही इलाज करवाएंगे। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने सभी नगर व ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर आदेश जारी किया है। परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूल में एक-एक शिक्षक को नामित करते हुए नाम, फोटो व मोबाइल नंबर स्कूल परिसर व गेट पर चस्पा किया जाएगा।

**बंद व एकल स्कूलों में तैनात होंगे दो शिक्षक:** बेसिक के स्कूलों में जल्द से जल्द दो शिक्षकों की तैनाती होगी। इसके लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से ब्योरा मांगा गया है। डीएम की अध्यक्षता की समिति जल्द ही शिक्षकों के समायोजन का आदेश जारी करेगी।

### बेटियों के डांस से नाराज शख्स ने साले को मार डाला

■ NBT न्यूज, मेरठ: लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बर्थ-डे पार्टी में बेटियों के डांस करने से नाराज शख्स ने चाकू से हमला कर साले की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार रविवार को सलीम के साढ़ू गुलेर चौक निवासी चांद की बेटी गुलफशा का बर्थ-डे था। इसमें सलीम भी पत्नी नरगिस और दो बेटियों के साथ गया था। साला यूनुस भी बच्चों के साथ पहुंचा था।

पार्टी के दौरान सभी लोग डांस कर रहे थे। हालांकि, सलीम को बेटियों का नाचना अच्छा नहीं लगा और बीच पार्टी से ही उन्हें लेकर घर लौट गया। कुछ देर बाद पत्नी के घर पहुंचने पर नाराजगी जताते हुए पीटना शुरू कर दिया। जानकारी पर साला यूनुस और चांद के बेटे सलीम को लेकर समझाने पहुंचा। कहासुनी बढ़ने पर सलीम ने यूनुस के सीने में चाकू मार दिया था। विरोध करने पर नौशाद पर भी चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर जुटे लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां यूनुस की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### कुत्ते को मारकर घसीटा, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, मेरठ: कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पड़ोसी के पालतू कुत्ते को मारकर कर शव सड़क पर घसीटने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला कि कंकरखेड़ा निवासी इकरामुद्दीन के छोटे बेटे को पड़ोसी मुईलीन के कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद बड़े बेटे चांद ने मुईलीन के पालतू कुत्ते को मारने के बाद रस्सी से बांधकर शव सड़क पर घसीटा था।

SPOTLIGHT

## वंचितों की मदद को बढ़े हाथ





### कंबल बांटकर ठंड से दिलाई राहत

**गरीबों और वंचितों के लिए कड़कड़ाती ठंड का सामना करना बहुत कठिन होता है। ऐसे में समाजसेवियों का एक सहानुभूतिपूर्ण कदम उनकी परेशानियों को काफी कम कर सकता है। इसी विचार के साथ, 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' ने हाल ही में 'अनुग्रह' अभियान की शुरुआत की, जिससे शहर के कमजोर वर्गों को ठंड से राहत मिली।**

Vijai Pant
Response.UP
@timesofindia.com

जैसे-जैसे मुरादाबाद में घने कोहरे ने डेरा डाला और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को अपनी चपेट में लिया, 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' द्वारा आयोजित कंबल वितरण अभियान 'अनुग्रह' एक समयोचित राहत बनकर सामने आया। जिज्ञासा



जिज्ञासा अस्पताल, मुरादाबाद के एमडी डॉ. सी.पी. सिंह ने वंचितों को कंबल वितरित किए।

अस्पताल, मुरादाबाद के मुख्य सहयोग और ट्राइब इन 24 (सीएंडआरएस होटल एंड रिसॉर्ट, मुरादाबाद) के सह-प्रायोजक के रूप में समर्थन के साथ, इस पहल ने न केवल मौसम की कठिन जरूरत को पूरा किया, बल्कि लोगों को सांत्वना और राहत भी प्रदान की। यह अभियान शहर के दो प्रमुख स्थानों—लालबाग स्थित काली माता मंदिर और सिविल लाइंस स्थित मनोकामना मंदिर में चलाया गया। जिज्ञासा अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. सी.पी. सिंह ने कहा, "दो अलग-अलग स्थानों (जिनके बीच लगभग 4-5 किमी की दूरी थी) को चुनने का उद्देश्य अपनी पहुंच बढ़ाना और अधिकतम लोगों को लाभान्वित करना था।" कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ से पहले ही, आयोजन के पोस्टर लगते देख चर्चा तेजी से फैल गई और लोग व्यवस्थित कतारों में जुटने लगे। डॉ. सी.पी. सिंह ने साझा किया, "हर सर्दी में हम देखते हैं कि कैसे वंचित वर्ग उन परिस्थितियों से जूझता है जिन्हें हम सामान्य मान लेते हैं। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा का एक पहलू बीमारियों से बचाव भी है, और लोगों को भीषण ठंड से बचाना उसी जिम्मेदारी का हिस्सा है। जब संस्थान एक साझा उद्देश्य के लिए साथ आते हैं, तो प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।" इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. सीमा सिंह और डॉ. यशवीर सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे। लोगों के चेहरों पर राहत और कृतज्ञता के भाव इस तरह की पहलों के महत्व को दर्शा रहे थे। यह कंबल वितरण न केवल शारीरिक गर्माहट दे रहा था, बल्कि लाभार्थियों को सम्मान और अपनेपन का अहसास भी करा रहा था। कृतज्ञता का यह भाव प्राप्तकर्ताओं के चेहरों पर स्पष्ट था। एक मध्यम आयु वर्ग की महिला शांति देवी ने बताया, "बचाव का कोई साधन न होने के कारण यह ठंड हमारे लिए बेरहम साबित हो रही थी। आज मुझे और मेरी बेटी को जो कंबल मिले हैं, वे हमें इन सर्द रातों को काटने में मदद करेंगे।"

ट्राइब इन 24 (सीएंडआरएस होटल एंड रिसॉर्ट, मुरादाबाद) के निदेशक सुमित अग्रवाल ने इस सामूहिक प्रयास पर बात करते हुए कहा, "गर्माहट कोई विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए। हमें ऐसे अभियान का हिस्सा बनकर खुशी हुई जो सीधे लोगों के जीवन को छूता है। यह हमें याद दिलाता है कि व्यवसायों की भूमिका केवल व्यापार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी है।"








## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

**क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (लखनऊ मेट्रो)**
द्वितीय तल, बड़ौदा हाउस, बी-23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010,
फोन: 0522-6677838, मो0-7565008656, ई मेल - sarluc@bankofbaroda.co.in

**रिडेम्पसन नोटिस**

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना।

| क्र. सं. | ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता | चल/अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि/कब्जे की तिथि कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | कब्जा सूचना के प्रकाशन की तिथि (अचल संपत्ति हेतु) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणकर्ता: मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, पता: प्लॉट संख्या-जी-13, इण्डस्ट्रियल एरिया, एग्रो पार्क फेज-II, ग्राम: गुग्गौर, तहसील: फतेहपुर, जिला: बाराबंकी- 225305 निदेशक: श्री मोहित पोद्दार एवं श्री आदित्य पोद्दार, दोनों पुत्रगण सुनील पोद्दार, निवासी 18/525, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 | 1. सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जो कि लीज होल्ड प्लॉट संख्या जी-13 पर निर्मित है स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया एग्रो पार्क, फेज-II, ग्राम गुग्गौर, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी। क्षेत्रफल: 626.56 वर्ग मीटर। मालिक: मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड। चौहद्दी: पूर्व: प्लॉट संख्या जी-12; पश्चिम: प्लॉट संख्या जी-14; उत्तर: 18 मीटर चौड़ी सड़क संख्या 20; दक्षिण: प्लॉट संख्या एफ-13 2. प्लांट एवं मशीनरी जो फैक्ट्री में प्लॉट सं.-13 पर स्थित भूमि एवं भवन पर स्थित है, जो इंडस्ट्रियल एरिया एग्रो पार्क, फेज- II, ग्राम गुग्गौर, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी में मेसर्स एएमडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। | 25.07.2024 / 21.12.2024 भौतिक | 24.12.2024 |
| 2 | ऋणकर्ता: श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व० राम रतन एवं श्रीमती मधु देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार, दोनों निवासी मकान संख्या 4/329, रजनी खंड, शारदा नगर, लखनऊ- 226012 | संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित आवासीय मकान संख्या 4/329, रजनी खंड, शारदा नगर, लखनऊ। क्षेत्रफल: 30.00 वर्ग मीटर। मालिक: श्रीमती मधु देवी पत्नी मुकेश कुमार एवं श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व० राम रतन। चौहद्दी: पूर्व: मकान संख्या 4/328; पश्चिम: मकान संख्या 4/330; उत्तर: मकान संख्या 4/306; दक्षिण: 4.50 मीटर चौड़ी सड़क। | 08.11.2019 / 04.03.2020 सांकेतिक | 08.03.2020 |
| 3 | ऋणकर्ता: मेसर्स रेखा एसोसिएट्स प्रो0 श्रीमती निकिता अग्रवाल पत्नी नीरज अग्रवाल, निवासी (i) एचडी-47, सेक्टर-I, जानकीपुरम योजना, लखनऊ-226021, (ii) मकान सं. 632/पी027 के017 केनरवील एन्क्लेव, निकट वासुदेव डिग्री कॉलेज, चिनहट, लखनऊ-226028 जमानतकर्ता: 1. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री सुरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी 109/5जी, पोस्ट ऑफिस के पास, मॉडल हाउस, लखनऊ-226001 एवं 2. कुमारी दीपा सिंह पुत्री श्री किशन सिंह निवासी बी-119, राजीव नगर, कल्याणपुर, विकास नगर, लखनऊ-226022 | मकान का सभी भाग एवं खण्ड स्थित प्लॉट संख्या-27 एवं 28, खसरा संख्या-17 के भाग पर स्थित केनरवील एन्क्लेव (विमल नगर) कमता, वार्ड इस्माइलगंज, लखनऊ। क्षेत्रफल: 924.66 वर्ग फिट। मालिक: श्रीमती निकिता अग्रवाल, पत्नी श्री नीरज अग्रवाल। चौहद्दी: पूर्व: अन्य लोगों के मकान; पश्चिम: 18 फीट चौड़ी सड़क; उत्तर: प्रशांत श्रीवास्तव व अन्य लोगों का मकान; दक्षिण: जानवीर रजा का मकान संख्या-29 | 21.08.2024 / 03.12.2024 सांकेतिक | 04.12.2024 |
| 4 | ऋणकर्ता: श्रीमती शहनाज़ खान पत्नी श्री परवेज़ आलम खान एवं श्री परवेज़ आलम खान पुत्र मो0 मुस्तफा खान निवासी 7बी/88 वृन्दावन योजना, वृन्दावन कॉलोनी, लखनऊ-226025 | (1) संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित मकान सं. 7बी/225 ईडब्ल्यूएस सेक्टर-7बी, वृन्दावन योजना-2 वार्ड इब्राहिमपुर, लखनऊ। क्षेत्रफल: 25.01 वर्ग मी0। मालिक: श्रीमती शहनाज़ खान पत्नी श्री परवेज़ आलम खान। चौहद्दी: पूरब: 6 मी0 चौड़ी रोड, पश्चिम: मकान सं. 7बी/216, उत्तर: मकान सं. 7बी/226, दक्षिण: मकान सं. 7बी/224 | 24.05.2022 / 03.09.2022 भौतिक | 09.09.2022 |
| | | (2) संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड निहित मकान सं. 7बी/226 ईडब्ल्यूएस सेक्टर-7बी वृन्दावन योजना-2 वार्ड इब्राहिमपुर, लखनऊ। क्षेत्रफल: 25.01 वर्ग मी0। मालिक: श्रीमती शहनाज़ खान पत्नी श्री परवेज़ आलम खान। चौहद्दी : पूरब: 6 मी0 चौड़ी रोड, पश्चिम: मकान सं. 7बी/215, उत्तर: मकान सं. 7बी/227, दक्षिण: मकान सं. 7बी/225 नोट: दोनों सम्पत्तियां मिलाकर 50.02 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की है। वर्तमान में संयुक्त चौहद्दी इस प्रकार है: पूर्व: 6.00 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम: अन्य सम्पत्तियां, उत्तर: मकान सं.- 7बी/227, दक्षिण: मकान सं.- 7बी/224 | 24.05.2022 / 03.09.2022 भौतिक | 09.09.2022 |
| 5 | ऋणकर्ता: श्री वसीम अहमद खान पुत्र श्री सलीम अहमद खान एवं श्रीमती मेहताब बानो पत्नी श्री वसीम अहमद खान दोनों निवासी मकान संख्या 418, ए-ब्लॉक, आजाद नगर, कैंपवेल रोड, बालागंज, लखनऊ-226003 | आवासीय मकान सं. एम-5/225, आम्रपाली योजना, हरदोई रोड, लखनऊ का सभी भाग एवं खण्ड। क्षेत्रफल: 40.74 वर्ग मी0। मालिक: श्री वसीम अहमद खान पुत्र श्री सलीम अहमद खान एवं श्रीमती मेहताब बानो पत्नी श्री वसीम अहमद खान। चौहद्दी: पूर्व: मकान सं. एम-5/236; पश्चिम: 6 मीटर चौड़ी रोड; उत्तर: मकान सं. एम-5/226; दक्षिण: मकान सं. एम-5/224 | 27.08.2024 / 27.12.2024 सांकेतिक | 01.01.2025 |

जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने सुरक्षित ऋणदाता बैंक होने के नाते SARFAESI अधिनियम 2002 (जिसे आगे "अधिनियम" के रूप में संदर्भित किया गया है) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (जिसे आगे "नियम" के रूप में संदर्भित किया गया है) के नियम 3 के साथ पठित, आपको ऋणकर्ता/बंधककर्ता/जमानतकर्ता के रूप में मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें उक्त नोटिस की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतः प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया जाएगा) का कब्जा ले लिया है।
सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने कब्जा सूचना में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, आपका ध्यान SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
अतः, आप सभी से अनुरोध है कि इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर, लागू ब्याज, लागत, शुल्क और व्यय सहित कब्जा सूचना में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और उपरोक्त उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाएं। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को छुड़ाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

दिनांक: 29.12.2025, स्थान: लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## फटाफट खबरें

### तुर्किये: 6 आतंकी, 3 पुलिस अधिकारी मरे

■ एपी, अंकारा: तुर्किये के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हुई मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट के छह आतंकवादियों और पुलिस के तीन अधिकारियों की मौत हो गई। मुठभेड़ में पुलिस के आठ अन्य अधिकारी और एक गार्ड घायल हुआ है।

### इंडोनेशिया में लगी आग, 16 की मौत

■ एपी, मनाडो: इंडोनेशिया के एक वृद्धाश्रम में रविवार शाम आग लगने से 16 बुजुर्गों की मौत हो गई। 15 लोग सुरक्षित बच गए हैं, जो मनाडो के दो अस्पतालों उपचाराधीन हैं। दमकल के छह वाहनों को आग बुझाने में दो घंटे से अधिक का समय लगा।

### मैक्सिको में ट्रेन डिरेल, 13 की मौत

■ आईएएनएस, मैक्सिको सिटी: दक्षिणी मैक्सिको में निजांडा के पास एक पुल पर 241 यात्रियों और नौ क्रू मेंबर को ले जा रही पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 98 अन्य घायल हो गए। पांच की हालत गंभीर है।

### टीएचए में बांटी तलवार, 10 अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : दिल्ली के नदनगरी में हिन्दू रक्षा दल की ओर से रविवार को तलवार वितरण कार्यक्रम के बाद अब सोमवार को शालीमार गार्डन में तलवारें बांटी गईं। पुलिस ने 16 लोगों को नामजद करते हुए 25 से 30 के खिलाफ केस दर्ज किया है। दस से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

## पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे: शाह

■ पीटीआई, बोरदुवा (असम) : केंद्र सरकार न केवल असम, बल्कि पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेगी। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान, बतद्रवा थान की 227 करोड़ रुपये की लागत वाली पुनर्विकास परियोजना का शुभारंभ अवसर पर एक रैली में कही।



गृह मंत्री बोले, कांग्रेस बांग्लादेशी घुसपैठियों को मानती है वोटबैंक

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस असम के लोगों, उनकी संस्कृति, भूमि और पहचान के लिए खतरा पैदा करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मान रही है।


## महाराष्ट्र: चुनाव में अजित-शरद पवार का गठबंधन



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने रविवार को पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम चुनाव के लिए अपनी नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) और NCP (शरदचंद्र पवार) गुट के बीच गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए 'घड़ी' और 'तुतारी' एकसाथ आ गए हैं। पिंपरी-चिंचवड़ में एक चुनावी सभा को अजित पवार ने कहा कि दोनों गुटों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

## उन्नाव रेप केस में सेंगर की ज़मानत पर SC की रोक, जेल से रिहा नहीं होगा

# POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी, तय करेगा SC



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड किया गया था। वह जेल से बाहर नहीं आएगा। कोर्ट ने POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा को लेकर जरूरी कानूनी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि अगर ड्यूटी के दौरान एक कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी को लोक सेवक माना जाता है, तो एक निर्वाचित विधायक को इससे बाहर रखना गंभीर विचार का विषय है।

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें 2017 के उन्नाव रेप मामले में बीजेपी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सेंगर को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा।

जस्टिस जे.के. महेश्वरी ने सवाल उठाया कि हाई कोर्ट के सजा निलंबन आदेश में यह स्पष्ट रूप से क्यों नहीं देखा गया कि सेंगर IPC की धारा 376(2)(1) के तहत दोषी है या नहीं। अब इस मामले में आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी, जहां यह तय होगा कि POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी और ऐसे मामलों में सजा निलंबन के मानदंड क्या होने चाहिए। अदालत ने आगे कहा कि पीड़िता को अलग से विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर करने का वैधानिक अधिकार है और इसके लिए उसे इस कोर्ट से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। अगर उसे विधिक सहायता की आवश्यकता हो, तो सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमिटी उसे फ्री कानूनी मदद दी जाएगी। पीड़िता स्वयं के अधिवक्ता के माध्यम से भी अपील दायर कर सकती है।

शीर्ष अदालत में दायर अपनी अपील में CBI ने एल.के. आडवाणी मामले में दिए गए अपने फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि सांसदों या विधायकों जैसे सार्वजनिक पद धारण करने वाले किसी भी व्यक्ति को लोक सेवक माना जाएगा। CBI ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट ने यह घोषित करके गलती की कि अपराध के समय विधायक रहे सेंगर को POCSO अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए पब्लिक सर्वेंट नहीं माना जा सकता और उन्हें जमानत दे दी।

## सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के अंश

■ **CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता:** यह एक बच्ची के साथ हुए रेप का अत्यंत भयावह मामला है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 376 और POCSO एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत आरोप तय किए गए थे। दोषसिद्धि दो आधारों पर हुई है। एक स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किया गया है कि बच्ची की उम्र 16 वर्ष से कम थी और वह 15 वर्ष 10 महीने की थी। इस दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पेंडिंग है।

■ **जस्टिस जे.के. महेश्वरी:** धारा 376 पर विचार किया जा चुका है।

■ **SG:** धारा 376 के दो भाग हैं। उसे बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराया गया है, जो धारा 375 के अंतर्गत आता है। इसके बाद वह स्थिति आती है जहां अपराध करने वाला व्यक्ति प्रभुत्वशाली स्थिति में होता है। ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा 20 वर्ष का कारावास है, जो आजीवन कारावास (ताउम्र यानी जब तक जीवन है) तक बढ़ाई जा सकती है।

■ **CJI सूर्यकांत:** आप कह रहे हैं कि यह धारा 376(2)(1) के अंतर्गत आता है। मान लीजिए कि पीड़िता नाबालिग न भी हो, तब भी धारा 376 के तहत न्यूनतम सजा लागू होगी?

■ **SG:** अब इसमें संशोधन हो चुका है, जिसमें न्यूनतम सजा 20 वर्ष निर्धारित की गई है। धारा 376 के तहत चाहे (1) हो या (2) दोनों में आजीवन कारावास का प्रावधान है। इसमें 20 वर्ष की सजा या बायोलॉजिकल लाइफ की आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

■ **CJI:** क्या आप यह कह रहे हैं कि अगर पीड़िता नाबालिग हो, तो 'लोक सेवक' की अवधारणा अप्रासंगिक हो जाती है?

■ **SG:** हां। दरअसल, यह मामला पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट से जुड़ा है, जो अपने आप में एक स्वतंत्र अपराध है और जिसकी सजा का प्रावधान धारा 4 में किया गया है। संशोधन के बाद कुछ विशेष परिस्थितियों में इसे गंभीर (एग्रेवेटेड) अपराध माना गया है। ये वे स्थितियां हैं, जहां आरोपी पीड़ित पर प्रभुत्वशाली स्थिति में होता है। उदाहरण के तौर पर, अगर ड्यूटी के दौरान कोई कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी ऐसा कृत्य करता है तो वह "गंभीर यौन उत्पीड़न" का दोषी होगा। इस धारा में 'लोक सेवक' की परिभाषा अलग से नहीं दी गई है, बल्कि इसे आईपीसी से लिया गया है। बाद के संशोधन केवल सजा बढ़ाते हैं, नया अपराध नहीं बनाते, इसलिए अनुच्छेद 20 का उल्लंघन नहीं होता।



File

■ **CJI:** तो आपका कहना है कि लोक सेवक वह व्यक्ति है जो उस समय प्रभुत्वशाली स्थिति में हो। यानी आप यह तर्क दे रहे हैं कि जब कोई व्यक्ति किसी सहायता के लिए किसी विधायक के पास आता है, तो उस समय किया गया ऐसा कृत्य प्रभुत्वशाली स्थिति में किया गया माना जाएगा और ऐसा कोई भी कृत्य 'गंभीर अपराध' होगा। यही आपका तर्क है।

■ **SG:** तर्क के लिए ही सही हम यह मान लें कि वह धारा 5 के तहत लोक सेवक नहीं है। तब भी वह धारा 3 के अंतर्गत आएगा। संशोधन ने कोई नया अपराध नहीं बनाया है, बल्कि केवल सजा को कठोर किया है।

**CJI सूर्यकांत:** नोटिस जारी किया जाए। हमने CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता और दोषी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सुना है। हमें प्रतीत होता है कि इस मामले में कई महत्वपूर्ण लीगल सवाल खड़े होते हैं। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। हम इस तथ्य से अवगत हैं कि जब किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो इस न्यायालय द्वारा ऐसे आदेशों पर संबंधित व्यक्ति को सुने बिना रोक नहीं लगाई जाती। लेकिन इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए- जहां दोषी एक अलग अपराध में भी दोषसिद्ध है, हम दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश के संचालन पर रोक लगाते हैं। ऐसे में प्रतिवादी (सेंगर) को उक्त आदेश के आधार पर रिहा नहीं किया जाएगा।

■ **CJI:** यह मामला लीगल सवाल उठा रहा है और जिन हाईकोर्ट के जजों ने यह आदेश पारित किया है, वे अत्यंत उत्कृष्ट जज हैं। लेकिन हम सभी से त्रुटियां हो सकती हैं। POCSO के तहत 'लोक सेवक' की इस परिभाषा को देखना होगा। हमें यह चिंता है कि अगर एक कॉन्स्टेबल को इस अधिनियम के तहत लोक सेवक माना जाए, तो एक विधायक को इससे बाहर कर दिया जाए?

■ **सेंगर की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ दवे, एन. हरिहरन:** CBI की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि POCSO अधिनियम के तहत गंभीर अपराध के लिए किसी विधायक को लोक सेवक नहीं माना जा सकता। उनका तर्क था कि कोई भी दंड विधि तब तक किसी अन्य कानून से परिभाषा नहीं ले सकती, जब तक कानून में ऐसा स्पष्ट रूप से न कहा गया हो और IPC में लोक सेवक की अपनी अलग व्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल के दौरान जो आरोप तय किए गए और जिनका उत्तर दिया गया, वे IPC की धारा 376(1) के अंतर्गत थे। क्या यह मीडिया ट्रायल है? हाई कोर्ट के जजों की तस्वीरें प्रसारित की जा रही हैं।

## दुश्मन पर नज़र रखने, अटैक की क्षमता बढ़ाने की है तैयारी

### 79 हज़ार करोड़ के खरीदे जाएंगे हथियार



पिनाका सिस्टम के लिए ज्यादा रेंज वाले रॉकेट की खरीद को मंजूरी।

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : लंबी दूरी से ही दुश्मन पर नजर रखने से लेकर अटैक की क्षमता बढ़ाने की तैयारी है। रक्षा अधिग्रहण समिति (DAC) ने आर्मी, नेवी, एयरफोर्स के लिए कई उपकरण और हथियारों की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों की कुल लागत करीब 79 हजार करोड़ रुपये है।

### आर्मी के लिए क्या किया मंज़ूर

**लॉइटर म्युनिशन और सिस्टम:** DAC ने इंडियन आर्मी के लिए लॉइटर म्युनिशन और सिस्टम की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी है। हाई वेल्यू टारगेट पर सटीक हमला करने के लिए लॉइटर म्युनिशन अहम है। जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना बनाया गया था और कोलेटरल डैमेज के बिना ही सटीक स्ट्राइक की थी, इसी तरह की स्ट्राइक के लिए लॉइटर म्युनिशन की जरूरत है।

**पिनाका के लिए लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट:** पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए ज्यादा रेंज वाले गाइडेड रॉकेट की खरीद की जरूरत को भी मंजूरी दी गई है। अभी इसकी क्षमता 75 किलोमीटर तक है। लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट मिलेंगे, जिससे मारक क्षमता 120 किलोमीटर तक हो जाएगी।

**लो लेवल हल्के रेडार:** आर्मी के लिए लो-लेवल हल्के रेडार की खरीद की जरूरत को भी मंजूरी मिली। यूएवी और ड्रोन को डिटेक्ट करने के लिए खास तौर पर बने हैं।

**इंटिग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (IDDIS) मार्क-II :** आर्मी के पास अभी IDDIS मार्क-1 है। अब मार्क-2 की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई है। ये काउंटर ड्रोन क्षमता को मजबूत करेगा। इसमें हाई पावर लेजर वेपन सिस्टम होता है। दुश्मन के कैमर इसे जाम नहीं कर पाएंगे और ये हर तरह के ड्रोन की पहचान कर बता सकेगा कि ये दोस्त है या दुश्मन।

### नेवी होगी और मजबूत

नेवी के लिए बोलार्ड पुल (BP) टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक और हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज (HALE) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (RPAS) को लीज पर लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज वाले RPAS से हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार खुफिया जानकारी और समुद्री क्षेत्र की प्रभावी निगरानी मजबूत होगी।

### एयरफोर्स को ये मिलेगा

एयरफोर्स के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ और लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र Mk-II मिसाइल, फुल मिशन सिम्युलेटर और SPICE-1000 लंबी दूरी के गाइडेंस किट की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी है। इस किट से डम्ब बॉम्ब यानी अनगाइडेड एम्युनिशन को प्रिसीजन गाइडेड एम्युनिशन में तब्दील किया जा सकेगा।

## कोर्ट के फैसले से पीड़िता खुश

### 'सेंगर को मिले फांसी की सज़ा'

■ आईएएनएस, नई दिल्ली : पीड़ित परिवार ने सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर खुशी जताई है। पीड़िता ने कहा, 'मैं कोर्ट के फैसले से बहुत खुश हूं। सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिला और पूरा भरोसा है कि आगे भी मिलता रहेगा। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और यह सुनिश्चित करूंगी कि उसे फांसी की सजा मिले तभी हमारे परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। मैं उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मुझे न्याय दिलाने में मदद की। मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी होगी।' पीड़िता की मां ने भी कहा कि मैं इस फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहती हूं। सुप्रीम कोर्ट ने मेरे साथ न्याय किया है। मुझे कोर्ट पर भरोसा था इसलिए कहती थी कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

**'अब हमें राहत मिली'**

पीड़िता की मां ने कहा कि हम हाई कोर्ट पर कोई इल्जाम नहीं लगा रहे। लेकिन उन्होंने मेरा भरोसा तोड़ा और हमारे साथ अन्याय किया। जब मुझे इंसाफ नहीं मिला, तब हम धिक्कार। मेरे बच्चे सड़कों पर आ गए लेकिन अब राहत मिली है। सरकार जो फैसला करेगी अच्छा ही करेगी।

**'कोर्ट का धन्यवाद'**

पीड़िता के वकील हेमंत कुमार मौर्य ने कहा, 'मैं SC को धन्यवाद देना चाहता हूं। कोर्ट ने कहा कि किसी भी हालत में सेंगर को जेल से निकलने नहीं दिया जा सकता। पीड़ित परिवार को अब भी धमकी मिल रही है, लेकिन उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है।'

### सेंगर की बेटी बोली- थकी हुई, डरी हूं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कुलदीप सिंह सेंगर की बेटी इशिता सेंगर ने पोस्ट लिखा। उन्होंने खुद को "थकी हुई, डरी हुई और धीरे-धीरे भरोसा खोती हुई" बताया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, इशिता ने लिखा कि वह एक बेटी के रूप में यह पोस्ट लिख रही हैं, जो अब भी उम्मीद थामे हुए हैं, क्योंकि उनके पास कोई और रास्ता नहीं बचा। उन्होंने सोशल मीडिया पर मिलने वाली धमकियों का भी जिक्र किया और कहा कि वर्षों तक उन्हें रेप और जान से मारने की धमकियां मिलीं।

# अरावली की परिभाषा क्या? कमिटी बनाने के निर्देश

*सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी एक्सपर्ट कमिटी उन क्षेत्रों की पहचान करेगी, जिन्हें अरावली क्षेत्र से बाहर किया जा सकता है*

*इसका भी आकलन करेगी कि इन इलाकों को अरावली की परिभाषा से बाहर करने पर पर्यावरण को नुकसान तो नहीं होगा*

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने अरावली से जुड़ा 20 नवंबर का अपना फैसला वापस ले लिया। इस फैसले के तहत कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा को स्वीकार किया था। ये परिभाषा केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति ने इस साल अक्टूबर में विश्व की सबसे पुरानी पर्वत प्रणाली की रक्षा के लिए दी थी। इन्हें सुप्रीम कोर्ट से स्वीकार करने के बाद विरोध शुरू हो गए थे।

परिभाषा से कोई संरचनात्मक विरोध तो नहीं, देखेगी एक्सपर्ट कमिटी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार के फैसले में ये भी कहा कि यह जांचना जरूरी है कि अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा से कहीं कोई संरचनात्मक विरोधाभास तो पैदा नहीं हो गया है? और क्या इससे उलटे रूप में गैर अरावली क्षेत्रों का दायरा बढ़ गया है, जिससे अनियंत्रित खनन को बढ़ावा मिल सकता है?

**सुप्रीम कोर्ट ने क्यों दिया हाई पावर कमिटी का प्रस्ताव?**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति बनाने का प्रस्ताव रखा। कमिटी उन क्षेत्रों की पहचान करेगी, जिन्हें अरावली से बाहर किया जा सकता है, और यह भी जांचा जाएगा कि इससे पर्यावरण और उसकी प्राकृतिक मजबूती को नुकसान तो नहीं पहुंचेगा। अदालत ने इस मामले में नोटिस जारी किया और भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और वरिष्ठ अधिवक्ता पी.एस. परमेश्वर से अनुरोध किया कि वे कोर्ट की सहायता करें, विशेष रूप से प्रस्तावित समिति की संरचना के संबंध में राय मांगी है।

### पांच सवाल, जिन पर कोर्ट ने मांगी है एक्सपर्ट की राय?

1. क्या अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की वह परिभाषा, जो केवल दो या अधिक अरावली पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के क्षेत्र तक सीमित है, एक संरचनात्मक विरोधाभास पैदा करती है, जिससे संरक्षित क्षेत्र का भौगोलिक दायरा बहुत ज्यादा कम हो जाता है।
2. इसकी वजह से, क्या इस तरह के सीमित रेखांकन (डिमार्केशन) ने 'गैर-अरावली' क्षेत्रों के दायरे को उलटे रूप में बढ़ा दिया है, जिससे उन भू-भागों में अनियमित खनन और अन्य विघटनकारी गतिविधियों को जारी रखने में सुविधा मिलती है, जो पर्यावरण के लिए सेंसटिव हैं। लेकिन वे इसके तकनीकी रूप से इस परिभाषा के कारण बाहर रह जाते हैं?
3. अगर अरावली की पहाड़ियां 100 मीटर या उससे ज्यादा ऊंची हैं, लेकिन एक-दूसरे से 500 मीटर से ज्यादा दूर हैं, तो भी क्या वे मिलकर एक ही प्राकृतिक दायरा बनाती हैं? यदि हां, तो 'अरावली श्रेणी' के विस्तार को परिभाषित करने के लिए कौन-सी सटीक स्थानिक मानदंड अपनाए जाएं, ताकि पारिस्थितिक निरंतरता से कोई समझौता न हो।
4. क्या प्रचलित आलोचना कि राजस्थान में 12081 पहाड़ियों में से सिर्फ 1,048 ही 100 मीटर से ज्यादा ऊंची हैं। अगर ऐसा है, तो बाकी छोटी पहाड़ियां पर्यावरण संरक्षण से बाहर हो जाएंगी। इसलिए यह देखना जरूरी है कि यह दावा तथ्य और विज्ञान के आधार पर सही है या नहीं। सभी पहाड़ियों और टीलों की वैज्ञानिक जांच कर उनकी सही ऊंचाई मापी जानी चाहिए।
5. क्या इन कार्यवाहियों के दौरान कोई अन्य पूरक मुद्दे या प्रणालीगत कमजोरियां उभर सकती हैं, जिनके लिए इस अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो।

### कमिटी को और कौन से काम सौंपे?

- उन खास क्षेत्रों की एक लिस्ट, जो इस परिभाषा के दायरे में आते हैं।
- उन क्षेत्रों की विस्तृत पहचान, जिन्हें प्रस्तावित मानदंडों के अंतर्गत संरक्षण से बाहर रखा जाएगा।
- यह विश्लेषण कि नव-रेखांकित अरावली क्षेत्रों में 'सतत खनन' या 'विनियमित खनन, निगरानी के बावजूद, किसी प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव का कारण बनेगा या नहीं?
- उन क्षेत्रों का आकलन जो अब परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते, विशेष रूप से यह कि क्या ऐसे बहिष्करण से उनके लुप्त होने का जोखिम पैदा होता है, जिससे समग्र अरावली श्रेणी की पारिस्थितिक अखंडता प्रभावित हो सकती है।
- सिफारिश की गई परिभाषा और उससे संबद्ध निर्देशों के अमल से पर्यावरण पर पैदा हुए लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म प्रभावों की समय के साथ असर की जांच।

### कमिटी की सिफारिशें क्या थीं?

कमिटी ने सिफारिश की कि अरावली पहाड़ियों में उन चोटियों को शामिल किया जाए, जिनकी ऊंचाई सतह से कम से कम 100 मीटर अधिक हो। अगर दो या दो से अधिक ऐसी पहाड़ियां 500 मीटर के भीतर हों, तो उन्हें अरावली पर्वतमाला कहा जाएगा। इस परिभाषा में पहाड़ और आसपास की जुड़ी भू-आकृतियां शामिल होंगी। मतलब अरावली जिले की कोई भी ऊंची भू-आकृति, चाहे उसका ढलान जैसा भी हो, इस परिभाषा में आएगी।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा और आपके सभी काम भी बनते जाएंगे। काफी समय के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आज सलाहनीय टूर की बात भी हो सकती है। छोटे-मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। सायंकाल के समय किसी खास मेहमान का आपके घर आगमन हो सकता है।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul
आज किसी परिजन का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। उसी की चिंता में आपका आज का दिन व्यतीत होगा। किसी मित्र के लिए पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यकौशल की प्रशंसा होगी। आज घर पर किसी समारोह के लिए आपकी सलाह ली जाएगी। यदि सबकी सहमति हो, तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug
आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी, क्योंकि पिछले कारी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अधिकतर आपका पैसा नहीं छोड़ रहे हैं। नौकरी, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आप दूसरों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, इसलिए आज भी किसी की मदद करने में आप अपना दिन बिताएंगे। किसी विशेष काम के लिए भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी, जिसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप आज अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। कुछ के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही, कुछ आप अपने स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज अचानक मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अह तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े-झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत में किए गए पुण्यों का आज फायदा मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में ओछापन न करें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक आयोजनों में जाने का अवसर मिलेगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। यह बात भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिनभर प्राप्त होते रहेंगे। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिनभर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय के आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। संयम व सावधानी बरतें। आज के दिन विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज पैसे उधार न दें, वापिस नहीं मिलेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। जनवरी 2026 शेष में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। फरवरी में यह पास माध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। मार्च, अप्रैल, मई पूर्वार्ध शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जून से जुलाई तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों की बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। अगस्त-सितंबर में कुछ अनावश्यक प्रवासों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कार्यों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष अक्टूबर में अपने काम काज का विस्तार करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव नवंबर-दिसंबर तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 जनवरी से लेकर 30 जनवरी 2027 तक सभी स्थितियां सामान्य रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है अतः श्री सुंदरकांड पाठ एक नित्य रात्रि में 8 बजे के उपरांत शुद्ध घृत का दीपक जलाकर 40 दिन पर्यंत करें। शनिवार को सायंकाल पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बुधवार, 31 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 10, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, एकादशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 17, रजब 10, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 31 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। एकादशी तिथि क्षय। द्वादशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 48 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। कृत्तिका नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 30 मिनट तक उपरांत रोहिणी नक्षत्र का आरंभ। साध्य योग रात्रि 9 बजकर 13 मिनट तक उपरांत शुभ योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 3 बजकर 27 मिनट तक। चंद्रमा प्रातः 9 बजकर 23 मिनट तक मेष उपरांत अपनी उच्च राशि वृष पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-पुत्रदा एकादशी, वैकुण्ठ एकादशी का क्षय।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 6 |
| | | 9 | 8 | | 4 | 2 | | |
| | | 4 | 6 | | 7 | 3 | | |
| | 7 | | 1 | | 6 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 9 | | 5 | | 3 | | 7 | |
| | | 5 | 2 | | 1 | 7 | | |
| | | 6 | 4 | | 8 | 9 | | |
| 3 | | | | 5 | | | | 1 |

### TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 हड़बड़ गड़बड़
11:00 राज्य के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भदे
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
15:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 राज्य के रक्षक
21:00 पीरा

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 12-30-2025 00:19 Color:



मैं गौतम गंभीर को लेकर मीडिया में चल रही अटकलों के संबंध में एक चीज स्पष्ट करना चाहता हूं। BCCI सचिव ने भी साफ कर दिया है कि गंभीर को हटाने या भारत के लिए नया हेड कोच लाने की कोई योजना नहीं है। -राजीव शुक्ला, उपाध्यक्ष, BCCI

**7**

सेंचुरी लगाई शुभमन गिल ने भारत के लिए साल 2025 में। वह तीनों फॉर्मेट को मिलाकर इस साल जो रूट (7 सेंचुरी) के साथ सर्वाधिक सेंचुरी बनाने वाले प्लेयर हैं


## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत और श्रीलंका के बीच महिला टी20I सीरीज में सर्वाधिक रन किस बैटर ने बनाए हैं?
A) स्मृति मंधाना B) जेमिमा रोड्रिग्स C) शेफाली वर्मा D) चामरी अटापट्टू
2. शुभमन गिल ने साल 2025 में कितनी सेंचुरी लगाई हैं?
A) आठ B) दस C) पांच D) सात

**कल के जवाब**
1. B) 380 2. C) 1

**लकी WINNER**



1. शहनाज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
2. श्रीजा पहाड़े, लोअर परेल, मुंबई
3. रमा सेठी, वसंत कुंज, नई दिल्ली

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### नीरू ढांडा को गोल्ड

■ नई दिल्ली: एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ढांडा ने कर्णी सिंह रेंज में चल रही नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस ट्रैप इवेंट का गोल्ड मेडल जीता। 25 साल की नीरू ने फाइनल में 41 हिट के साथ खिताब जीता। नीरू को दिल्ली की कीर्ति गुप्ता से कड़ी टक्कर मिली जिन्होंने 40 सटीक निशानों के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।

### इंडिया ओपन 13 से

■ नई दिल्ली: BWF इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13 से 18 जनवरी तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट अब केडी जाधव हॉल के बजाय बड़े मंच पर होगा, जहां 8,000 से ज्यादा दर्शक बैठ सकेंगे। टिकट 400 रुपये से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। इस प्रतियोगिता में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग और एन से-यंग जैसे सितारे खेलेंगे।

### बीम्स बनी MI की कोच

■ मुंबई: डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 2026 विमिंस प्रीमियर लीग से पहले ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। बीम्स 2017 वनडे वर्ल्ड कप में तीसरी सबसे सफल गेंदबाज रही थीं।

### जगरीत ने जीता खिताब

■ नई दिल्ली: दिल्ली के 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित पहले शतरंज वेदा फिडे रैपिड रेटिंग टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। जगरीत ने 8.5 अंक जुटाए और 90 रेटिंग अंक हासिल किए।

भारतीय टेस्ट टीम के प्लेयर ध्रुव ने वनडे फॉर्मेट में भी दिखाई काबिलियत

# जुरेल चले, पंत का बल्ला नाकाम

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: आगामी टी20 वर्ल्ड कप की टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, हालांकि उनकी अगुआई में दिल्ली की टीम ने सौराष्ट्र को तीन विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। वहीं दूसरी ओर भारतीय टेस्ट टीम विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतक जड़ा, जबकि टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किए गए रिंकू सिंह ने भी आकर्षक पारी खेली।

**पूरा किया पहला शतक:** जुरेल ने राजकोट में हुए एलीट ग्रुप-बी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए बड़ौदा के खिलाफ महज 101 बॉल पर 160 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 15 फोर और 8 सिक्स शामिल थे। लिस्ट-ए क्रिकेट में जुरेल का यह पहला शतक है। यूपी के कप्तान रिंकू सिंह ने भी 63 रन की पारी खेली जिसमें तीन छक्के शामिल रहे। नंबर तीन पर उतरे जुरेल की जोरदार पारी की बदौलत यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में 369 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बड़ौदा की टीम ओपनर शाश्वत रावत (60 रन) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (82 रन, 77 बॉल, 10 फोर, 2 सिक्स) के प्रयासों के बावजूद 50 ओवरों में 315 रन ही बना सकी और यूपी ने 54 रनों से जीत दर्ज की।



**1** पहली सेंचुरी जड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने लिस्ट-ए क्रिकेट में। उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पांच शतक दर्ज हैं

**16** सेंचुरी लगीं विजय हजारे ट्रॉफी के तीसरे राउंड में जबकि सिर्फ तीन ही बोलर पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने में सफल रहे

ऋषभ पंत | ध्रुव जुरेल

**दिल्ली की जीत में चमके सैनी और प्रियांश:** अलूर में हुए ग्रुप-डी मैच में दिल्ली ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवदीप सैनी के ऑलराउंड खेल (34 रन*, 3/41 विकेट) से सौराष्ट्र को तीन विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने विश्वराज जाडेजा की सेंचुरी (115 रन, 104 बॉल, 13 फोर, 1 सिक्स) और रुचित अहीर की नाबाद 95 रनों की पारी से 50 ओवर्स में 320/7 का स्कोर खड़ा किया। सैनी ने दस ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में दिल्ली की टीम ने ओपनर प्रियांश आर्या (78 रन, 45 बॉल, 5 फोर, 6 सिक्स), तेजस्वी दहिया (53 रन), हर्ष त्यागी (49 रन) के अलावा अंत में सैनी की 29 बॉल में 34 रनों की नॉट आउट पारी के दम पर 48.5 ओवर्स में सात विकेट पर 321 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम के कप्तान पंत ने 26 गेंद पर 22 रन बनाए। उनकी इस छोटी पारी में दो छक्के आकर्षण का केंद्र रहे।

**विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26**

**हरियाणा ने गुजरात को हराया:** बेंगलुरु में खेले गए मैच में हरियाणा (49.4 ओवर्स में 299 रन) ने गुजरात (47.1 ओवर्स में 273 रन) को 26 रनों से हराया। हरियाणा के लिए ओपनर मयंक शांडिल्य ने 105 गेंदों पर सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली, जबकि हिमांशु राणा ने भी अर्धशतक लगाया। गुजरात की टीम जयमीत पटेल और विशाल जैसवाल की फिफ्टी के बावजूद लक्ष्य से दूर रह गया।

**शार्दुल ने दिलाई मुंबई को जीत:** जयपुर में हुए मैच में कप्तान शार्दुल ठाकुर (4/13) की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने ग्रुप-सी मैच में छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर पहले बोलिंग करते हुए मुंबई छत्तीसगढ़ को 38.1 ओवर्स में 142 रन पर आउट कर दिया। लेफ्ट आर्म स्पिनर शम्स मुलानी ने पांच विकेट झटके। अंगकृष रघुवंशी (68* रन) और सिद्धेश लाड (48* रन) की 102 रन की साझेदारी से मुंबई जीत गई।

### कोहली 6 जनवरी को फिर ऐक्शन में

नई दिल्ली: दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि दिग्गज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। BCCI के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज भी खेलेंगे।

## स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज



### ताज बचाने उतरेंगे गुकेश

भारतीय शतरंज के लिए साल 2025 एक ऐसा वर्ष रहा, जिसे ऐतिहासिक और चुनौतीपूर्ण दोनों कहा जा सकता है। एक ओर युवा सितारों ने विश्व स्तर पर भारत का दबदबा कायम रखा, वहीं मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के लिए यह साल बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। साल 2024 के अंत में सबसे कम उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाले गुकेश के लिए अगले साल अपना ताज बचाने की चुनौती होगी। गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में हमवतन प्रग्नानंद से टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब वह गोवा में आयोजित फिडे वर्ल्ड कप 2025 के तीसरे राउंड में ही हारकर बाहर हो गए।

**सबसे बड़ा सवाल?**

2026 में सबसे बड़ा सवाल होगा कि क्या गुकेश अपना सिंहासन बचा पाएंगे? वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद से खराब फॉर्म के बावजूद गुकेश ने यदा-कदा अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने नॉर्वे चेस में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल फॉर्मेट में पहली बार हराकर सनसनी फैला दी। इसके अलावा, यूरोपियन क्लब कप में व्यक्तिगत और टीम इवेंट में गोल्ड जीता। संभव है कि वह सही वक्त पर लय पकड़ लें और अगले दो साल तक अपना ताज बरकरार रखें।

### इनमें से कोई हो सकता है चैलेंजर

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शामिल आठ खिलाड़ियों के 2025 के प्रदर्शन को देखते हुए तीन खिलाड़ी जीत के प्रबल दावेदार होंगे। इनमें से कोई गुकेश को चैलेंज कर सकता है:



**1. आर प्रग्नानंदा** (भारत)
उन्होंने फिडे सर्किट 2025 जीतकर कैंडिडेट्स के लिए क्वॉलिफाई किया है। उन्होंने गुकेश को टाटा स्टील चेस में हराया और कई एलीट टूर्नामेंट्स में टॉप पर रहे।

**2. फैबियानो कारुआना** (अमेरिका)
दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी कारुआना को 'कैलकुलेशन मशीन' माना जाता है। उन्होंने फिडे सर्किट 2024 के विजेता के रूप में क्वॉलिफाई किया है।

**3. हिकारू नाकामुरा** (अमेरिका)
हिकारू वर्ल्ड नंबर-2 हैं। उन्हें ब्लिट्ज फॉर्मेट में महारत हासिल है, लेकिन उन्होंने क्लासिकल चेस में भी अपनी रेटिंग 2800 के ऊपर बनाए रखी है।

**7** खिताब जीते मैग्नस कार्लसन ने 2025 में और वह साल के सबसे सफल चेस प्लेयर रहे। वह चेस के तीनों फॉर्मेट्स में 2800+ रेटिंग के साथ नंबर-1 पोजिशन पर कायम रहे

**91** चेस ग्रैंडमास्टर हो गए हैं भारत में। साल 2025 में एलआर श्रीहरि, हरिकृष्णन ए रा, दिव्या देशमुख, एस रोहित कृष्णा, एआर इलमपार्थी, वीएस राहुल ने यह खिताब हासिल किया

### दिव्या के लिए एक और बड़ा मौका



2025 में दिव्या देशमुख फिडे विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय प्लेयर बनीं। दिव्या ने ढेर सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। वह 18 साल की उम्र में वर्ल्ड जूनियर चैंपियन बनीं, एशियन विमिंस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता, चेस ओलिंपियाड में भारतीय विमिंस टीम को 'टीम गोल्ड' दिलाने में अहम भूमिका निभाई और व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीता। अगर वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट-2026 को जीत लेती हैं, तो उनके पास मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देने और खिताब जीतने का मौका होगा।

**साल 2026 में चेस: सबसे बड़े इवेंट्स**

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| टाटा स्टील चेस | 16 जनवरी-1 फरवरी | नीदरलैंड्स |
| फिडे कैंडिडेट्स | 28 मार्च-16 अप्रैल | साइप्रस |
| विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट | 28 मार्च-16 अप्रैल | साइप्रस |
| चेस ओलिंपियाड | 15-28 सितंबर | उज्बेकिस्तान |
| वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप | नवंबर | अभी तय नहीं |

## MCG की 'असंतोषजनक' पिच को एक डिमेरिट अंक

■ एजेंसियां, दुबई: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मेलबर्न में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को सोमवार को 'असंतोषजनक' करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रेफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था।

ICC ने कहा,'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) की पिच असंतोषजनक थी जिसके लिए ICC पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत MCG पर 1 डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर किसी मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा,'MCG की पिच बोलर की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बैटर फिफ्टी भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और MCG पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।'

द एशेज



मैच रेफरी ने चौथे टेस्ट की पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया

### चोटिल एटकिंसन सिडनी टेस्ट मैच से हुए बाहर

सिडनी: इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं और वह हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण सिडनी में होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। एटकिंसन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे। सोमवार को उनका स्कैन कराया गया जिससे बाएं पैर में चोट का पता चला इसके बाद उन्हें औपचारिक तौर पर बाहर कर दिया गया। इंग्लैंड के स्टार पेसर मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर पहले ही चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

## टी20 के मैच में पहली बार 8 विकेट

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भूटान के स्पिनर सोनम येशे किसी भी तरह के टी20 मैच (घरेलू या अंतरराष्ट्रीय) में आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बाएं हाथ के स्पिनर सोनम ने बीते 26 दिसंबर को भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20I मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने सात रन देकर आठ विकेट लिए जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था। सोनम से पहले टी20I क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रेकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ आठ रन देकर सात विकेट लिए थे।

क्रिकेट कार्नेवल



भूटान के स्पिनर सोनम येशे

### ब्रेसवेल ने लिया संन्यास

नई दिल्ली: न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने अपने करियर के दौरान 2011 से 2023 तक 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20I मैच खेले। ब्रेसवेल ने कुल 74 टेस्ट विकेट के साथ रिटायरमेंट लिया है। अपने तीसरे ही टेस्ट में उन्होंने (6/40) होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराने में न्यूजीलैंड की मदद की थी, जिसमें उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

### अगस्टिना के गोल से जीते बंगाल टाइगर्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बंगाल टाइगर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग के अपने पहले मैच में जीत से शुरुआत की। उन्होंने सोमवार को लीग के दूसरे मैच में सूरमा हॉकी क्लब को 1-0 के मामूली अंतर से हराया। मैच का एकमात्र गोल बंगाल टाइगर्स के लिए अगस्टिना गोरजेलानी ने दागा।

हॉकी इंडिया लीग



अगस्टिना

## रोनाल्डो का 'मिशन-1000'



आप जानते हैं मेरा लक्ष्य क्या है। मैं और अधिक ट्रॉफी जीतना चाहता हूं और उस संख्या तक पहुंचना चाहता हूं जिसे आप सभी जानते हैं। - *क्रिस्टियानो रोनाल्डो, प्लेयर, पुर्तगाल*

■ एजेंसियां, दुबई: दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर के अंत तक 1,000 गोल करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। पुर्तगाल के इस 40 साल के दिग्गज खिलाड़ी को पूरा विश्वास है कि वह अगर फिट रहे तो इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उनके नाम शीर्ष स्तर के प्रोफेशनल फुटबॉल में 956 गोल हैं। रोनाल्डो को दुबई में आयोजित 'ग्लोब सॉकर अवार्ड्स' समारोह में मध्य पूर्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।


**किस हाफ में किए कितने गोल**

| 356 | 442 | 7 |
|---|---|---|
| पहला हाफ | दूसरा हाफ | एक्स्ट्रा टाइम |

**अलग-अलग क्लब के लिए रोनाल्डो के गोल**




**इंटरनैशनल फुटबॉल में सर्वाधिक गोल**




## कार्लसन ने अर्जुन से हार के बाद फिर खोया आपा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने मैग्नस कार्लसन को वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप के नौवें राउंड में मात देकर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। नौवें राउंड के अंत तक अर्जुन ने कुल 7.5 अंक जुटा लिए थे। वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को तीसरे राउंड में 12 साल के फिडे मास्टर सर्गेई स्लोबिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी से हार के बाद कार्लसन अपने गुस्से को काबू नहीं रख पाए और निराशा में टेबल पर मुक्का मारा। यह पहला मौका नहीं है जब कार्लसन अपनी निराशा को छुपाने में विफल रहे। इससे पहले उन्होंने रैपिड राउंड में भी एक हार के बाद कैमरा को धक्का दिया था। अर्जुन की यह जीत और खास इसलिए भी रही क्योंकि यह काली मोहरों से खेलते हुए आई।

वर्ल्ड रैपिड ऐंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप



अर्जुन एरिगैसी

## श्रीलंका पर क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

■ एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम: भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को होने वाले पांचवें और अंतिम टी20I मुकाबले में श्रीलंका को हराकर पांच मैचों की सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। यह सीरीज भारत के लिए इंग्लैंड में अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों का अहम पड़ाव है। श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे पर तीन-तीन टी20I मैच खेलेगी। स्मृति मंधाना की फॉर्म में वापसी भारत के लिए बड़ी राहत रही है। चौथे टी20I में मंधाना ने 80 रन बनाए थे, जबकि उनकी ओपनिंग पार्टनर 236 रन के साथ सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली प्लेयर हैं।

भारत Vs श्रीलंका
टी20I सीरीज, पांचवां मैच



स्मृति (दाएं) और शेफाली वर्मा

## THE ECONOMIC TIMES

### पीएम मोदी आज करेंगे 'बजट मंथन'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अर्थशास्त्रियों और जानकारों के साथ बैठक करेंगे। उम्मीद है कि वित्त मंत्री 1 फरवरी को साल 2026-27 का बजट पेश करेंगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं।

### चांदी 2.4 लाख के पार, सोने में गिरावट

■ पीटीआई, नई दिल्ली: व्यापारियों की भारी खरीदारी की वजह से चांदी की कीमत 3,650 रुपये की उछाल के साथ 2,40,000 रुपये (2.4 लाख) प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं, 99.9% शुद्धता वाला सोना 500 रुपये गिरकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

## औद्योगिक उत्पादन 2 साल में सबसे ज्यादा

### नवंबर में IIP ग्रोथ 6.7%, GST कटौती और मैन्युफैक्चरिंग में तेजी का असर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**औद्योगिक उत्पादन** की रफ्तार नवंबर के दौरान पिछले दो वर्षों में सबसे ज्यादा रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IIP) ग्रोथ सालभर पहले के नवंबर में 5% के मुकाबले इस बार 6.7% रही। GST घटाए जाने के बाद चीजों की बढ़ी डिमांड पूरी करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग में आई तेजी और मॉनसून सीजन के बाद खनन गतिविधि बढ़ने का इसमें बड़ा योगदान रहा।

मंत्रालय ने कहा, "मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 8% ग्रोथ के दम पर नवंबर में IIP 6.7% बढ़ा। इसमें बेसिक मेटल्स, फैब्रिकेटेड मेटल्स, फार्मास्यूटिकल्स और गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने का योगदान रहा। वहीं, मॉनसून सीजन के बाद 5.4% ग्रोथ के साथ माइनिंग सेक्टर में रिबाउंड आया।' IIP ग्रोथ का पिछला ऊंचा स्तर नवंबर 2023 का है, जब 11.9% बढ़त दर्ज की गई थी। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर तक IIP ग्रोथ 3.3% है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4.1% थी। क्रिसिल रेटिंग्स के सिर्नर हेड राजीव शरण ने कहा, 'नवंबर में अच्छी IIP ग्रोथ से कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में दमदार डिमांड का पता चल रहा है। तीसरी तिमाही में मजबूत GDP ग्रोथ के बाद इन आंकड़ों से इकॉनमी इस वित्त वर्ष में 7.3% GDP ग्रोथ हासिल करने की राह पर है।' वहीं, PHDCCI के CEO डॉ रंजीत मेहता ने कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग में अच्छी बढ़त से इंडस्ट्रियल मोमेंटम मजबूत होने का पता चल रहा है। इससे मीडियम टर्म में ओवरऑल इकनॉमिक परफॉर्मेंस को सपोर्ट मिलेगा।'

माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्शन में अच्छी बढ़त से उलट नवंबर में बिजली उत्पादन 1.5% घट गया, जो सालभर पहले इसी महीने में 4.4% बढ़ा था। कैपिटल गुड्स प्रोडक्शन सालभर पहले के 8.9% के मुकाबले 10% बढ़ा। वहीं, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का प्रोडक्शन सालभर पहले के 14.1% की तुलना में 10.3% बढ़ा। कंज्यूमर नॉन-ड्यूरेबल्स में 0.6% के मुकाबले 7.3% ग्रोथ रही।

AI image




**क्या कहते हैं आंकड़े**

- 8% : मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ग्रोथ
- 5.4% : माइनिंग सेक्टर में ग्रोथ
- 1.5% : बिजली उत्पादन घटा
- 7.3% : इस वित्त वर्ष के लिए अनुमानित GDP ग्रोथ

### गलत मार्केटिंग और मिस-सेलिंग पर RBI सख्त

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : रिजर्व बैंक ने बैंकों और फाइनैंस कंपनियों की मनमानी पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। अब ग्राहकों को गुमराह करके कोई भी स्कीम बेचना आसान नहीं होगा। इसके लिए आरबीआई विज्ञापन से लेकर बिक्री तक के लिए नए नियम जारी करेगा।



सोमवार को जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में आरबीआई ने कहा कि अगर कंपनियां ग्राहकों को गुमराह करके कोई सामान बेचती हैं, तो इसका बुरा असर न सिर्फ ग्राहकों पर, बल्कि पूरे आर्थिक सिस्टम पर पड़ता है। रिकवरी एजेंट की मनमानी और उनके बर्ताव को लेकर भी आरबीआई पुराने नियमों को बदलने की तैयारी में है। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए आरबीआई गृह मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## नए साल में निफ्टी रचेगा नया इतिहास?

### FIIs पर भारी देसी निवेशक, एक्सपर्ट बोले- बेहतर रहेगा शेयर बाजार

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : इस साल विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी टैरिफ, रुपये में कमजोरी और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे वैल्यूएशन के बीच रेकॉर्ड एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की, लेकिन रिटेल निवेशकों के SIP और डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स के साढ़े 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विशुद्ध लिवाली के दम पर बाजार लगातार दसवें साल बढ़त के साथ नए साल में कदम रखने जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले साल निफ्टी 31000 के पार जा सकता है।

इस साल 29 दिसंबर तक सेंसेक्स में 7.9% और निफ्टी 50 में 9.3% की बढ़त रही है। इस दौरान 1 दिसंबर को सेंसेक्स ने 86159 और निफ्टी ने 26326 अंकों का ऑल टाइम हाई भी बनाया। LGT वेल्थ इंडिया के CIO चक्री लोकप्रिय ने कहा, 'इनकम टैक्स, GST और इंटरेस्ट रेट में कमी के बीच कंपनियों की प्रॉफिट ग्रोथ कमजोर रहने और रुपये में गिरावट के चलते 2025 में मिलाजुला माहौल रहा। लार्ज कैप्स 9% और मिड कैप्स 4% ऊपर रहे, वहीं स्मॉल कैप्स में 9% गिरावट रही। ऑटो, बैंक और मेटल्स अच्छे रहे। IT स्टॉक्स का प्रदर्शन कमजोर रहा।'

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के सिर्नर हेड विनोद नायर ने कहा, 'प्राइवेट कैपेक्स में रिकवरी, कम महंगाई, संभावित रेट कट, अर्निंग साइकल में सुधार और ग्लोबल रिस्क घटने के चलते दिसंबर 2026 तक निफ्टी 29150 तक जा सकता है। यह करीब 12% की बढ़त होगी। सब कुछ अच्छा रहा तो यह 31130 भी छू सकता है।' वहीं, चक्री लोकप्रिय ने कहा, '2026 के लिए निफ्टी का हमारा टारगेट 28000-29000 का है।'


चॉइस ब्रोकिंग के VP (टेक्निकल रिसर्च एंड एल्गो) कुणाल वी परार ने कहा, 'निफ्टी के चढ़ने का ट्रेंड बने रहने की उम्मीद है। टेक्निकल लिहाज से मीडियम टर्म में निफ्टी 27275-28075 जोन में जा सकता है। नीचे की ओर 25400 पर अहम और मजबूत सपोर्ट है, जहां लॉन्ग टर्म इन्वेस्टर्स को खरीदारी के वैल्यू बेस्ड मौके मिल सकते हैं।'

AI image



**क्या कहते हैं आंकड़े**

| साल | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| 2021 | 22% | 24.1% |
| 2022 | 4.4% | 4.3% |
| 2023 | 18.7% | 20% |
| 2024 | 8.2% | 8.8% |
| 2025 | 7.9% | 9.3% |



## NBT AI टाइम मशीन

### आज ही दी गई थी सद्दाम हुसैन को फांसी

आज ही 2006 में इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दी गई थी। उन्हें 1982 के दुजैल नरसंहार में दोषी पाया गया था। यह इतिहास की सबसे चर्चित फांसियों में से है। राजनीतिक अहमियत, अमेरिका और अन्य देशों की भूमिका, फांसी का समय और तरीका, और ट्रायल की निष्पक्षता पर सवाल इसकी वजहें हैं। मानवाधिकार संगठनों ने विरोध किया। कुछ इसे न्याय मानते हैं, तो कुछ बदले की कार्रवाई कहते हैं।


NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। मंगलवार, 30 दिसंबर 2025> पेज 10

### सज़ा नहीं सुधार की होगी अहमियत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में मौत की सजा धीरे-धीरे खत्म होती जाएगी। मानवाधिकार सोच कहती है कि जीवन सबसे बड़ा अधिकार है। आधुनिक तकनीक जैसे DNA टेस्ट और AI से गलत सजा का खतरा कम होगा। इसलिए लोग फांसी की जगह सुधार और उम्रकैद को बेहतर मानेंगे। कई देश पहले ही मौत की सजा हटा चुके हैं। अगर कहीं यह रही भी, तो बहुत ही कम मामलों में ही इसे चुना जाएगा। 100 साल बाद फांसी शायद इतिहास बन जाएगी।



AI Images

# भड़का एंजेल के पिता का गुस्सा, बोले, मामूली बात कह नहीं की FIR

## एंजेल की मेडिकल रिपोर्ट में सिर, पीठ, रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटों का जिक्र

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**देहरादून में** त्रिपुरा के स्टूडेंट एंजेल चकमा की मौत पर उनके पिता तरुण प्रसाद चकमा ने कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि देहरादून के अस्पताल का स्टाफ लापरवाही में शामिल हो। ऑपरेशन के समय स्टाफ ने कहा था कि सर्जरी सफल रही, लेकिन बाद में इलाज ठीक से नहीं किया गया।

एंजेल के पिता ने कहा, 'पूर्वोत्तर से बच्चे पढ़ाई या काम के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों में जाते हैं। उनके साथ इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए। हम सभी भारतीय हैं। मैं नहीं चाहता कि जो मेरे बच्चे के साथ हुआ वह किसी और के साथ हो। मुझे रात में छोटे बेटे का फोन आया, जिसमें उसने हमले की जानकारी दी। मैं तुरंत छुट्टी लेकर देहरादून पहुंचा। उसकी पीठ में दो बार चाकू मारा गया था, जिससे उसका बायां हाथ और पैर काम नहीं कर रहे थे। उसके सिर से बहुत खून बह रहा था।' उन्होंने कहा कि बेटे FIR कराना चाहता था, लेकिन यह कहकर मना कर दिया गया कि मामला छोटा है। जब वह खुद पहुंचे, तब FIR दर्ज की गई। एंजेल की मेडिकल रिपोर्ट में सिर, पीठ, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क में गंभीर चोटें लगने की पुष्टि हुई है। शरीर के दाहिने हिस्से में लकवा भी मार गया था। घटना से जुड़े तीन CCTV भी फुटेज सामने आए हैं। इसमें कुछ युवक पहुंचते दिख रहे हैं और दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो जाती है। इसमें मारपीट का दृश्य कैद है। मौके पर भीड़ थी, लेकिन बीच-बचाव नहीं किया गया।




**एंजेल चकमा के लिए** इंसाफ की मांग के लिए त्रिपुरा में रविवार शाम लोगों ने एक कैंडल मार्च निकाला।

### उठाए सवाल

देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयानक अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। *-राहुल गांधी, विपक्ष के नेता, लोकसभा*

देहरादून में क्रूर नस्ली दुर्व्यवहार के बाद त्रिपुरा के छात्र की मौत 'दिल दहला देने वाली और अस्वीकार्य' है। *-हिमंत विश्व शर्मा, असम के मुख्यमंत्री*

### 'माउंट एवरेस्ट फतह करना चाहते थे एंजेल'



एंजेल के करीबी दोस्त अंकुर अबवाल ने उनके आखिरी दिनों, गंभीर चोटों, अंतिम बातचीत और अधूरे सपनों को याद करते हुए दर्दनाक बातें बताईं। एंजेल को सिर में असहनीय दर्द था। उसे ट्रेकिंग का बेहद शौक था और वह एवरेस्ट फतह करने का सपना देखता था। ट्रेकिंग के जूते ऑर्डर किए थे। साथ ट्रेकिंग पर जाने की बात कही थी।

### पुलिस ने कहा, नस्लीय हमला नहीं



उत्तराखंड पुलिस ने सोमवार को कहा कि अब तक की जांच में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, जिससे यह साबित हो कि एंजेल चकमा की हत्या नस्लीय हमले से प्रेरित थी। पुलिस ने यह भी साफ किया कि गिरफ्तार पांच आरोपियों में से एक आरोपी मणिपुर का रहने वाला है। नस्लीय टिप्पणी से जुड़े आरोप बेबुनियाद हैं।

### त्रिपुरा की पार्टी 10 लाख इनाम देगी



त्रिपुरा की क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने एंजेल चकमा हत्या मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये का कैश इनाम देने की सोमवार को घोषणा की। उत्तराखंड पुलिस ने गिरफ्तारी में जानकारी देने वाले को 25,000 इनाम देने की घोषणा की थी।

### एंजेल के पिता से की CM धामी ने बात



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एंजेल के पिता **तरुण प्रसाद चकमा** से फोन पर बात की। उन्होंने एंजेल की हत्या पर दुःख जाहिर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक आरोपी के नेपाल भागने की आशंका है। उसे भी गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। उत्तराखंड सरकार दोषियों को कड़ी सजा दिलाएगी।

## US में हादसा, दो भारतीयों की मौत

■ **आईएएनएस, हैदराबाद:** तेलंगाना की दो छात्राओं की अमेरिका में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी पहचान 25 वर्षीय पुलखंडम मेघना रानी और 24 वर्षीय कदियाला भावना के रूप में हुई है। दोनों वर्ष 2023 में कंप्यूटर में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए अमेरिका गई थीं और पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में थीं। हादसा कैलिफोर्निया में अलबामा हिल्स रोड पर रविवार शाम करीब 4 बजे हुआ, जब वे अपने दोस्तों के साथ घूमने गई थीं।

## जेलेंस्की से मिले ट्रंप, कहा- समझौते के बहुत करीब

■ **एपी, पाम बीच :** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि यूक्रेन और रूस शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब हैं।

ट्रंप ने फ्लोरिडा स्थित अपने रिजॉर्ट में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की मेजबानी करते हुए यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बातचीत जटिल है और इसके नाकाम होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे जिससे युद्ध वर्षों तक खिंच सकता है। ट्रंप ने ये बयान दोनों नेताओं की बातचीत के बाद दिए। ट्रंप ने कहा कि इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से उनकी फोन पर ढाई घंटे बहुत अच्छी बातचीत हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें लगता है कि पूतिन अब भी शांति चाहते हैं।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

**रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं**

1. अरावली पर्वतमाला इनमें से किस राज्य से होकर नहीं गुजरती?
A. राजस्थान B. गुजरात C. बिहार

2. INSV कौडिन्य ने किस देश की यात्रा शुरू की?
A. ओमान B. कुवैत C. रूस

3. रक्षा अधिग्रहण समिति ने तीनों सेनाओं के लिए कितने के हथियारों की खरीद को मंजूरी दी है?
A. 79 हजार करोड़ B. 59 लाख करोड़ C. 77 हजार करोड़

4. नवंबर में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन-IIP दो साल में सबसे ज्यादा है, यह कितना है?
A. 5% B. 6.7% C. 6.4%

5. क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम प्रोफेशनल फुटबॉल में अब तक कितने गोल दर्ज हैं?
A. 870 B. 1000 C. 956

**कल के जवाब**

A1 C. कालेन एक्स A2 B. INS कावेरी A3 B. स्मृति मंधाना A4 A. चीन A5 C. मनोज अग्रवाल

**लकी विनर्स**



1. विकास मलिक, नई दिल्ली
2. शीतल रोजवाल, नई दिल्ली
3. गौरव मिश्र, नोएडा

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## पाकिस्तान के बयान पर भारत ने किया पलटवार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने पाकिस्तान के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें भारत सरकार पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाया गया है।

> विदेश मंत्रालय ने कहा, पाक का रेकॉर्ड खुद खराब

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज कर कहा कि हम ऐसे देश की ओर से ऐसी टिप्पणी को खारिज करते हैं, जिसका इस संबंध में खुद का बेहद खराब रेकॉर्ड है। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान के भीतर विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों पर संस्थागत तौर पर सुनियोजित, भयावह शोषण और उत्पीड़न एक प्रमाणित तथ्य है। ऐसे में दूसरों पर कितनी भी उंगली उठा ली जाए, लेकिन इस सच को छुपाया नहीं जा सकता। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने सोमवार को भारत के खिलाफ जहर उगलने वाला एक बयान जारी किया था। पाकिस्तान की ओर से जारी इस प्रेस नोट में भारत में मुसलमानों के खिलाफ राज्य प्रायोजित हिंसा का आरोप लगाया गया था। इसमें आरोप लगाया कि क्रिसमस के दौरान भी हुड़दंग की घटनाएं देखने को मिली थीं।

## कौडिन्य की पहली समुद्री यात्रा शुरू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंडियन नेवी के पारंपरिक स्टिच्ड शिप (सिला हुआ जहाज) INSV कौडिन्य ने गुजरात के पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए पहली विदेश यात्रा शुरू की। इसका मकसद भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से समझने, जीवित रखने और उसे दुनिया को दिखाना है। जहाज को औपचारिक रूप से नेवी के वेस्टर्न नेवल कमांडर वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।








Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd.: Lucknow: • Chowk JPS BAJAJ 8429999037 • Ring Road JPS BAJAJ 8429999044 • Alambagh JPS BAJAJ 8429999051 • Bakshi Ka Talab JPS BAJAJ 8429999048 • Buddheshwar JPS BAJAJ 9839030306 • Purania JPS BAJAJ 7521003595 * Raebareli Road NAMDHARI BAJAJ 8572999902 • Indiranagar SRM Bajaj 9151085001 • Charbagh SRM Bajaj 9151085011 • Gomtinagar SRM Bajaj 9151085005.

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: vivek.kumar4 Time: 12-29-2025 22:05 Color:



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 12-30-2025 00:13 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 30 दिसंबर 2025 > पौष 9, शक संवत 1947, पौष शुक्ल दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 14 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.7 no.352



महाराष्ट्र: चुनाव में अजित-शरद पवार का गठबंधन ▸p8

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।


विजय हजारे ट्रॉफी में जुरेल का तूफानी शतक ▸p9



ट्रंप-ज़ेलेंस्की फ्लॉरिडा में मिले, कहा- 'पीस डील' 95% तैयार ▸▸ पेज 10



दुर्घटनाओं में मरने वालों में आधे पैदल, साइकल और दोपहिया सवार ▸▸ पेज 2



पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे : शाह ▸▸ पेज 8

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 2

## फटाफट खबरें



सीएम योगी ने गोरखपुर में सोमवार को विधायक खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ▸▸ पेज 7

### मिल गया दुलदुल, एक आरोपित अरेस्ट

पुलिस ने लखनऊ में कर्बला से चोरी हुए शिया समुदाय के धार्मिक घोड़े दुलदुल को बरामद कर आरोपित छोटू वर्मा को उन्नाव से गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपित फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। ▸▸विस्तृत खबर देखें : पेज 5

### येशे ने टी20 में लिए 8 विकेट

भूटान के स्पिनर सोनम येशे पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह कारनामा 26 दिसंबर को भूटान में म्यांमार के खिलाफ खेले गए मैच में कर दिखाया। उन्होंने चार ओवर में कुल सात रन ही दिए। ▸▸पेज 9

### आधार लिंक्ड तो पहले दिन प्राथमिकता

ऐसे यूजर जिनका आधार IRCTC की आईडी से लिंक नहीं है वे मंगलवार से सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। यह नियम केवल रिजर्व रेल टिकट बुकिंग खुलने के पहले दिन लागू होगा। बुकिंग ट्रेन की रवानगी के 60 दिन पहले खुलती है।

### इंडिगो की 118 फ्लाइटें रद्द हुईं

इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और परिचालन कारणों से 118 उड़ानें रद्द कर दीं। इंडिगो की वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक छह फ्लाइटें परिचालन कारणों से रद्द की गईं, जबकि बाकी विभिन्न हवाई अड्डों पर खराब मौसम और कोहरे के कारण रद्द की गईं।

### हैपी मॉर्निंग

टीचर: पक्षियों की नजर तेज होती है या मनुष्यों की?
टिंकू: पक्षियों की...
टीचर: वो कैसे?
टिंकू: क्योंकि उन्हें मैंने कभी चश्मा लगाए हुए नहीं देखा।

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,40,745
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,58,000

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,696.54 (-345.91) |
| निफ्टी | 25,942.10 (-100.20) |
| रु/यूएस डॉलर | 98.98(+0.12) |
| रु/यूरो | 105.95(+0.20) |

### मौसम

अधि.तापमान 17.1 डिग्री
न्यून.तापमान 10.1 डिग्री
सूर्यास्त मंगलवार 5:23 बजे
सूर्योदय बुधवार 6:55 बजे

## इंसाफ के लिए रोके फैसले, अब सुप्रीम कोर्ट तलाश रहा सवालों के जवाब

# उन्नाव रेप में दोषी सेंगर रहेगा कैद, बेल पर ब्रेक

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व BJP विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने साफ कहा कि सेंगर को हाई कोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश के आधार पर जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। कई अहम कानूनी सवाल उठे हैं जिन पर विचार आवश्यक है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने CBI की अर्जी पर सेंगर को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कहा, आमतौर पर जब कोई दोषी या विचाराधीन कैदी रिहा होता है, तो उसे सुने बिना ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगाते। यह केस अलग है, क्योंकि सेंगर पर एक अन्य मामले में भी दोषसिद्ध है और जेल में है।

**CBI ने दी है चुनौती, अब 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी**

सेंगर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और एन. हरिहरन ने हाई कोर्ट के आदेश को सही ठहराया और कहा कि POCSO की धारा 2(2) का हवाला नहीं दिया गया है और IPC में लोक सेवक की जो परिभाषा है, उसी के आधार पर सजा दी गई थी। CBI की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि घटना के समय लड़की 15 साल 10 महीने की थी। ऐसे में यह पेनेट्रेटिव सेक्सुअल ऐक्ट अपने आप में एक स्वतंत्र अपराध है। POCSO ऐक्ट की धारा 42A स्पष्ट करती है कि अगर किसी अन्य कानून से टकराव हो तो POCSO को प्राथमिकता मिलेगी, लेकिन हाई कोर्ट ने इस पहलू पर विचार नहीं किया। ▸▸ पेज 8



File

सेंगर को हाई कोर्ट से मिली थी ज़मानत

### लड़ती रहूंगी, फांसी दिलाऊंगी : पीड़िता

सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर रेप पीड़िता ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और उसे फांसी दिलाकर रहूंगी। तभी परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और न्याय दिलाने में मदद की। मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब सेंगर को फांसी होगी।' उनकी मां ने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करते हैं। जिन लोगों ने मेरे पति का मर्डर किया, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए।'

> इस मामले में फैसला देने वाले हाई कोर्ट के जस्टिस अत्यंत योग्य हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है, इसलिए मामले में कानूनी प्रश्नों पर दोबारा विचार जरूरी है। -चीफ जस्टिस

■ कोर्ट बोला- पीड़िता को अलग से विशेष अनुमति याचिका दायर करने का वैधानिक अधिकार है कोर्ट से अनुमति लेना जरूरी नहीं।

■ सजा सस्पेंड करने वाले HC के जजों के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं, इसपर SC ने कहा, कुछ लोग सियासी लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं।



### कॉन्स्टेबल तो लोक सेवक है, मगर विधायक क्यों नहीं, SC सुनेगा मुद्दा

सबसे अहम बहस "लोक सेवक" की परिभाषा पर हुई। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पीड़ित पर प्रभुत्वशाली स्थिति में है, तो अपराध "गंभीर" माना जाएगा। मान लें अगर ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी ऐसा कृत्य करें, तो वह गंभीर अपराध होगा। CJI ने सांसदों और विधायकों को लोक सेवक की परिभाषा से बाहर रखने पर चिंता जताई। कहा, अगर इस व्याख्या को स्वीकार कर लें, तो एक कॉन्स्टेबल या पटवारी लोक सेवक होगा, लेकिन विधायक या सांसद नहीं, और उसे छूट मिल जाएगी। अब इस मामले में आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी, जहां तय होगा कि POCSO के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी और सजा सस्पेंड के मानदंड क्या होने चाहिए।

**POCSO के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी?**

# अरावली पर अपने ही फैसले को रोका

Rajesh.Choudhary
@timesofinda.com

■ **नई दिल्ली:** अरावली रेंज की 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली पहाड़ न मानने के अपने ही आदेश पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया था। जिसको लेकर पर्यावरणविदों और आम लोगों ने चिंता जताते हुए सवाल उठाए थे। मामले में खुद संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा कि किसी भी कार्यान्वयन से पहले एक निष्पक्ष, स्वतंत्र और विशेषज्ञ राय पर विचार किया जाना आवश्यक है, ताकि स्पष्ट और निर्णायक मार्गदर्शन मिल सके।

**कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने इस मुद्दे की व्यापक जांच के लिए एक्सपर्ट्स की एक हाई लेवल कमिटी बनाने का प्रस्ताव रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और कोर्ट की टिप्पणियों की गलत व्याख्या की जा रही है। रिपोर्ट या कोर्ट के निर्देशों को लागू करने से पहले और अधिक स्पष्टता की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जांचना जरूरी है कि अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा से कहीं कोई संरचनात्मक विरोधाभास तो पैदा नहीं हो गया है? और क्या इससे उलटे रूप में गैर अरावली क्षेत्रों का दायरा बढ़ गया है, जिससे अनियंत्रित खनन को बढ़ावा मिल सकता है? कोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांग है। अगली सुनवाई को 21 जनवरी को होगी।

Anindya Chattopadhyay

### 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियों पर पहले दी थी खनन को मंजूरी

> लगता है कि जन-असंतोष और आलोचना कोर्ट से जारी कुछ शब्दों और निर्देशों में अस्पष्टता होने से हुई। इसलिए अभी जांच और स्पष्टता की जरूरत है। -सुप्रीम कोर्ट



### क्या है पूरा मामला और आशंका?

दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अरावली पहाड़ियों की अलग परिभाषाएं मुद्दा बना, जिससे नियामकीय खामियां और अवैध खनन के मामले सामने आए। भूजल स्तर बनाए रखने, मरुस्थलीकरण रोकने में अरावली अहम है। आशंका जताई गई थी कि परिभाषा को कमजोर किए जाने से उन क्षेत्रों में खनन और निर्माण गतिविधियों को वैधता मिल सकती है।

### इन सवालों पर मांगी एक्सपर्ट की राय

■ क्या पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के अंतराल वाले क्षेत्रों में नियंत्रित खनन की अनुमति दी जाएगी?
■ क्या 100 मीटर या उससे अधिक ऊंची पहाड़ियां, भले बीच की दूरी निर्धारित 500 मी. से अधिक हो, पारिस्थितिक संरचना बनाती हैं?
■ क्या राजस्थान की 12,081 पहाड़ियों में से सिर्फ 1,048 ही 100 मीटर की ऊंचाई की सीमा को पूरा करती हैं। ▸▸ पेज 8

# घैला में 71 भेड़ों की मौत


### चरवाहों का आरोप, प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का बासी खाना खाया था

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

घैला इलाके में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के पास संदिग्ध हालात में 71 भेड़ों की मौत हो गई। भेड़ों के मालिकों का दावा है 25 दिसंबर को प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के बाद बचा हुआ खाना पार्किंग स्थल में फेंक दिया गया था। उसे खाने से भेड़ें बीमार हुईं और उनकी जान चली गई। वहीं, जिम्मेदारों का कहना है कि भेड़ों के शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

फतेहपुर निवासी प्रदीप कुमार पाल और विजय कुमार पाल ने बताया कि वे व दो अन्य चरवाहे कुल 370 भेड़ें चराने के लिए रविवार को प्रेरणा स्थल के पास बनी पार्किंग में ले गए थे। वहां पर 25 दिसंबर को प्रेरणा स्थल के लोकार्पण समारोह की बची पूड़ी,सब्जी,चावल आदि फेंके गए थे। वह खाना भेड़ों ने खाया। देर रात 11 बजे से भेड़ें बेहोश होकर गिरने लगीं। सोमवार सुबह तक कई भेड़ों की मौत हो गई। जानकारी होने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समेत डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। भेड़ों का इलाज शुरू किया। दवाइयां दी गईं और ड्रिप चढ़ानी शुरू की। इसी बीच भेड़ों की मौत की जानकारी होने पर प्रशासन,नगर निगम,एलडीए व अन्य जिम्मेदार विभागों की टीम मौके पर पहुंच गई। डॉक्टरों ने पीएम के लिए भेड़ों के शव कब्जे में ले लिए। ▸▸ पेज 5

NBT





बड़ी संख्या में भेड़ों की मौत के बाद प्रशासन में मची अफरातफरी। (इनसेट) डॉक्टरों ने कई की जान बचाई।

> भेड़ों की मौत का शुरुआती कारण फूड पॉइजनिंग लग रहा है। पीएम करवाया जा रहा है। डॉक्टरों ने 70-80 भेड़ों का उपचार करके उनकी जान बचा ली है। चरवाहे मूलरूप से फतेहपुर के बताए जा रहे हैं।
> -डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

### यात्री को पीटने वाला पायलट अरेस्ट, बेल मिली

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

IGI एयरपोर्ट पर एक यात्री पिटाई करने के आरोपित पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115, 126 और 351 के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि इसी थाने से ही जमानत मिल गई।



पीड़ित यात्री अंकित दीवान ने पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की थी। शिकायती पत्र में कहा गया था कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के ऑफ ड्यूटी पायलट के द्वारा पिटाई की गई थी, जिसमें उसके नाक की हड्डी टूट गई थी। मामला सुर्खियों में आने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट को ऑफ ड्यूटी कर दिया था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी इस मामले में जांच के आदेश दिए थे।

# आंध्र प्रदेश में ट्रेन के 2 एसी कोच में लगी आग, एक यात्री की मौत

TOI



टाटानगर से एर्नाकुलम जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के दो AC कोच में रविवार रात आग लग गई।

■ आग B1 कोच में लगी, फिर M2 कोच में फैल गई। यात्रियों ने इमरजेंसी चेन खींची और बाहर भागे।

■ पुलिस ने बताया कि रात 12:45 पर आग की सूचना मिली थी। दोनों कोच से 143 यात्रियों को बचाया गया।

■ घटना में एक यात्री की मौत हो गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि आग लगने की वजह पता नहीं चली है।

## NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर 2025

# NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर चुनें

इस साल देश की प्रगति में पार्टनर बनी ये सबसे प्रमुख हस्तियां NBT टीम ने काफी विचार-विमर्श के बाद चुनी हैं। देश के पैरा एथलीटों के योगदान को देखते हुए ऑप्शन B में हमने शीतल देवी और सुमित अंतिल को रखा है। आपके हिसाब से इनमें से NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर कौन है, वोट करके हमें बताएं।

### कैसे करें वोट

जो NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर लगता है, उसका ऑप्शन **9220747220** पर वॉट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस हरमनप्रीत है तो मैसेज में **A** लिखकर भेज दें।


**A** हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)



2 नवंबर की रात हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की 16 महिलाओं ने इतिहास रचा। टीम ने वर्ल्ड कप के रूप में ICC का पहला खिताब अपने नाम किया। ICC खिताब न जीत पाने का बोझ एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक की खिलाड़ियों के कंधों पर चलता आ रहा था, लेकिन मानसिक रूप से बेहद मजबूत हरमन की टीम ने सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवाया।

**B** देश के पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)





आपने कितनी बार पैरा ऐथलीटों को नियमित (एबल-बॉडी) वर्ग की टीम में जगह बनाते देखा है? ये दुर्लभ उपलब्धि बिना हाथों के जन्मीं जम्मू-कश्मीर की 18 साल की शीतल देवी ने हासिल की। भारत के पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स में चैंपियनशिप रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

**C** दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)



चेस में भारत के बढ़ते रुतबे को उस वक्त नई ऊंचाइयां मिलीं, जब 2025 में 19 साल की दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया में आयोजित FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ निडर अंदाज में खेलते हुए दिव्या ने प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर (GM) खिताब भी हासिल किया और 2026 विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की कर खुद को वर्ल्ड चेस में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित किया। यह खिताब पाने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।

**D** कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह





ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दुनिया के सामने रखने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह इस ऑपरेशन का चेहरा बन गईं। वडोदरा की कर्नल सोफिया आर्मी की सिग्नल कोर में हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह एयरफोर्स में हेलिकॉप्टर पायलट हैं। उन्हें मास्टर ग्रीन रेटिंग मिली है।


**E** शुभांशु शुक्ला (ग्रुप कैप्टन, एयरफोर्स)



एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने। 1984 में राकेश शर्मा के उड़ान भरने के बाद यह यात्रा हुई। एक्सियोम-4 मिशन के तहत शुभांशु ने ISS में 7 टेस्ट किए थे। शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने मिलकर 60 से ज्यादा प्रयोग किए थे, जिनमें मानव स्वास्थ्य, अंतरिक्ष कृषि और अंतरिक्ष सूट के मटीरियल से जुड़े परीक्षण शामिल थे। वह 16 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे।

### 79 हजार करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी

■ **भाषा, नई दिल्ली:** रक्षा मंत्रालय ने सेना की युद्ध क्षमता को मजबूत करने के लिए 79,000 करोड़ रुपये मूल्य के लंबी दूरी के रॉकेट, मिसाइल, रडार प्रणाली और अन्य सैन्य उपकरणों की खरीद को सोमवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने प्रस्तावों को हरी झंडी दी।



AI Image

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के लिए हल्के रडार, पिनाका रॉकेट प्रणाली के लिए लंबी दूरी की निर्देशित रॉकेट सामग्री की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा भारतीय नौसेना के लिए उच्च आवृत्ति सॉफ्टवेयर रेडियो मैनपैक की खरीद और उच्च ऊंचाई तथा दूर से संचालित विमान प्रणाली को पट्टे पर लेने की मंजूरी दी गई।


CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: cci Time: 12-30-2025 00:08 Color:



# कहीं सीनियर तो कहीं जूनियर शिक्षक का कर दिया तबादला

Deep.Singh@timesofindia.com

AI Image



**लखनऊ :** हाथरस के बीएसए ने खंड शिक्षाधिकारियों को आदेश दिया है कि शिक्षक विहीन और एकल विद्यालय के पास जो विद्यालय है, वहां के जूनियर शिक्षक का तबादला/समायोजन कर दिया जाए। आदेश में यह भी लिखा है कि शिक्षकों से बिना विकल्प लिए तबादला किया जाए। वहीं, हमीरपुर के बीएसए लिखते हैं कि विकल्प लेकर नियुक्ति/कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वरिष्ठ शिक्षक का तबादला कर दिया जाए।

**बेसिक शिक्षकों के अंतःजनपदीय तबादलों में मनमानी**

**कई असमानताएं :** यह मामला इन दो जिलों का नहीं। पूरे प्रदेश का यही हाल है। कुछ बीएसए सीनियर शिक्षक का तबादला कर रहे हैं तो कुछ जिलों में जूनियर का तबादला कर दे रहे। इतना ही नहीं, कुछ बीएसए ने विकल्प लेकर तबादला करने की बात लिखी है तो कुछ बिना विकल्प तबादले को कह रहे। वहीं, कुछ जिले ऐसे भी हैं, जहां जूनियर का कोई जिक्र ही नहीं किया गया है। ऐसे में किसी भी शिक्षक का तबादला किया जा सकता है। जिलों में अलग-अलग नीति अपनाए जाने से शिक्षक परेशान हैं। उनका कहना है कि बिना किसी नियम के जिस शिक्षक को चाहेंगे, तबादला कर दिया जाएगा। कोई विकल्प नहीं भरता है, तो उसका तबादला जबरन करने की बात भी कई जिलों के बीएसए कर रहे हैं।

**कहां कैसे हो रहे तबादले**

शासन और निदेशक स्तर से जारी आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि तबादला जूनियर का होगा या सीनियर का। सीतापुर के बीएसए ने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया कि किस शिक्षक का पहले तबादला होगा। कुशीनगर के बीएसए ने यह तो लिखा है कि पहले दिव्यांग सरप्लस, फिर महिला सरप्लस और फिर पुरुष सरप्लस का तबादला होगा। लेकिन उन्होंने यह नहीं स्पष्ट किया कि इनमें भी पहले जूनियर का किया जाएगा या फिर सीनियर का। हमीरपुर के बीएसए ने पहले दिव्यांग महिला, फिर दिव्यांग पुरुष, उसके बाद वरिष्ठ महिला और फिर वरिष्ठ पुरुष अध्यापक का तबादला करने के लिए लिखा है। मथुरा के बीएसए ने पहले 19 दिसंबर को जो पत्र लिखा है, उसके अनुसार दिव्यांग, महिला, पुरुष विधवा और विधुर के साथ ही वरिष्ठता के आधार पर तबादला होगा। वहीं, 26 दिसंबर को बिना किसी विकल्प के जूनियर शिक्षक तबादला करने के लिए लिखा है।

**बड़े अफसर मौन**

इस बारे में अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेनशर्मा, डीजी स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, निदेशक बेसिक शिक्षा से बात करने के लिए फोन किया गया। उनका पक्ष जानने के लिए मैसेज भी किया। अपर मुख्य सचिव ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। बाकी अधिकारियों ने भी कोई जवाब नहीं दिया।

### क्या है असल वजह?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

इससे पहले भी बेसिक शिक्षकों के तबादले होते रहे हैं। ये प्रदेश स्तर से ऑनलाइन किए जाते थे। इस बार जिला स्तर से तबादला करने के लिए बीएसए पर छोड़ दिया गया। वे अपने स्तर से अलग-अलग निर्णय ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि इससे पहले एक बार सीनियर का पहले तबादला किया गया था। उसके बाद शिक्षक कोर्ट चले गए थे। एक बार जूनियर का पहले तबादला किया गया था। तब भी कुछ शिक्षक कोर्ट चले गए थे। कोर्ट ने नए सिरे से नीति बनाने के लिए कहा था। यही वजह है कि जिला स्तर से जल्द तबादला प्रक्रिया पूरी करने की कोशिश की जा रही है। अभी कोर्ट बंद है। ऐसे में शिक्षक अभी कोर्ट भी नहीं जा सकते।

## शीतकालीन सत्र: 24 घंटे 50 मिनट चली सदन की कार्यवाही



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी जानकारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी विधानसभा के चार दिवसीय शीतकालीन सत्र में सदन की कार्यवाही 24 घंटे 50 मिनट चली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही एक बार भी स्थगित नहीं हुई। शीतकालीन सत्र में सबसे अहम यह रहा कि पहली बार सदन में सर्वसम्मति से पूरा वंदे मातरम् गीत गाया गया, जो विधानसभा के इतिहास में ऐतिहासिक क्षण के रूप में अंकित होगा।

सतीश महाना ने बताया कि यूपी विधानसभा में होने वाले अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन 19 जनवरी की शाम लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। जबकि, 21 जनवरी की शाम सम्मेलन का समापन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। सम्मेलन के दौरान 20 और 21 जनवरी को विभिन्न समसामयिक और संसदीय विषयों पर चर्चा होगी। अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से आने वाले प्रतिनिधियों को यूपी विधानसभा की ओर से 22 जनवरी को अयोध्या ले जाया जाएगा, जहां वे रामलला के दर्शन के साथ अयोध्या भ्रमण करेंगे।

अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 'संवाद कार्यक्रम' में विधायकों से स्पष्ट रूप से कहा जाएगा कि वे अगले सत्र में विधेयकों को पूर्ण रूप से पढ़कर ही सदन में आएं। वह किसी भी सदस्य को (चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का) उसी विधेयक पर बोलने के लिए कह सकते हैं।

## वृद्धावस्था पेंशन: 8 महीने में 9.83 लाख नए लाभार्थी जुड़े

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी में समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही वृद्धावस्था पेंशन योजना इस साल और प्रभावी साबित हुई। योजना में पिछले आठ महीने के दौरान 9.83 लाख नए पात्र बुजुर्गों को जोड़ा गया है। इन नए लाभार्थियों को जोड़ने के बाद वर्तमान में कुल 67.50 लाख बुजुर्गों को योजना के तहत पेंशन दी जा रही है।

समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक अमरजीत सिंह ने बताया कि डिजिटल मॉनिटरिंग, आधार आधारित सत्यापन और सतत निगरानी से ही वृद्धावस्था पेंशन योजना को और पारदर्शी व प्रभावी बनाया गया है। पिछले साल यानी 2024 में जहां 61 लाख बुजुर्गों को ही वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था, जो इस साल बढ़ कर 67.50 लाख हो गया। बताया कि योजना की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा नियमित सत्यापन और समीक्षा की गई। वर्ष 2024 में 1.77 लाख और 2025 में 3.32 लाख मृतक और अपात्र लाभार्थियों का नाम पेंशन सूची से हटाया गया। 2025 में 9.83 लाख नए पात्र बुजुर्गों को योजना से जोड़ा गया, जबकि वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 7.08 लाख था।

## मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अनुसार, यह परीक्षा पांच अक्टूबर 2025 को हुई थी। प्रश्नपत्र और उत्तरकुंजी नौ अक्टूबर को वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई थी, जिसके बाद 12 अक्टूबर तक आपत्तियां आमंत्रित की गईं। आपत्तियों के परीक्षण के बाद चार प्रश्न निरस्त किए गए और चार प्रश्नों के उत्तर विकल्प संशोधित किए गए। एक प्रश्न में एक से अधिक सही उत्तर पाए गए। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि निरस्त प्रश्नों के अंक पवन कुमार अग्रहरि बनाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग मामले में स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार दिए जाएंगे। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर देख सकते हैं।

**सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़े :** छह साल में सबसे ज्यादा जानें 2025 में गईं


# सड़क हादसों में मरने वालों में आधे पैदल, साइकल और दोपहिया सवार

Premshanker.Mishra
@timesofindia.com


**लखनऊ :** एक सड़क हादसा सिर्फ एक जान नहीं लेता, बल्कि पूरे परिवार की जिंदगी बदल देता है। 20 दिसंबर को सड़क सुरक्षा की बैठक में यही पीड़ा योगी आदित्यनाथ के शब्दों में झलकी थी। उन्होंने कहा था कि 'एक भी दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु पूरे परिवार को जीवनभर का दर्द दे जाती है और इस पीड़ा को पीड़ित परिवार ही समझ सकता है।'

आंकड़े बताते हैं कि यह दर्द प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा है। पिछले पांच वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में 73% 45 साल से कम उम्र के थे। इसमें भी लगभग आधे पैदल, साइकल से चलने वाले या टू-व्हीलर सवार रहे। दुर्घटनाएं रोकने के प्रयासों और दावों के बीच आंकड़े चिंता बढ़ा रहे हैं। मौजूदा साल को ही देख लें तो सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से यह एक दशक में सबसे ज्यादा जानलेवा रहा है। इस साल नवंबर तक ही दुर्घटनाओं में 24,776 मौतें हुई हैं। कोहरे के कहर से दिसंबर में बढ़ी सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े अभी इसमें जुड़ने बाकी हैं। नवंबर तक के आंकड़ों को आधार बनाएं तो इस साल प्रदेश में हर दिन औसतन 138 दुर्घटनाएं हुई हैं। हर दिन 74 मौतें हुई हैं। 2024 में प्रतिदिन औसत 126 दुर्घटनाएं और 66 मौतें हुई थीं।

### ....आंकड़े जो डराते हैं





### कहां-कितनी मौतें



38% मौतें नेशनल हाइवे पर ऐक्सिडेंट में हुईं | 21.7% ने स्टेट हाइवे पर दुर्घटना में दम तोड़ा | 1.6% मौतें एक्सप्रेसवे पर हादसे से हुईं | 38.6% की PWD व अन्य सड़कों पर जान गई

### मौत की वजह



50% ओवरस्पीडिंग से हुईं पिछले साल

38% ओवरस्पीडिंग से हुईं थी 2023 में

6% की जान शराब पीकर गाड़ी चलाने से गई

11% रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने से जान से गए

5% मोबाइल फोन संग ड्राइविंग से हादसे के शिकार हुए

### कौन किस पर सवार था

32% दोपहिया वाहन सवार हादसे के शिकार हुए

20% कार, टैक्सी, वैन में बैठे लोगों की जान गई

10% जान गंवाने वाले ट्रक/लारी पर सवार थे

9% पैदल यात्री मारे गए सड़क हादसों में

5% साइकल सवारों को जान गंवानी पड़ी

4% जान गंवाने वाले ई-रिक्शा सवार



### मौत से दूरी घटा रही रफ्तार

सड़कों और वाहनों की बढ़ती संख्या और रफ्तार शहरों की दूरियां तो कम कर रही है, लेकिन, इस दौरान रफ्तार जिंदगी और मौत के बीच का अंतर भी घटा रही है। सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल 50% से ज्यादा मौतें ओवरस्पीडिंग की वजह से हुई थीं। खास बात है कि यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। दो साल में ओवरस्पीडिंग से 12% मौतें बढ़ी हैं। हालांकि, जागरूकता और प्रवर्तन उपायों का असर दिखा है। ड्रंकन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड से गाड़ी चलाने, रेड लाइट तोड़ने, मोबाइल फोन चलाने के कारण दुर्घटनाओं से मौतें घटी हैं। रफ्तार का असर है कि एक्सप्रेसवे, नैशनल हाइवे पर 6% से ज्यादा मौतें हुई हैं जबकि प्रदेश की सड़कों में इन तीनों की हिस्सेदारी 9% से भी कम है। चिंताजनक है कि अन्य मार्गों पर भी मौतों की संख्या में 9% की बढ़ोतरी हुई है।



**असमय हुए मौत के शिकार**

27% की उम्र 25-35 साल के बीच थी | 26% जान गंवाने वाले 18-25 साल के थे | 20% की उम्र 35-45 के बीच थी | 12% 45-60 साल की उम्र में मौत के शिकार हो गए | 6% की उम्र 18 साल से भी कम थी

## फटाफट खबरें

### डिप्लोमा इंजिनियरिंग-आर्किटेक्चर संबद्धता के आवेदन 1 से

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत इंजिनियरिंग और आर्किटेक्चर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की संबद्धता के लिए संस्थान 1 जनवरी से आवेदन कर सकेंगे। परिषद के सचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। जरूरी दस्तावेज यू सर्विस पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। 5,900 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा।

### डॉ. मेमपाल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद बने निदेशक

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** डॉ. मेमपाल अब पशुपालन विभाग के निदेशक (प्रशासन) बन गए हैं। वहीं, हाल में प्रोन्नत हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद निदेशक (रोग नियंत्रण) बनाए गए हैं। प्रदेश सरकार ने दोनों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं। डॉ. मेमपाल इससे पहले निदेशक (रोग नियंत्रण) थे। उनके पास ही निदेशक प्रशासन का कार्यभार था। वहीं डॉ. राजेंद्र प्रसाद हाल ही में निदेशक पद पर प्रमोट हुए हैं।

### किसी गोवंश की ठंड से मृत्यु न हो : धर्मपाल

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गो आश्रय स्थलों में सर्दी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। गो आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि गोवंश के लिए अलाव और तिरपाल की व्यवस्था की जाए। किसी भी गोवंश की ठंड से मृत्यु न हो। पशु चिकित्साधिकारी आश्रय स्थल जाकर गोवंश के स्वास्थ्य के लिए इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### MLC चुनाव: कांग्रेस ने पर्यवेक्षक तय किए

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने नवंबर 2026 में होने वाले स्नातक व शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि 11 सीटों के लिए वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। लखनऊ सीट पर किशोरी लाल शर्मा व पी.एल. पुनिया को जिम्मेदारी मिली है। वाराणसी, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद समेत अन्य सीटों पर भी सांसदों व पूर्व विधायकों को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### 'बिना जांच लगा दिए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर'

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद का कहना है कि बिना साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट के लाखों मीटर उपभोक्ताओं के परिसरों में चालू कर दिए गए हैं। जबकि नियम के मुताबिक हर मीटर का साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट करवाना अनिवार्य है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अन्य राज्यों में स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में केवल तेजी से मीटर लगाने पर जोर है।

## पंचायत वोटर लिस्ट पर आपत्ति का आज आखिरी मौका

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावे और आपत्तियों का मंगलवार को आखिरी मौका है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 23 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। जिनके नाम छूटे हैं वे फॉर्म-2, जिन्हें संशोधित कराना है वे फॉर्म टू और जिन्हें नाम डिलीट कराना है वे फॉर्म-4 भरकर बीएलओ के पास जमा कर सकेंगे। मंगलवार को सभी बीएलओ को बूथ पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

ड्राफ्ट लिस्ट में इस बार 12.69 करोड़ वोटरों के नाम हैं जो साल 2021 के मुकाबले करीब 40 लाख ज्यादा हैं। 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 13 से 29 जनवरी के बीच मूल सूची में आपत्तियों के आधार पर बदलाव किया जाएगा। 6 फरवरी को वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी।

## आबादी के 5 गुना पर्यटक यूपी आए

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** घरेलू पर्यटकों की आवक के मामले में यूपी ने साल 2025 में नया रेकॉर्ड रच दिया है। पर्यटन विभाग के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार इस साल यूपी में 137 करोड़ पर्यटक आ चुके हैं, जो यूपी की कुल आबादी के 5 गुने से भी अधिक हैं। पर्यटकों की इस भारी संख्या की सबसे बड़ी वजह प्रयागराज महाकुंभ रहा। 44 दिन के इस महाआयोजन में ही 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम का स्नान किया। इसके अलावा काशी, मथुरा, अयोध्या भी पर्यटकों के पसंदीदा स्थल रहे।

कोडीनयुक्त कफ सिरप मामला

## ED के सामने आज पेश होंगे आर्पिक फार्मा के निदेशक?

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** अपनी कंपनियों के जरिए कोडीन युक्त कफ सिरप Phenecypik T और Phenecypik TP का अवैध भंडारण, मार्केटिंग और वितरण करने वाले M/s Aarpik Pharmaceuticals Pvt. Ltd के निदेशक मनोहर राम प्रसाद जायसवाल, उनकी पत्नी अर्चना और बेटी आकांक्षा की मंगलवार को ईडी के सामने पेशी है। ईडी ने तीनों आरोपितों को मंगलवार को तलब किया है। इससे पहले भी ईडी ने आरोपितों को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वे पेश नहीं हुए थे।

**पत्नी और बेटी भी की गई हैं तलब**

12 और 13 दिसंबर को ईडी ने मनोहर, उनकी पत्नी अर्चना और बेटी आकांक्षा गुप्ता के लखनऊ व अहमदाबाद स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी को उनके यहां से बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े के दस्तावेज और दो संदिग्ध मोबाइल फोन मिले थे जिन्हें ईडी ने कब्जे में ले लिया था। दस्तावेज व फोन से मिले सबूतों के आधार पर ईडी ने मनोहर, उनकी पत्नी अर्चना और बेटी आकांक्षा को तलब किया है। FSDA ने जब 11 और 12 अक्टूबर 2025 को आर्पिक फार्मास्यूटिकल्स व इधिका लाइफ साइंसेज के ठिकानों पर छापेमारी और जांच पड़ताल की थी तो उस दिन मौके पर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी का हवाला देकर फर्म ने क्रय-विक्रय के अभिलेख नहीं दिए थे। बाद में जब दस्तावेज मिले तो खुलासा हुआ कि फर्मों के द्वारा फर्जी लाइसेंस नंबरों का इस्तेमाल कर बिल बनाए गए।



### 52 जिलों में छापे, 161 फर्मों पर FIR...

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध सप्लाई और डायवर्जन के मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन महीने चली जांच में 52 जिलों में छापेमारी कर 161 फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस दौरान 332 से अधिक थोक दवा दुकानों की जांच की गई और 36 जिलों में बीएनएस व एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुए। अब तक 85 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

FSDA के अनुसार 2024-25 में सिरप की आपूर्ति वास्तविक चिकित्सीय जरूरत से कई गुना अधिक पाई गई। जांच में फेंसिडिल की 2.23 करोड़, एस्कॉफ की 73 लाख और अन्य कंपनियों की 25 लाख बोतलों की संदिग्ध सप्लाई सामने आई। जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है।

## अटल का सुशासन आगे बढ़ा रही मोदी सरकार : पंकज

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को कमल ज्योति पत्रिका के 'सुशासन' विशेषांक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का शासनकाल भारतीय लोकतंत्र में सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अटल जी की सुशासन की परंपरा को और अधिक व्यापक व प्रभावी रूप में आगे बढ़ा रहा है।



BJP के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सोमवार को लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में कमल ज्योति पत्रिका के 'सुशासन' विशेषांक का विमोचन किया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन और उनका शासनकाल भारतीय राजनीति में सुशासन, मर्यादा और राष्ट्रहित का आदर्श उदाहरण है। अटलजी ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाकर लोकतंत्र को नई ऊंचाइयां दीं। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड सहित अन्य कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अटल के विचार आज भी राष्ट्र को दिशा दे रहे : स्वतंत्र देव



■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अटलजी के विचार आज भी राष्ट्र को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी करोड़ों देशवासियों के हृदय में हमेशा दीपक की तरह प्रकाशित रहेंगे। उनकी वाणी में कविता और निर्णयों में दृढ़ता थी, जो उन्हें युगद्रष्टा नेता बनाती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अटल का जीवन इस बात का प्रमाण है कि संगठन राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला होता है, जहां से निकलकर कार्यकर्ता वैश्विक मंच पर भी देश का नेतृत्व कर सकता है।

**गुड न्यूज** फरवरी में लखनऊ के साथ हर जिले में किया जाएगा आयोजन, सभी जिलों के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य


## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से खुलेंगे निवेश के दरवाजे

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार फरवरी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करवाने की तैयारी कर रही है। सेरेमनी में 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इसमें कई बड़ी कंपनियों की परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश पूरे प्रदेश में जाए, इसके लिए लखनऊ में एक मुख्य आयोजन के साथ-साथ हर जिले में भी सेरेमनी होगी। इसमें उस जिले में निवेश करने वाले निवेशक और जिला प्रशासन के अधिकारी हिस्सा लेंगे।

### निर्धारित लक्ष्य

(आंकड़े करोड़ रुपये में)




### हर जिले से मांगी गई रिपोर्ट

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले अब तक कितने निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। उद्योगों को जमीन दिए जाने की क्या स्थिति है। साथ ही परियोजना शुरू करने से पहले मिलने वाली अनुमतियों की क्या स्थिति है। इसकी जानकारी भी जिलावार एकत्रित की जा रही है, जिससे परियोजनाओं को शिलान्यास के बाद तेजी से पूरा किया जा सके।

### निवेश मित्र-3.0 पोर्टल की भी होगी शुरुआत

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान निवेश मित्र पोर्टल-3.0 को भी शुरू करने की तैयारी है। इस निवेश मित्र पोर्टल के लिए अलग-अलग पोर्टल को एक ही पोर्टल में इंटीग्रेट किया जाएगा, जिससे निवेशकों के सभी काम एक ही पोर्टल पर हो सकें। इसके अलावा निवेशकों के लिए एआई चैटबॉट की भी व्यवस्था होगी। इस पोर्टल के जरिए प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए सरकारी सेवाओं को और सरल किया जाएगा। वर्तमान में इस पोर्टल के जरिए निवेशकों को 44 से ज्यादा सरकारी विभागों की 525 से ज्यादा सेवाएं दी जा रही हैं। पोर्टल के नए संस्करण के लॉन्च होने के बाद सेवा प्रदायगी के समय में 30% की कमी आएगी। इन्वेस्ट यूपी की कोशिश है कि निवेश के आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए सिर्फ जरूरी दस्तावेज की मांग निवेशकों से की जाए।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFLP1 User: cci Time: 12-30-2025 00:18 Color:



# गोमती बैराज से स्ट्रीट लाइटें हुई चोरी, नगर निगम बेखबर

## खंभों की लंबाई 11 मीटर फिर भी कैसे उतार ली गईं लाइटें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

हजरतगंज के गोमती बैराज पर 11 मीटर ऊंचे नगर निगम के खंभों से लाइटें चोरी हो गईं और नगर निगम का लाइटिंग विभाग मौन साधे बैठा रहा। बैराज पर आठ खंभे लगे हैं, जिनमें सभी से लाइटों को किसी ने गायब कर दिया है। अब खंभे केवल शोपीस के रूप में खड़े हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर किसने और कैसे इतनी ऊंचाई पर चढ़कर लाइटें चोरी कर लीं। जबकि नगर निगम महकमा खामोश बैठा रहा। इन लाइटों के गायब होने से बैराज रूट पर शाम के बाद अंधेरा छा जाता है। वहीं, नगर निगम के अफसरों ने पहले तो चोरी हुए स्ट्रीट लाइटों को सिंचाई विभाग का बता दिया लेकिन सिंचाई के अफसरों के इनकार के बाद नगर निगम के चीफ इंजीनियर ने इन लाइटों को अपना बताया।

**मरम्मत के नाम पर दो साल में कई स्ट्रीट लाइटें चोरी**

मरम्मत करने के नाम पर चोरों का गैंग स्ट्रीट लाइटें निकालकर चंपत हो जाता था। चोरी करने वालों के वाहन पर नगर निगम भी लिखा रहता है। कारण यह है कि दो साल पहले साउथ सिटी में सीसीटीवी में कैद हुए युवकों को स्ट्रीट लाइट उतारकर ले जाते देखा गया, जिनके वाहन पर नगर निगम लिखा था। चोरों के गैंग ने सबसे अधिक निशाना रायबरेली रोड, इंदिरा नगर, विकास नगर, विभूति खंड, कृष्णानगर और जानकीपुरम क्षेत्र को बनाया था। इन जगहों पर नई लाइटें न लगाए जाने से सड़कों पर शाम के बाद अंधेरा दूर नहीं हो पाया और इसका असर आज तक है।

**6,200 की एक स्ट्रीट लाइट**

नगर निगम का लाइटिंग विभाग टेंडर के जरिए 4,630 से 5,500 रुपये में एक स्ट्रीट लाइट खरीदता है। ज्यादातर लाइटें 190 वॉट की होती हैं। इनकी कीमत करीब 5,500 रुपये होती है। 12% जीएसटी लगने पर यह कीमत 6,200 रुपये हो जाती है। वहीं, 110 वॉट की स्ट्रीट लाइट की कीमत 3,262 रुपये है। 12% जीएसटी लगने पर यह कीमत 3,653 हो जाती है। इनकी सात साल की वॉरंटी भी होती है।



बैराज पर आठ खंभे लगे हैं, जिनमें सभी से लाइटों को किसी ने गायब कर दिया है।

NBT

### चोर पकड़ से दूर

- दो साल पहले इन्वेस्टर्स समिट के बाद वृंदावन योजना से करीब 500 स्ट्रीट लाइटें चोरी हुई थीं। इस मामले में कार्यदायी संस्था के जेई को कार्यमुक्त करने के साथ पीजीआई थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी, लेकिन जांच के बाद भी चोरों का पता नहीं चला।
- दिसंबर 2022 में फैजुल्लागंज में 12 स्ट्रीट लाइटें चोरी करते हुए एक विडियो वायरल हुआ था। इस मामले में नगर निगम अफसरों ने मड़ियांव थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी, लेकिन आरोपितों का सुराग नहीं लगा।

### लेसा टीम पर भी आरोप

मौलवीगंज वॉर्ड में 17 फरवरी को ही खंभे से गायब स्ट्रीट लाइट लेसा टीम के वैन से मिली थी। स्थानीय पार्षद मुकेश सिंह मोंटी का आरोप है कि लेसा कर्मचारी तार बदलने के दौरान स्ट्रीट लाइटें उतार रहे थे। इस मामले में वजीरगंज थाने में तहरीर दी गई है।

### क्या कहना है जिम्मेदारों का

स्ट्रीट लाइटें लगातार चोरी हो रही थीं। इस समस्या से निजात पाने के लिए बैराज के ऊपर छोटी एलईडी लाइटों को लगाया गया है। बाकी नीचे खंभे को खाली छोड़ दिया गया है। चोरी रोकने का काम पुलिस का है। ज्यादातर मामलों में ऑनलाइन एफआईआर करवाई गई है।

*मनोज प्रभात, चीफ इंजिनियर (आरआर), नगर निगम*

बैराज पर लाइटिंग का जिम्मा नगर निगम को कई वर्ष पहले ही हैंडओवर कर दिया गया था। अब यहां लाइटिंग का रख-रखाव पूरी तरह से नगर निगम के लाइटिंग विभाग का है।

*-मुकेश वैश्य, एक्सईएन, सिंचाई विभाग*

## नगर निगम कर्मचारियों को दुकानदारों ने घेरा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कूड़े का यूजर चार्ज वसूलने गए नगर निगम कर्मचारियों को चौक में कंचन मार्केट के पास फूल दुकानदारों ने घेर लिया। कंचन मार्केट के पास हुसैनाबाद ट्रस्ट की जमीन पर अवैध रूप से फूल मंडी लग रही है। यहां से नगर निगम की टीम के कूड़े का शुल्क वसूलने पहुंची तो कर्मचारियों को घेर लिया गया। काफी देर तक हंगामे के बाद पुलिस की मदद से कर्मचारियों को छुड़ाया गया।

**चौक पुलिस के आने के बाद कर्मचारियों को छुड़ाया गया**

जोन दो के जोनल अफसर संजय यादव ने बताया कि कंचन मार्केट के पास 50 से ज्यादा फूलों की दुकान हैं। इन दुकानों से बड़े स्तर पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट निकलता है। ऐसे में नगर निगम इसके एवज में हर महीने 100 रुपये वसूलता है, जिसे यूजर चार्ज कहते हैं। यूजर चार्ज देने को लेकर कुछ दुकानदारों ने माहौल खराब किया। दुकानदारों ने खुद ही अपने फूल को सड़क पर फेंककर नगर निगम के कर्मचारियों पर फर्जी अभद्रता का आरोप लगाया और उल्टे दुकानदारों ने ही कर्मचारियों को बैठा लिया था। हंगामा बढ़ने पर किसी तरह पुलिस की मदद से कर्मचारियों को छुड़ाया गया है। फिलहाल मंगलवार को दुकानदारों ने यूजर चार्ज जमा करने का आश्वासन दिया है।

## 'पंचायत सहायकों के पद जल्द भरे जाएं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मंडलायुक्त ने मंडल के सभी जिलों में पंचायत सहायकों के खाली पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने आईजीआरएस में लापरवाही बरतने वालों के भी पेंच कसे। आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सोमवार को विकास कार्यों की समीक्षा की।

**मंडलायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने पंचायत उत्सव भवनों के चयन की स्थिति पर चर्चा करते हुए उसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। पंचायत सहायकों की नियुक्ति की समीक्षा में उन्नाव, हरदोई और लखीमपुर खीरी में लक्ष्य के सापेक्ष नियुक्तियां पूरी नहीं हो सकी हैं। इस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत सहायकों के रिक्त पदों को जल्द भरना सुनिश्चित करें। साथ ही पंचायत सहायक/कंप्यूटर ऑपरेटरों का प्रशिक्षण भी अनिवार्य रूप से करवाने के निर्देश दिए। जन सेवा केंद्रों के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की समीक्षा में शून्य सेवा देने वाली ग्राम पंचायतों की संख्या हरदोई में 11, उन्नाव में 39 और लखीमपुर खीरी में 38 है। इस पर मंडलायुक्त ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे शून्य सेवा वाले जन सेवा केंद्रों को जल्द ऐक्टिव कर जनसामान्य को सेवाओं का लाभ दिलाएं।

मंडलायुक्त ने मॉडल घोषित ग्राम पंचायतों के प्रथम और द्वितीय स्तर के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बाल विवाह योजना की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने उन्नाव में योजना की मासिक प्रगति मात्र 30 प्रतिशत पाई। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा में रायबरेली और लखीमपुर खीरी फिसड्डी मिले। मंडलायुक्त ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त कंबल, गरम पानी, प्रकाश, हीटर एवं सुरक्षा की व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए।

### 'निजी टाउनशिप में सुविधाओं की हो मॉनिटरिंग'

मंडलायुक्त ने सोमवार को एलडीए की समीक्षा बैठक में निजी टाउनशिप में मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग के अधिकारियों को निर्देश दिए। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पारिजात सभागार में बैठक के दौरान प्रस्तावित आवासीय योजना वरुण विहार, नैमिष नगर, आईटी सिटी एवं वेलनेस सिटी के लिए लैंड पूलिंग और अन्य कामों की समीक्षा की। इसके बाद इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के तहत स्वीकृत की गयी निजी डिवेलपरों की आवासीय परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे सभी टाउनशिप में बनाए जा रहे एसटीपी का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निरीक्षण करवाएं और नियमित बीओडी, सीओडी के टेस्ट करवाएं।

## 22 को होगा परेड का पूर्वाभ्यास, फुल ड्रेस रिहर्सल 24 को

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गणतंत्र दिवस की परेड का पूर्वाभ्यास 22 को और फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को होगा। विधानभवन के सामने से देशभक्ति का संदेश देती झांकियां गुजरेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम विशाख जी ने सोमवार को गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर अफसरों संग समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर होने वाले सभी कार्यक्रम प्रेरणादायक होंगे। लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग अभी से परेड के रूट (रवींद्रालय से केडी सिंह बाबू स्टेडियम) का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाएं और एनओसी दें। परेड में हिस्सा लेने वाले स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों के लिए संबंधित विभाग अपने प्रस्ताव अपने-अपने राइटअप के साथ निर्धारित अवधि में एडीएम एफआर को सौंपें।

## 'एयरपोर्ट के सामने पुल का ट्रैफिक डायवर्ट करे NHAI'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कानपुर रोड पर अमौसी एयरपोर्ट की बाउंड्री के सामने बना पुल विमान संचालन के लिए दिक्कतें पैदा कर रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने NHAI को पत्र लिखा है। इसमें प्रस्ताव दिया गया है कि कानपुर रोड के दूसरी ओर मौजूद एयरपोर्ट की जमीन पर अंडरपास बनवाकर पुल के ट्रैफिक को शिफ्ट किया जाए। अथॉरिटी का दावा है कि पुल की वजह से 157 मीटर कम रनवे इस्तेमाल हो पा रहा है और लैंडिंग आगे करनी पड़ रही है। बड़े विमानों की लैंडिंग बिजनौर साइड से करवाई जा रही है। प्रस्ताव को लेकर दोनों अथॉरिटी जल्द बैठक करेंगी।

**एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पत्र लिखकर समाधान के लिए कहा**

अमौसी एयरपोर्ट पर कानपुर रोड की ओर रनवे से विमानों की लैंडिंग होती रही है। रनवे की लंबाई 2,744 मीटर है, लेकिन पुल होने के कारण विमानों की लैंडिंग रनवे पर 157 मीटर आगे से करनी पड़ रही है। ऐसे में 2,587 मीटर रनवे का ही उपयोग कानपुर छोर की तरफ से हो पा रहा है। ऐसे में कई विमानों की लैंडिंग बिजनौर साइड रनवे से करवाई जा रही है।

## हरीश चंद्र पंत वरिष्ठ अध्यक्ष, भरत सिंह बिष्ट बने महासचिव

■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तराखंड महापरिषद के हरीश चंद्र पंत को दोबारा वरिष्ठ अध्यक्ष और भरत सिंह बिष्ट को पुनः महासचिव पद पर मनोनीत किया गया। सोमवार को इसी के साथ ही परिषद की 51 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन हो गया।

**उत्तराखंड महापरिषद की 51 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन**

नव-निर्वाचित कार्यकारणी में मुख्य संयोजक पद पर भवान सिंह रावत, संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हेम चंद्र सिंह को मनोनीत किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, उपाध्यक्ष गोविन्द बल्लभ फुलारा, आरपी तिवारी, किशोर चन्द्र कोठारी, महेश चंद्र सिंह रौतेला, पूरन सिंह जीना, भुवन सिंह, सुरेश चंद्र पांडेय, महेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, सचिव राजेश बिष्ट, संयुक्त सचिव चन्द्रमणि जोशी, कोषाध्यक्ष केएस चुफाल, सह-कोषाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट, सांस्कृतिक सचिव महेंद्र सिंह गैलाकोटी, सह-सांस्कृतिक सचिव कैलाश सिंह, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह कनवाल, अशोक अग्रवाल, संगठन सचिव नंदन सिंह बिष्ट, सूबे.मे. बहादुर सिंह बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद जुयाल मनोनीत किए गए।

## कल संभलकर निकलें, कई रास्तों पर वाहनों की एंट्री नहीं

■ **NBT न्यूज, लखनऊ । नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बुधवार को हजरतगंज में आयोजित कार्यक्रमों के मद्देनजर 14 मार्गों के ट्रैफिक संचालन में फेरबदल किया गया है। डायवर्जन आवश्यकतानुसार लागू किया जाएगा।**

- महानगर, गोमतीनगर, यूपीटेक चौराहे से वाहन सिकंदरबाग चौराहे से सहारागंज मॉल, धिरेंद्रझील तिराहे की जगह सप्रू मार्ग तिराहा, डनलप तिराहा, सहारागंज तिराहा होकर सहारागंज मॉल पार्किंग तक जा सकेंगे।
- सहारागंज तिराहे से वाहन डनलप तिराहे, पुलिस आयुक्त आवास, सप्रू मार्ग तिराहे की जगह सिकंदरबाग चौराहे से सप्रू मार्ग होकर गुजरें।
- डनलप तिराहा, पुलिस आयुक्त आवास से वाहन सेंट फ्रांसिस, बैंक ऑफ इंडिया, अलका तिराहे की जगह सहारागंज, सप्रू मार्ग होकर जा सकेंगे।
- हजरतगंज चौराहे से वाहन अलका तिराहा या मेफेयर तिराहा होते हुए परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा की जगह सप्रू मार्ग तिराहे से बाएं डनलप तिराहा, सहारागंज तिराहा, धिरेंद्रझील तिराहा, संकल्प वाटिका होकर गुजर सकेंगे। वाहन हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग में जा सकेंगे।
- डालीबाग से वाहन हजरतगंज चौराहा होकर परिवर्तन चौक की जगह हुसैनगंज चौराहा, ओडियन सिनेमा, कैसरबाग होकर गुजर सकेंगे।
- अलीगंज, महानगर, कैसरबाग से वाहन परिवर्तन चौक होकर हजरतगंज चौराहे की जगह स्टेडियम तिराहा, धिरेंद्रझील तिराहा, संकल्प वाटिका या सिकंदरबाग होकर जा सकेंगे।
- लालबाग से वाहन वाल्मीकि तिराहे से दाहिने नहीं जा सकेंगे। वाहन तिराहे से बाएं डीएम आवास, प्रेस क्लब, परिवर्तन चौक होकर गुजर सकेंगे।
- नवल किशोर रोड, लीला टॉकीज तिराहा, बैंक ऑफ इंडिया तिराहा की जगह वाहन आयकर भवन तिराहा, सेंट लॉरेंस कॉलोनी होकर गुजर सकेंगे।
- लालबाग चौराहे से वाहन मेफेयर, अलका तिराहा की जगह कैपिटल तिराहा होकर गुजर सकेंगे।
- महानगर से रोडवेज और सिटी बसें सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहे की जगह संकल्प वाटिका तिराहा, बैकुंठधाम तिराहा, गांधी सेतु (1090) चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा होकर गुजर सकेंगी।
- अयोध्या रोड से कैसरबाग बस अड्डा आने-जाने वाली रोडवेज बसें सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा की जगह पीएनटी (बालू अड्डा) तिराहा, बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका ओवर ब्रिज, लक्ष्मण मेला बंधा, धिरेंद्रझील चौराहा, मोतीमहल तिराहा, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा, परिवर्तन चौक, क्लार्क्स अवध तिराहा, सीडीआरआई तिराहा होकर गुजर सकेंगी।
- कमता से सिटी बसें गांधी सेतु (1090) चौराहा, सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा की जगह गांधी सेतु (1090) चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा होकर गुजर सकेंगी।
- चारबाग से रोडवेज और सिटी बसें हजरतगंज केकेसी तिराहा, कुंवर जगदीश चौराहा, कैंट या हुसैनगंज चौराहा से कैसरबाग या रॉयल होटल (बापू भवन) चौराहा, डीएसओ चौराहा होकर गुजर सकेंगी।
- अब्दुल हमीद चौराहा से वाहन एमबी क्लब, नेहरू चौराहे की जगह अटल रोड, गुरुद्वारा चौराहा, कैंट होकर गुजर सकेंगे।

www.lucknow.nbt.in | लखनऊ | नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित)। मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

### KGMU जैसे संस्थान में तीन से छह माह की वेटिंग

# पीडियाट्रिक सर्जन की कमी से बिगड़ते हैं सर्जरी के केस

केजीएमयू में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में की गई चर्चा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : यूपी जैसे बड़े प्रदेश में 75 जिले होने के बावजूद पूरे प्रदेश में केवल 60 पीडियाट्रिक सर्जन ही कार्यरत हैं। इनमें से ज्यादातर बड़े शहरों तक सीमित हैं, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बच्चों को सर्जरी की समुचित सुविधा नहीं मिल पाती। यह जानकारी सोमवार को पीडियाट्रिक सर्जरी दिवस के अवसर पर केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विभाग के प्रमुख प्रो. जेडी रावत ने दी।

प्रो. जेडी रावत ने बताया कि केजीएमयू में बड़ी संख्या में ऐसे केस पहुंचते हैं, जो पहले ही बिगड़ चुके होते हैं। जागरूकता के अभाव में कई बार अकुशल या गैर-विशेषज्ञ सर्जन बच्चों की सर्जरी कर देते हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। यदि शुरुआत में ही बच्चों को बाल शल्य चिकित्सक के पास ले जाया जाए तो ऐसे मामलों को बिगड़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश में पीडियाट्रिक सर्जन की भारी कमी है। प्रो. रावत ने बताया कि जिलों में पीडियाट्रिक सर्जन की भारी कमी है, जिसकी वजह से KGMU जैसे बड़े संस्थानों में मरीजों का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल विभाग में सर्जरी के लिए तीन से छह माह की वेटिंग चल रही है।

**जागरूकता की कमी बड़ी चुनौती:** डॉ. अर्चिका गुप्ता ने बताया कि जन्मजात बीमारियों को लेकर परिवारीजनों में जागरूकता की कमी है। लगभग 50% मरीज देरी से अस्पताल पहुंचते हैं, जिससे इलाज जटिल हो जाता है। केजीएमयू के एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और ट्रॉमा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. प्रेमराज ने बताया कि बच्चों को बेहोशी देना अब पहले से अधिक सुरक्षित है। कार्यक्रम में प्रो. आनंद पांडेय, डॉ. अर्चिका गुप्ता और डॉ. गुरमीत सिंह मौजूद रहे।



केजीएमयू में सर्जरी के लिए भर्ती बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई और सभी बच्चों को विभाग की ओर से उपहार भी दिए गए।

## PET/CT स्कैन बताएगा, ट्यूमर से कितना प्रभावित है लिवर

केजीएमयू के डॉक्टरों ने AI की मदद से खोजा समाधान

■ अनंत शुक्ल, लखनऊ : लिवर कैंसर (मेडिकल टर्म : हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा) आज दुनियाभर में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। अब केजीएमयू के डॉक्टरों ने AI की मदद से इसका अधिक सटीक समाधान खोज लिया है।

अब तक लिवर की स्थिति का आकलन ब्लड टेस्ट और विभिन्न स्कोरिंग सिस्टम के जरिए किया जाता रहा है। हालांकि, इन तरीकों में कई सीमाएं हैं और कई बार लिवर की वास्तविक स्थिति का सही अनुमान नहीं लग पाता। खासतौर पर तब, जब लिवर में ट्यूमर फैल चुका हो।

KGMU के डॉ. प्रकाश सिंह और उनकी रिसर्च टीम ने एक अहम अध्ययन किया है। रिसर्च में लिवर कैंसर से पीड़ित 50 मरीजों को शामिल किया गया। मरीजों के रुटीन ब्लड टेस्ट के साथ-साथ एक विशेष PET/CT स्कैन किया गया। इसके बाद मशीन लर्निंग आधारित AI मॉडल की मदद से स्कैन की जानकारी को क्लिनिकल डेटा के साथ मिलाकर लिवर की वास्तविक सेहत का आकलन किया गया। स्टडी में यह सामने आया कि PET/CT स्कैन से मिलने वाली ये जानकारियां, जो यह बताती हैं कि ट्यूमर कितना सक्रिय है और लिवर में कितनी दूर तक फैला है, लिवर के स्वास्थ्य को आंकने के सबसे महत्वपूर्ण संकेतक साबित हुईं। यह तरीका पारंपरिक जांच विधियों की तुलना में अधिक सटीक है।

**आसान होगा इलाज:** शोधकर्ताओं के अनुसार नई तकनीक से डॉक्टर लिवर कैंसर के मरीजों के लिए अधिक सटीक और व्यक्तिगत इलाज की योजना बना सकेंगे। इससे अनावश्यक जोखिम कम होंगे और मरीजों के इलाज के नतीजे बेहतर हो सकेंगे।

**राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान:** इस महत्वपूर्ण रिसर्च के लिए डॉ. प्रकाश सिंह को चेन्नै में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शकुंतला कृष्णमूर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## 'मुंह में लौंग-सुपारी दबाकर सोना जानलेवा'



■ NBT न्यूज, लखनऊ: मुंह में सुपारी, लौंग या कोई अन्य वस्तु रखकर सोने की आदत से गंभीर खतरा हो सकता है। ऐसा ही एक मामला अपोलो हॉस्पिटल में सामने आया, जहां करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला छाती के संक्रमण और निमोनिया की शिकायत के साथ भर्ती हुईं। हालत बिगड़ने पर उन्हें आईसीयू में रखा गया। जांच में निमोनिया की पुष्टि हुई, लेकिन असली कारण ब्रोंकोस्कोपी के दौरान सामने आया, जब फेफड़े में सुपारी का टुकड़ा फंसा मिला। पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शुभम अग्रवाल ने बताया कि जनरल एनेस्थीसिया के तहत विशेष उपकरण से सुपारी निकाली गई। इसके बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ। डॉक्टरों के अनुसार नींद में मुंह में रखी वस्तु सांस के रास्ते फेफड़ों में पहुंच सकती है और लंबे समय तक संक्रमण का कारण बनती है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि रात में कुछ चबाते हुए सोना जान के लिए खतरा हो सकता है, इसलिए ऐसी आदतों से बचना जरूरी है।

## फटाफट खबरें

### निधि 2.0 शिविर में 76 मामले निस्तारित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की ओर से सोमवार को आयोजित 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम में 76 प्रकरण निस्तारित किए गए। लखनऊ समेत मंडल के जिलों में आयोजित शिविरों के दौरान पेंशन, दावा निपटान, केवाईसी अपडेट व पीएफ से संबंधित 94 शिकायतें प्राप्त हुईं।

### AI दवा के शोध को दे रहा बढ़ावा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: CDRI के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर एक व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान और AI के समन्वय से शोधों में हो रहे नए बदलाव पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राधा रंगराजन ने की। उन्होंने कहा कि AI रसायन एवं दवा अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के दरवाजे खोल रहा है। मौके पर डॉ. अरविंद के श्रत्री भी मौजूद थे।

### अमीनाबाद में खुली रहीं थोक दवा दुकानें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अमीनाबाद में ज्यादातर थोक दवा दुकानें सोमवार को भी खुली रहीं। रिटेल दुकानों पर दवाओं की कमी न होने पाए इसके लिए ये फैसला लिया गया। लखनऊ कैमिस्ट असोसिएशन ने सभी दुकानदारों की सहमति के बाद शीतकालीन छुट्टी स्थगित करने का निर्णय लिया।

## बेहोशी के डॉक्टर छुट्टी पर, बीआरडी में 22 दिन से ऑपरेशन बंद

अस्पताल प्रशासन ने नहीं किया वैकल्पिक इंतजाम

■ NBT न्यूज, लखनऊ: भाऊराव देवरस (बीआरडी) अस्पताल में बीते 22 दिन से मरीजों को ऑपरेशन के लिए दूसरे अस्पताल भेजा जा रहा है। असल में, यहां इकलौते एनेस्थीसिया के डॉक्टर साहब छुट्टी पर चले गए हैं। अस्पताल प्रशासन ने इसका वैकल्पिक इंतजाम तक नहीं किया है। इससे मरीजों के ऑपरेशन बंद हो गए हैं। अस्पताल में सिर्फ सिजेरियन हो रहे हैं। इसके लिए बेहोशी के डॉक्टर को दूसरे अस्पताल से ऑन कॉल बुलाया जाता है।

महानगर स्थित बीआरडी अस्पताल में 100 बेड हैं। यहां रोजाना ओपीडी में लगभग एक हजार से ज्यादा मरीज इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल की ओटी में हर दिन मेजर-माइनर मिलाकर दस से ज्यादा ऑपरेशन होते हैं। अस्पताल में एक एनेस्थीसिया के डॉक्टर पुनर्नियुक्ति पर तैनात हैं। उनका कार्यकाल खत्म होने वाला है। डॉक्टर लंबे समय से छुट्टी पर चले गए हैं। सीएमएस डॉ. रंजीत ने बताया कि एनेस्थीसिया के डॉक्टर को तैनात किए जाने के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा गया है।

## राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में जांच न होने से मरीज परेशान

मरीज ओपीडी के चक्कर काटने को मजबूर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राजकीय आयुर्वेद कॉलेज की ओपीडी में इलाज कराने आ रहे मरीजों को जांच बाहर से करानी पड़ रही है। यहां की एक्सरे मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है, जिसके चलते एक्सरे जांच नहीं हो पा रही। रोजाना बड़ी संख्या में मरीज जांच के लिए भटक रहे हैं और मजबूरी में उन्हें निजी या अन्य सरकारी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। इलाज में देरी के अलावा कई बार मरीज दोबारा ओपीडी के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

पैथालॉजी विभाग में भी सीमित जांच होने से हालात और गंभीर हो गए हैं। मरीजों का कहना है कि सुविधा न मिलने से उन्हें कई जगह भटकना पड़ रहा है। कॉलेज की ओपीडी में रोजाना डेढ़ हजार से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं, लेकिन जांच सुविधाओं के अभाव में सिर्फ गिने-चुने मरीजों की ही जांच हो पा रही है। प्राचार्य डॉ. दिनेश मौर्य के अनुसार नई एक्सरे मशीन के लिए शासन को लिखा गया है।

## समर्थ ने पुराने छात्रों का बदल दिया एनरोलमेंट नंबर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स के पहले सेमेस्टर के छात्रों के लिए समर्थ पोर्टल ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। कॉलेजों की ओर से पीजी के पहले सेमेस्टर के छात्रों के परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल पर भरवाए गए हैं। इसमें पोर्टल ने नए छात्रों के साथ एलयू से ही यूजी कर चुके स्टूडेंट्स का भी नया एनरोलमेंट नंबर जनरेट कर दिया है। ऐसे में इन स्टूडेंट्स को जहां नए एनरोलमेंट की अतिरिक्त फीस देनी होगी, वहीं उनके यूजी और पीजी के अलग-अलग एनरोलमेंट नंबर हो गए हैं। एलयू के कई कॉलेजों से आपत्ति मिलने के बाद विवि समस्या का समाधान खोज रहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय से यूजी करने वाले स्टूडेंट्स अगर पीजी कोर्स में दाखिला लेते हैं तो उनका एनरोलमेंट वही रहता है जो यूजी में था। जब तक छात्र विवि में पढ़ता रहता है, तब तक उसका एनरोलमेंट नंबर नहीं बदलता है। किसी दूसरे विश्वविद्यालय से आने पर नया एनरोलमेंट नंबर जनरेट होता है, जिसके लिए 500 रुपये फीस देनी होती है। इस बार पीजी की परीक्षा के लिए पहले को छोड़कर बाकी सेमेस्टर के फॉर्म एलयू ने अपने पोर्टल से भरवाए तो उसमें कोई समस्या नहीं आई। सिर्फ पहले सेमेस्टर के फॉर्म समर्थ पोर्टल से भरवाए गए हैं। इससे दिक्कत यह हुई कि पोर्टल ने एलयू के पुराने छात्रों का भी नया एनरोलमेंट नंबर जनरेट कर दिया है। अब कॉलेज और विवि दोनों परेशान हैं कि इस समस्या को कैसे दूर किया जाए।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### नए एनरोलमेंट से क्या दिक्कत?

नियमानुसार, एलयू से यूजी करने पर स्टूडेंट्स से पीजी में दाखिला लेने पर एनरोलमेंट फीस नहीं ली जाती है। अब पीजी में नया एनरोलमेंट नंबर जारी होने से कॉलेजों को 500 रुपये प्रति छात्र अतिरिक्त देने होंगे। मसलन, किसी कॉलेज में 200 छात्र हैं तो कॉलेज को एक लाख फीस अतिरिक्त देनी होगी, जबकि छात्रों से फीस मांगने पर इसका विरोध होने की भी आशंका है। इसके अलावा छात्रों के पासआउट होने पर माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने में दिक्कत होगी, क्योंकि माइग्रेशन एनरोलमेंट नंबर से ही जारी किया जाता है। वहीं, स्टूडेंट्स का रेकॉर्ड भी एनरोलमेंट नंबर से चेक होता है। ऐसे में पीजी के छात्रों का जब एनरोलमेंट नंबर डाला जाएगा तो उनका यूजी का रेकॉर्ड सामने नहीं आएगा, क्योंकि यूजी का एनरोलमेंट नंबर अलग हो गया है।

**दो-दो एनरोलमेंट नंबर जारी होने की समस्या जानकारी में है। विवि प्रशासन इसका समाधान निकाल रहा है।**

-डॉ. मुकुल श्रीवास्तव, प्रवक्ता, एलयू

## कला-संस्कृति

गोमतीनगर स्थित बौद्ध शोध संस्थान में सवेरा फाउंडेशन की ओर से हुआ नाटक का मंचन


# 'धनुष भंग' से सजी रामलीला की लोक परंपरा

■ NBT न्यूज, लखनऊ

गोमतीनगर स्थित बौद्ध शोध संस्थान में सोमवार को सवेरा फाउंडेशन की ओर से पारंपरिक लोकनाट्य 'धनुष भंग' का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन श्रीपाल गौड़ ने किया।

नाटक की प्रस्तुति रामलीला के प्रमुख प्रसंग धनुष भंग पर आधारित रही, जिसकी कथा मारीच दरबार से आरंभ होकर विश्वामित्र के आश्रम की रक्षा, राम-लक्ष्मण द्वारा राक्षसों के वध और जनकपुर में आयोजित सीता स्वयंवर तक विस्तृत रही। धनुष भंग के पश्चात परशुराम का प्रवेश, लक्ष्मण-परशुराम संवाद तथा राम द्वारा परशुराम के संदेह के समाधान के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ। पारम्परिक लोकनाट्य शैली में प्रस्तुत नाटक में हास्य और रस परिवर्तन हेतु बीच-बीच में मनोरंजक दृश्य जोड़े गए जिससे मंचन और भी रोचक हो गया। लेखक राम कुमार त्रिपाठी द्वारा रचित सशक्त संवादों और दृश्यों को दर्शकों ने खूब सराहा। नाटक में अक्षत ऋषि, ओमकार पुष्कर, रिमझिम वर्मा, संजय शर्मा, संजय त्रिपाठी नीरज भूमिका निभाई।

धनुष भंग का मंचन



## डॉ. हेडगेवार, गुरुजी और देवरस के जीवन को मंच पर उतारा

नाटक 'संघ गंगा के तीन भागीरथ' का हुआ मंचन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राष्ट्रीय स्वयं सेवक के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर गुरुजी व तृतीय सरसंघचालक बाला साहेब देवरस के आरएसएस और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को मंच पर उतारा गया। संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ शताब्दी वर्ष के तहत संस्कार भारती, अवध प्रांत की ओर से सोमवार को कैसरबाग स्थित कलामंडपम प्रेक्षागृह में नाटक 'संघ गंगा के तीन भागीरथ' के जरिए इन तीन महान विभूतियों के जीवन को मंच पर दर्शाया गया। नाटक की प्रस्तुति नागपुर की नाट्य संस्था राधिका क्रिएशन की ओर से दी गई।




CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 12-30-2025 00:18 Color:





प्रदेश स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। -p4



शहर में धड़ल्ले से हुक्का बार चलाए जा रहे हैं। पुलिस ने एक हुक्का बार पर छापेमारी कर 3 लोगों को अरेस्ट किया है। -p5

**136** रहा लखनऊ का AQI सोमवार को। हवा मॉडरेट रही।

**1912** पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते हैं शिकायत।




# शहर की पहचान को बना दिया बाज़ार

## घंटाघर पार्क में दुकानें लगवाकर वसूली कर रहा हुसैनाबाद ट्रस्ट, तालाब की सीढ़ियां तक बेच डालीं

Photos : Sunil Kumar Raidas









दुकानें लगने से सड़क इतनी संकरी हो गई है कि एक बार में एक गाड़ी ही निकल पाती है।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी की पहचान कहे जाने वाले घंटाघर के आसपास की जमीनें पर दुकानें लगवाकर धड़ल्ले से वसूली की जा रही है। हुसैनाबाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने घंटाघर पार्क को बाजार में तब्दील कर दिया है। हालात ये हैं कि पार्क की जगह ही नहीं बची है और शीशमहल तालाब की सीढ़ियों तक पर रेस्टोरेंट खुलवा दिए गए हैं। इस वजह से पार्क के आसपास शाम होते ही गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं और जाम लगा रहता है।

### हर दिन वसूला जाता है शुल्क

हुसैनाबाद ट्रस्ट घंटाघर के आसपास दुकानों के साइज के हिसाब से दुकानदारों से रोज 25, 50, 100 और 150 रुपये वसूल रहा है। दुकानदारों से यह रकम सफाई और मेंटेनेंस के नाम पर ली जा रही है। हुसैनाबाद ट्रस्ट की जमीन पर करीब 250 दुकानें और करीब 150 ठेले रोज लग रहे हैं। अस्थायी दुकानदारों से रोज 12 से 15 हजार रुपये तक की वसूली की जा रही है। क्योंकि दुकानें ट्रस्ट की जमीन पर लगती हैं, इसलिए पुलिस भी कोई हस्तक्षेप नहीं करती है। यही नहीं, शीशमहल तालाब की सीढ़ियों पर रेस्टोरेंट खुलवा दिए गए हैं। ट्रस्ट के एक पूर्व ठेकेदार का कहना है कि जमीन पर दुकान लगाने पर 25 रुपये और ठेला लगाने पर 50 रुपये का टोकन कटवाना होता है। मौजूदा ठेकेदार अरशद और शानू दुकानदारों से सुविधा शुल्क लेते हैं। हालांकि, घंटाघर की दूसरी ओर लगने वाली दुकानों से वसूली नहीं होती, क्योंकि वह एरिया ट्रस्ट का नहीं है। वहां की जिम्मेदारी नगर निगम की है।

### अराजक तत्वों का जमावड़ा

घंटाघर के आसपास बेतरतीब ढंग से दुकानें किराए पर देने से वहां अराजक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। शाम होते ही बाइकर्स और अन्य लोग अपनी गाड़ियां पार्क के सामने रोड पर खड़ी कर देते हैं। सड़क के दूसरी तरफ भी ठेलों के पास गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इसकी वजह से वहां जाम लगा रहता है। दोनों ओर से सिर्फ एक गाड़ी ही एक बार में निकल पाती है। पुलिस सख्ती दिखाती है तो एक-दो दिन कुछ राहत रहती है। इसके बाद हालात पहले जैसे ही हो जाते हैं।

### एक युवक की हो चुकी है मौत

घंटाघर पार्क की बेंच पर बीते दिनों एक युवक मृत पाया गया था। वह पॉलिथिन से ढका था। शव करीब दो दिन पुराना था। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि पार्क के आसपास नशेड़ियों का भी जमावड़ा रहता है। करीब चार साल पहले घंटाघर पार्क की सीढ़ियों के पास भी एक युवक का शव मिला था। उसके पास से नशे की गोलियां और इंजेक्शन मिले थे।

### ट्रस्ट के ज़िम्मेदारों के जवाब देखिये



घंटाघर पार्क के पास लगने वाले जाम की वजह तलाशने की जिम्मेदारी सोमवार को एडीएम सिटी एमपी सिंह को दी गई है। इसके लिए एक कमिटी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें नगर निगम, हुसैनाबाद ट्रस्ट और पुलिस के संबंधित अफसरों को भी शामिल किया जा रहा है। दुकानों के आवंटन की रिपोर्ट भी ट्रस्ट से मांगी गई है। कमिटी की रिपोर्ट मिलने के बाद सुधार के लिए जो भी आवश्यक उपाय होंगे, वे किए जाएंगे।

*- विशाख जी, डीएम और अध्यक्ष, हुसैनाबाद ट्रस्ट*



ट्रस्ट की ओर से टेंडर के जरिए दुकानदारों से शुल्क लेने का ठेका दिया गया है। यह रकम ट्रस्ट के पास ही रहती है, जिससे साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संचालित की जाती हैं। ट्रस्ट नियमानुसार अपनी संपत्ति को रेंट पर दे सकता है। दुकानों का शुल्क भी निर्धारित है। तय शुल्क से ज्यादा की वसूली नहीं की जा सकती।

*- हबीबुल हसन, कार्यालय अधीक्षक, हुसैनाबाद ट्रस्ट*

# वाणिज्य बंधु की बैठक में उठा चौक में जाम का मुद्दा

## व्यापारियों ने DM को बताए हालात, बनेगी कमिटी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

वाणिज्य बंधु की बैठक में सोमवार को चौक में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा जोर-शोर से उठा। व्यापारियों ने डीएम को हालात से अवगत करवाया और इलाके की समस्याएं बताईं। इसके अलावा रकाबगंज में लगने वाली अवैध सब्जी मंडी समेत अन्य बाजारों की दिक्कतों को व्यापारियों ने बताया। डीएम ने एडीएम पूर्वी की कमिटी गठित कर संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर समाधान करवाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सोमवार को वाणिज्य बंधु की बैठक डीएम विशाख जी. की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री अनुराग मिश्र ने कहा कि चौक क्षेत्र पुराने शहर का प्रमुख व्यापारिक और सामाजिक केंद्र है। करीब 5 लाख की आबादी रोज चौक क्षेत्र का उपयोग करती है। केजीएमयू और लारी कार्डियोलजी संस्थान इसी क्षेत्र में होने के कारण अतिगंभीर मरीजों की आवाजाही भी इसी मार्ग से होती है। इसके बावजूद यहां अतिक्रमण व जाम से लोग परेशान हैं। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि रकाबगंज सब्जी मंडी कई बार हटाई गई, लेकिन वह फिर लग जाती है। इस कारण लगने वाले जाम से यहियागंज, पांडेगंज, मौलवीगंज और नक्खास के बाजारों में भी कारोबार प्रभावित हो रहा है।

युवा अध्यक्ष व्यापारी नेता मनीष गुप्ता ने हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स, सीवर टैक्स, लाइसेंस शुल्क देने के बावजूद नगर निगम से मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर चिंता जताई। राजू शुक्ला ने बाजारों में बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। बैठक में हरीश शाह, राजू शुक्ला, संजीव अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

### यहां दिनभर रहता है जाम

- केजीएमयू से चौक चौराहा जाने वाला मार्ग।
- चौक चौराहे से कोनेश्वर चौराहे व बालागंज चौराहे को जाने वाली सड़क।
- हुसैनाबाद घंटाघर से पक्का पुल होते हुए डालीगंज पुल तक का मुख्य मार्ग।
- घरक चौराहे से रूमी गेट जाने वाला मार्ग।
- मेडिकल कॉलेज चौराहे के आसपास का क्षेत्र।

### व्यापारियों ने दिए सुझाव

- मेडिकल कॉलेज से चौक जाने वाले मार्ग पर फ्लाईओवर के नीचे से रूमी गेट को जाने वाले मार्ग की बैरिकेडिंग हटाई जाए।
- खुन-खुन जी गर्ल्स कॉलेज के सामने लगने वाली बकरा और फूल मंडी को हटाया जाए।
- हुसैनाबाद ट्रस्ट की भूमि पर अवैध रूप से लग रहे बाजार और फूड स्टॉल हटवाए जाएं।
- चौक चौराहा व उसके आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाए।
- चौक से मेडिकल कॉलेज और सुभाष मार्ग क्षेत्र के लिए नई भूमिगत पार्किंग बने और सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग रोकी जाए।
- ट्रैफिक के प्रभावी प्रबंधन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों का संयुक्त दल गठित कर स्थलीय निरीक्षण करवाया जाए।
- साप्ताहिक बाजार शहर के बाहर खुले स्थानों पर स्थानांतरित किए जाएं।

### NBT के साथ आए व्यापारी



व्यापारियों ने NBT में ट्रैफिक अव्यवस्था और अतिक्रमण पर प्रकाशित खबरों का संकलन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा।

### लोडिंग-अनलोडिंग से भी लगता है सड़क पर जाम

पांडेगंज, नक्खास, नादान महल रोड, रकाबगंज और सुभाष मार्ग पर दुकानदारों ने फुटपाथों पर भी कब्जा कर लिया है। सड़क पर पार्किंग रहने के साथ बाकी बची सड़क पर दिनभर गाड़ियों की लोडिंग-अनलोडिंग होने से राहगीरों का गुजरना मुश्किल है। रकाबगंज से लेकर नक्खास और सुभाष मार्ग तक दिनभर हाफ डाल और ठेले सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इन मार्गों पर जाम की एक बड़ी वजह अतिक्रमण भी है।

### ई-कॉमर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी लागू करने की मांग

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर रिटेल सेक्टर के परंपरागत व्यापारियों के व्यापार को बचाने के लिए देश में ई-कॉमर्स पॉलिसी और रिटेल ट्रेड पॉलिसी लागू किए जाने की मांग की। उत्तर प्रदेश आदर्श सराफा व्यापार मंडल के प्रभारी क्षितिज अवस्थी ने ज्वेलर्स के लिए साहूकारी लाइसेंस व्यवस्था फिर शुरू करने की मांग की।

**संबंधित विभागों की कमिटी करेगी समाधान**

डीएम ने एडीएम पूर्वी को संबंधित विभागों की एक कमिटी बनाकर समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया है। कमिटी की रिपोर्ट के आधार ट्रैफिक सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कमिटी के सदस्य व्यापार संघों के साथ बैठक कर समाधान तलाशेंगे।

### शहर में आज

- दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान की ओर से स्व. डॉ. शिव कुमार अस्थाना का जयंती समारोह, कॉमन हॉल, बी-ब्लॉक, दारुल शफा, दोपहर 2 बजे।
- यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस का चार स्थानों पर प्रदर्शन, यूनियन बैंक, कपूरथला चौराहा, सेंट्रल बैंक, हजरतगंज, बैंक ऑफ इंडिया चौक, केनरा बैंक, गोमती नगर, शाम 5 बजे, पंजाब नेशनल बैंक, विवेक खंड गोमती नगर, दोपहर 2 बजे।
- श्रीमद्भागवत महापुराण कथा, गायत्री दुर्गा शिव मंदिर, एफ-ब्लॉक, मल्टी स्टोरी, राजाजीपुरम, शाम 6 बजे।
- अवसर सांस्कृतिक की ओर से नाटक अरे शरीफ लोग का मंचन, बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह, गोमती नगर, शाम 7:45 बजे।

# आवास विभाग, PWD को नए विधानभवन का ज़िम्मा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सहारा शहर से खाली करवाई गई जमीन नए विधान भवन के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। आवास विभाग की देखरेख में PWD को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। राज्य संपत्ति विभाग की ओर से नए विधान भवन के निर्माण को लेकर 23 दिसंबर को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें भवन के स्वरूप, डिजाइन और भूमि चयन से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई।



सहारा समूह से खाली करवाई गई जमीन पर निर्माण का रास्ता करीब-करीब साफ

नए विधान भवन और सचिवालय परिसर के निर्माण व विकास के लिए शासन ने विभागीय जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को इस परियोजना का नोडल विभाग बनाया गया है। PWD को एक मुख्य अभियंता की अगुआई में विशेष कार्य इकाई गठित कर परियोजना को आगे बढ़ाने के निर्देश दिया गया है। बैठक में सहारा की जमीन को अंतिम विकल्प माना गया है। इसकी विधिक स्थिति की भी जानकारी ली गई है। नोडल विभाग और PWD के बीच समयसीमा तय करने पर भी बात हुई है। एलडीए वीसी को सभी आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं

# कोहरे में अटकी ट्रेनें, कम पड़ने लगे रैक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कोहरे की वजह से ट्रेनों का संचालन पहले से गड़बड़ था। वहीं, इस बीच आसनसोल मंडल के लाहाबन-सिमुलतला रूट पर मालगाड़ी के पटरी से उतरने से संकट और बढ़ गया। ट्रेनें समय से अपने गंतव्य नहीं पहुंच पाईं। इसकी वजह से रैक (कोच) की कमी पड़ने पर रेलवे ने 12370 कुंभ एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया।

**रैक की कमी की वजह से कुंभ एक्सप्रेस निरस्त**


हालांकि रेलवे ने रैक की अनुपलब्धता की वजह दुर्घटना को बताया है, क्योंकि इसकी वजह से रूट बदला गया था। इसके पहले लेट होने की वजह से लखनऊ से दिल्ली के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस भी दो दिन निरस्त हो चुकी है। निरस्त करने की पीछे की बड़ी वजह रैक की कमी होती है, क्योंकि आने-जाने वाली ट्रेनों के रैक एक ही होते हैं। मसलन, तेजस एक्सप्रेस लखनऊ से दिल्ली जाती है और वापसी में उसी रैक के साथ आती है। हालांकि इससे लंबी दूरी की नियमित ट्रेनों में आने-जाने के रैक अलग-अलग होते हैं, लेकिन कोहरे की वजह से ट्रेनें बीच राह अटक गई हैं। ऐसे में उनका समय से संचालन नहीं होने से निरस्तीकरण बढ़ रहा है। वहीं, सोमवार को लखनऊ होकर आने-जाने वाली 32 ट्रेनें एक से 12 घंटे की देरी का शिकार हुई हैं।

**विमान भी हुए लेट :** कोहरे की वजह से विमान सेवाएं भी लेट हैं। सोमवार को 25 विमान एक से तीन घंटे की देरी का शिकार हुए। इस दौरान एयरपोर्ट पर यात्री परेशान रहे।

### मौसम खुला, आज घने कोहरे के आसार

■ NBT रिपोर्ट लखनऊ : शहर में सोमवार को ठंड के तेवर कुछ कम हुए। सुबह शहर के अलग-अलग इलाकों में कोहरा छाया रहा हालांकि दिन चढ़ने के साथ धूप खिलने से राहत भी मिली। दिन का पारा रविवार की तुलना में बढ़ा। 15.3 डिग्री से बढ़कर पारा 17.1 डिग्री पहुंच गया। वहीं, रात का पारा 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अमौसी स्थित लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि आगामी तीन से चार दिन तापमान में बढ़त होगी और ठिठुराती ठंड से कुछ राहत मिलेगी। शहर में मंगलवार को सुबह मध्यम से घना कोहरा छाएगा, जो दिन चढ़ने के साथ धीरे-धीरे छटेगा, फिर धूप खिलने की संभावना है।

# अमौसी एयरपोर्ट के पीछे 21 रो-हाउस पर चला बुलडोज़र



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एलडीए की जोन दो की टीम ने सोमवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अमौसी एयरपोर्ट के पीछे बनी अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया है। इस दौरान निजी बिल्डर द्वारा कॉलोनी में बनाए गए 21 रो-हाउस भवनों को जमींदोज कर दिया गया।

**ले-आउट व मानचित्र स्वीकृत करवाए बिना हुआ था निर्माण**

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बिजनौर थानाक्षेत्र में अमौसी एयरपोर्ट के पीछे बिल्डर राधेश्याम ओझा व अन्य लोगों द्वारा लगभग 5,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करते हुए 21 रो-हाउस बनवाए थे। एलडीए से ले-आउट व मानचित्र स्वीकृत करवाए बिना किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय में ध्वस्तीकरण के आदेश जारी थे। इस बीच बिल्डर ने विहित प्राधिकारी न्यायालय के आदेश के खिलाफ आयुक्त न्यायालय और फिर उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की, जहां से बिल्डर को किसी भी प्रकार की कोई राहत नहीं मिली। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने उक्त प्रकरण में तत्काल अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया के अगुआई में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय और दिनेश वर्मा समेत टीम ने मौके पर अभियान चलाया गया।

### फीडर में काम कर रहा युवक हाईटेंशन लाइन से झुलसा

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : रहीमाबाद विद्युत उपकेंद्र पर सोमवार दोपहर नया फीडर बनाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। काम कर रहा 30 वर्षीय युवक अनिल कुमार चालू हाईटेंशन लाइन के खुले तार की चपेट में आकर झुलस गया। अनिल को ठेकेदार पीयूष टंडन आनन-फानन इलाज के लिए लखनऊ ले गए। ठेकेदार के अनुसार हादसे के बाद धमाके के साथ उपकेंद्र में धुआं भर गया। मौके पर मौजूद एसएसओ पंकज कुमार और अजीत कुमार ने तुरंत बिजली सप्लाई बंद करवाई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ शिवकुमारी ने खुले तारों पर टेप लगाने निर्देश दिए हैं।



NBT में खबर प्रकाशित होने के बाद चेता पीजीआई प्रशासन, शुरू की कवायद

# PGI की दो बड़ी टिन शेड पार्किंग बनाई गईं रैन बसेरा

■ NBT न्यूज लखनऊ

पीजीआई के गेट नंबर दो के पास बनी टिन शेड पार्किंग को अस्थायी रैन बसेरा बना दिया गया है। इसे पूरी तरह से कवर्ड किया गया है। एक हिस्से में एक वक्त में दो सौ से ज्यादा लोग सो सकते हैं। दोनों हिस्सों को मिलाकर करीब साढ़े चार सौ लोगों के ठहरने का इंतजाम हो गया है। जमीन पर कारपेट बिछाए गए हैं। पीजीआई प्रशासन का दावा है कि सोमवार रात करीब सवा दो सौ कंबल बांटे गए।

बीते 27 दिसंबर के अंक में NBT ने इन खुले हुए टिन शेड के नीचे रात सर्द हवाओं और गलन के बीच रात गुजारने वाले तीमारदारों के दर्द को साझा किया था, जिसके बाद पीजीआई प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए आज दोनों टिन शेड के हिस्सों को पूरी तरह कवर करके रैन बसेरा बना दिया है। पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे।





NBT ने 28 दिसंबर के अंक में उठाया था मुद्दा।



पार्किंग को अस्थायी रैन बसेरा बनाकर कवर कर दिया गया है।



निदेशक प्रो. आरके धीमन ने जरूरतमंदों को कंबल भी बांटे।

**11 मंजिला हाईटेक रैन बसेरे में रहेंगे 1024 बेड**

प्रो. धीमन बताया कि 11 मंजिला हाईटेक रैन बसेरा तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। अगले साल की सर्दी से पहले पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसमें 1024 बेड रहेंगे। सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यूपी के सभी जिलों में रैन बसेरे दुरुस्त करने के निर्देश दे रखे हैं।

प्रो. धीमन के मुताबिक, आज सवा दो सौ कंबल बांटे गए। मंगलवार को करीब ढाई सौ और कंबल बांटने के अलावा अलाव का भी इंतजाम किया जाएगा। पीजीआई में इलाज कराने के लिए बहुत दूर-दूर से मरीज आते हैं। मरीजों के साथ तीमारदारों को पांच-छह दिन से ज्यादा तक टिकना पड़ता है। पीजीआई में दिनों-दिन दूसरे राज्यों से मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हमने पहले जो रैन बसेरे बनाए हैं, उन्हें बढ़ाते हुए तीमारदारों के लिए दो और अस्थायी रैन बसेरा 31 जनवरी तक के लिए बनाए हैं। जरूरत पड़ने पर इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा।

### 'जितना काम करवाया, उतना ही होगा भुगतान'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : वसंतकुंज योजना में नव निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य लोकार्पण कार्यक्रम के बनाई गई अस्थायी पार्किंग के अधिक भुगतान को लेकर सोमवार को LDA की ओर से सफाई दी गई है। LDA की ओर से कहा गया है कि अभी किसी भी काम का भुगतान नहीं हुआ है। वीसी प्रथमेश कुमार का कहना है कि भुगतान बढ़ाने की बात सही नहीं है।

दरअसल, लोकार्पण कार्यक्रम के तहत राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास कुल 14 अस्थायी पार्किंग बनाई गई थीं। पार्किंग स्थल पर लैंड फिलिंग, लेवलिंग व मुख्य मार्ग से स्थल पर प्रवेश एवं निकासी के लिए रैंप का निर्माण कार्य करवाया गया था। समस्त पार्किंग स्थलों पर जितना काम कराया गया है, उसी के सापेक्ष भुगतान किया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: ccl Time: 12-30-2025 00:15 Color:




# खेल प्रशिक्षकों की उम्र सीमा तय नहीं, मानदेय पर भी असमंजस

## शासनादेश में सेवानिवृत्ति की आयु सीमा नहीं तय की गई

■ आशीष राजपूत, लखनऊ

खेल विभाग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में तैनात करने के मामले में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। खिलाड़ियों को बतौर प्रशिक्षक नियुक्त तो कर दिया गया, लेकिन सेवानिवृत्ति की आयु सीमा तय नहीं की गई है। यह चूक करीब तीन साल तक शासन और विभाग की नजर से बाहर रही। हाल में जब अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई तो नियम तय करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। खेल विभाग ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स हॉस्टलों में प्रशिक्षक के रूप में तैनात किया था। इन प्रशिक्षकों को प्रति माह डेढ़ लाख रुपये मानदेय दिया जा रहा है। प्रदेश में वर्तमान में करीब 14 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस व्यवस्था के तहत कार्यरत हैं, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया कि वे किस उम्र तक सेवाएं दे सकेंगे। शासनादेश तैयार करते समय अधिकारियों ने सेवानिवृत्ति की आयु सीमा से जुड़ा प्रावधान शामिल ही नहीं किया। इस लापरवाही ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



AI Image

### समिति बनाकर शुरू हुई कार्रवाई

मामले में निदेशक (खेल) डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि करीब तीन से चार महीने पहले विभाग को इस खामी की जानकारी मिली थी। इसके बाद तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट को जल्द ही शासन को भेजा जाएगा, ताकि तैनाती और सेवानिवृत्ति से जुड़े नियम लागू किए जा सकें।

### संस्तुति 11 महीने की, वेतन 12 माह का

अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों को फिलहाल वर्ष के 12 महीने मानदेय दिया जा रहा है। हालांकि, समिति ने 11 महीने वेतन देने की संस्तुति की है। साथ ही भविष्य में प्रशिक्षकों की नियुक्ति से पहले एनआईएस से डिग्री या डिप्लोमा अनिवार्य करने का सुझाव शामिल किया गया है।

### कौन थे समिति के सदस्य

डॉ. आरपी सिंह के अनुसार सेवानिवृत्ति की उम्र तय करने के लिए समिति बनाई गई थी। समिति में बुलंदशहर से आरएसओ नवीन, लखनऊ से संयुक्त निदेशक आरएन सिंह और अयोध्या के आरएसओ अनिमेष सक्सेना को शामिल किया गया था। समिति ने सेवानिवृत्ति की आयु सीमा, वेतन वितरण और शैक्षणिक योग्यता से जुड़े मानकों पर अपनी रिपोर्ट निदेशालय को सौंप दी है, जिस पर शासन स्तर से निर्णय लिया जाना है।

# CUET से ही होंगे शकुंतला विवि में पीजी के दाखिले

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अगले सत्र सभी पीजी कोर्स में सीयूईटी के माध्यम से दाखिले लिए जाएंगे। सोमवार को विवि में प्रवेश समिति की बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया है। विवि में 29 पाठ्यक्रम (PG) पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिसमें कुल 1063 सीटों पर इस बार दाखिले लिए जाएंगे। एनटीए की ओर से सीयूईटी पीजी की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी यूजी कोर्सों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विवि में इस साल जिन पीजी कोर्सों में सीयूईटी से दाखिले होंगे उसमें बीएड व एमएड विशेष शिक्षा, एमएलएम, एमए, एमबीए, एमकॉम, एमएससी, एमएसडब्ल्यू, एमपीए, एमटेक, एमफार्म और एमबीए पाठ्यक्रम संचालित होगा। प्रवक्ता यशवंत वीरेंद्र ने बताया कि सीयूईटी परिणाम जारी होने के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश से संबंधित विस्तृत सूचना, काउंसलिंग कार्यक्रम और मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए सीयूईटी से ही दाखिले का निर्णय लिया गया है। 14 जनवरी तक अभ्यर्थी एनटीए की वेबसाइट के जरिए सीयूईटी पीजी के लिए पंजीकरण व आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। इस साल में विवि की ओर से सीयूईटी के माध्यम से ही दाखिले लिए गए हैं लेकिन सीयूईटी से विवि की सीटें नहीं भर सकी थीं। ऐसे में विवि प्रशासन की ओर से मजबूरी में नॉनसीयूईटी अभ्यर्थियों के लिए दाखिले खोले गए तब सीटें भर सकीं।



विवि की प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# अनिल-लक्ष्मण चैंपियन, ओम, सासा, आयराह फाइनल में

## प्रदेश स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट

सिटी स्पोर्ट्स



■NBT न्यूज, लखनऊ: आफताब आलम व पंकज त्यागी की जोड़ी के खिलाफ शहर के अनिल कुमार व लक्ष्मण सिंह की जोड़ी ने बेहतरीन कोर्ट कवरेज, स्मैश और फुलहैंड का प्रदर्शन करते हुए 60 वर्ष से अधिक कैटेगरी में जीत हासिल की और चैंपियन बने। अनिल व लक्ष्मण ने अपनी उम्र के विपरीत धमाकेदार मुकाबला खेलते हुए 6-1 से जीत हासिल की। वहीं, सेमीफाइनल मुकाबलों में शहर से ओम यादव, सासा कटियार और आयराह ने मुकाबले जीते और फाइनल में जगह बनाई।

गोमती नगर विनयखंड खंड मिनी स्टेडियम में खेले जा रहे प्रदेश स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पुरुष वर्ग में ओम यादव ने अभिषेक यादव के खिलाफ जीत हासिल की। आगरा से हनु वर्मा ने वरुण यादव को 3-0 से हराया। महिला वर्ग में सासा कटियार ने संस्कृति गौतम से जीत हासिल की। वहीं, आयराह ने सेमीफाइनल में वंशिका जादौन को 3-1 से हराया। मंगलवार को शहर के ओम यादव के सामने के आगरा के हनु वर्मा की चुनौती होगी। शहर की सासा के सामने शहर की ही आयराह चुनौती पेश करेंगी।

## प्रांजल, अनुराग, संस्कार और आर्यन को स्वर्ण पदक

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: 29वीं संगम लाल नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अवध कॉलेजिएट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 27 व 28 दिसंबरको लायर्स असोसिएशन हॉल, कानपुर में हुए दो दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यालय ने कुल 10 पदक जीते। प्रांजल, अनुराग सिंह, संस्कार द्विवेदी और आर्यन राय ने स्वर्ण पदक जीते। जोसवा विक्टर व प्रिंस यादव को रजत पदक प्राप्त हुआ, जबकि आजमा सिराज, आर्यश, सत्यम पाण्डे और आदर्श यादव ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर यूपी रहा। ओवर ऑल चैंपियन राजस्थान रहा।

## आदित्य की गेंदबाजी से UP रेंजर्स जीता

■NBT न्यूज, लखनऊ: आदित्य यादव की घातक गेंदबाजी की बदौलत यूपी रैंजर्स क्लब ने सोमवार को निशात क्लब के खिलाफ 12 रन से जीत हासिल की। सिंद्धा क्रिकेट अकैडमी पर हुए मैच में यूपी रैंजर्स ने 26.1 ओवर में अपने सभी विकेट गंवा कर 90 रन बनाए। मो. मुशाहिद ने सबसे अधिक 21 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी निशात की टीम 78 रन ही बना सकी। आदित्य यादव प्लेयर ऑफ द मैच बने।

## स्पोर्ट्स कॉलेज और स्पोर्ट्स हॉस्टल सेमीफाइनल में

■NBT न्यूज, लखनऊ: गोमतीनगर स्थित मेजर ध्यानचंद शहीद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सोमवार को जूनियर पुरुष स्टेट हॉकी टूर्नामेंट में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने एकतरफा जीत हासिल की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी के खिलाफ खेलते हुए लखनऊ मंडल टीम को हार का सामना करना पड़ा। जबकि, स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी ने स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

हॉकी स्टेडियम में सुबह के समय स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने बस्ती के खिलाफ लगातार हमले करते हुए एकतरफा मुकाबले में बड़े अंतर से जीत हासिल की। लखनऊ को 5-0 से जीत मिली। वहीं, स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को बरेली मंडल के खिलाफ बड़ी जीत मिली।

# शोध में दावा, असम के शहद में तनाव दूर करने वाले तत्व

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: असम के शहद में कुछ ऐसे प्राकृतिक तत्व पाए गए हैं, जिनसे न सिर्फ तनाव दूर करने में मदद मिलेगी। साथ ही सूजन दूर करने व जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में यह काफी सहायक है। लखनऊ विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग की ओर से इस पर शोध किया गया है, जिसमें यह खुलासा हुआ है। यह शोध फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि इस शहद में कई एंजाइम, अमीनो अम्ल व आवश्यक खनिज पाए गए हैं, जो अन्य शहदों की तुलना में कहीं अधिक समृद्ध है।

इस शोध को बॉटनी विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार ने किया है। उन्होंने बताया कि असम में मधुमक्खियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें हमने बिना डंक वाली मधुमक्खी समेत कुल चार प्रजातियों के शहद पर यह शोध किया है, जो सबसे ज्यादा पाई जाती है। इनके शहद में फेनोलिक और फ्लेवोनॉइड्स की मात्रा सर्वाधिक पाई गई। यह प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर मिला है तो ऑक्सिडेटिव तनाव को दूर करने में काफी सहायक माना जाता है। प्रयोगशाला अध्ययनों में इस शहद ने उच्च ऐंटीऑक्सिडेंट सक्रियता और टायफॉइड, पेचिश, गले के संक्रमण और दंत रोगों के लिए जिम्मेदार रोगजनकों के खिलाफ व्यापक जीवाणुरोधी पाया गया है। इसे औषधीय उपचार के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है, फिर भी यह अध्ययन एक फंक्शनल फूड के रूप में रेखांकित किया गया है।

LU के बॉटनी विभाग ने किया शोध

# LDA को हराकर RA बॉयज अगले दौर में



■NBT न्यूज, लखनऊ: पिपराघाट केंद्रीय विद्यालय के सामने दिलकुशा ग्राउंड पर सोमवार को एलडीए को चार गोल से हराकर आरए बॉयज ने अगले दौर में प्रवेश किया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की स्मृति में आयोजित 8वें फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में आरए बॉयज ने 4-0 से मुकाबला जीता। पहले हाफ में यश ने 21वें और 23वें मिनट में दो गोल दागे। दूसरे हाफ में जनमेजय ने 31वें एवं दीपक ने 45वें मिनट में गोल कर जीत हासिल की।

इससे पहले केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उनके साथ मुख्य आयोजक महेश वाल्मीकि, आयोजन सचिव मोहम्मद नदीम और जिला फुटबॉल असोसिएशन सचिव कन्हैया लाल, विवेक उपाध्याय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# 'TET की अनिवार्यता से राहत दे सरकार'

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय नए साल से टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षकों को छूट देने की मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षकों ने पिछले 4 माह से लगातार आंदोलन किया। केंद्रीय शिक्षामंत्री से भी निवेदन कर छूट की मांग की गई। दिल्ली में पूरे देश के शिक्षकों ने एकजुटता दिखाते हुए केंद्र सरकार से टीईटी अनिवार्यता से छूट की मांग की थी। शिक्षकों ने कोरोना काल जैसे विपरीत परिस्थितियों में राष्ट्रहित में अपना सराहनीय योगदान दिया है। आज शिक्षक देश के विकास में अपना अहम योगदान भी दे रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में पिछले दो माह से शिक्षकों ने सरकार का पूरा सहयोग किया है। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम भी शिक्षक करते हैं। अब सरकार का दायित्व बनता है कि नए वर्ष में टीईटी अनिवार्यता से छूट का आदेश जारी करे।

# फटाफट खबरें

## बसंत चतुर्वेदी बने महामंत्री

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन का 65वें वार्षिक अधिवेशन में बसंत चतुर्वेदी को निर्विरोध महामंत्री चुना गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा मौजूद रहे। चुनाव में केएल गुप्ता को केंद्रीय अध्यक्ष और वीरेन सिंह को केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अधिवेशन में कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें आठवां वेतन आयोग में मल्टीपल फैक्टर, कर्मचारियों की रि-स्ट्रक्चरिंग, ग्रेड पे 1800 के 30 प्रतिशत पदों को ग्रेड पे 1900 में अपग्रेड किए जाने समेत कई मामले शामिल हैं। इस दौरान मोहम्मद नसीम, एनबी सिंह, आरएन मर्ग, कामरान अहमद, परवेज, मनोज सिंह, सफदर हुसैन, एके राठत, नैय्यर अहमद, सूरज पांडेय, राजन सक्सेना, फखरे आलम आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक प्रदर्शनी में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: न्यू रे सीनियर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर के अलीगंज में वार्षिक प्रदर्शनी हुई। इसमें स्टूडेंट्स ने रचनात्मकता, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कला व शिल्प, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, संगणक, वाणिज्य व शारीरिक शिक्षा से जुड़े कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए गए। दिन-रात, पवन चक्की, बायोगैस, वर्षा जल संचयन, डिजिटल भारत, रोबोटिक्स और राम मंदिर विशेष आकर्षण रहे।

## जश्ने अली असगर, जश्ने शीर खारे कर्बला कल

■NBT न्यूज, चौक: हजरत इमाम हुसैन के छह महीने के मासूम बेटे हजरत अली असगर की विलादत के सिलसिले में 31 दिसंबर को शाम 7 बजे कर्बला दियानुतउद्दौला बहादर, काजमैन रोड में एक महफिल व नज्र का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन कदीम मासूम-ए-असगर ने किया है। महफिल का आगाज तिलावते कुराने पाक से होगा। महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे। मौके पर महबारे अली असगर की जियारत भी करवाई जाएगी। जश्न का संचालन शान आब्दी करेंगे। इसी तरह दरगाह हजरत अब्बास में 31 दिसंबर को रात 9 बजे जश्ने शीर खारे कर्बला का आयोजन होगा।

## हजरत अली का जन्मदिवस 3 को, तैयारियां शुरू

■NBT न्यूज, चौक: पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के दामाद और शिया के पहले इमाम अमीरउल मोमेनीन हजरत अली की यौमे विलादत मनाने की तैयारियों में लोग जुट गए हैं। हजरत अली का जन्मदिवस 3 जनवरी के मौके पर होने वाली महफिलों और नजों की तैयारियां शुरू हो गई है। वहीं इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में इदारा-ए-खुद्दामे मौलूदे हरम की ओर से 'जश्ने मौलूदे हरम' शीर्षक से महफिल का आयोजन 2 जनवरी को किया जाएगा। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। अली मुत्तकी जैदी खिताब करेंगे। इसी तरह कटरा बिजन बेग स्थित अजाखाने नवाब अजमल हुसैन में महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे।

## 'नए साल पर नेकी और इंसानियत के काम करें'

■NBT न्यूज, लखनऊ: नए साल के जश्न को नाजायज बताना इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं से मेल नहीं खाता। शिया चांद कमिटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बरेलवी मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस्लाम ने न तो नए साल का जश्न मनाने का आदेश दिया है और न ही इसे हराम ठहराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्लाम फुहड़पन, फिजूलखर्ची और नाच-गाने से जरूर मना करता है, लेकिन किसी दिन को केवल मजहबी आधार पर नाजायज कहना उचित नहीं। मौलाना सैफ ने अपील की कि नए साल पर विवाद खड़ा करने के बजाय नेकी और इंसानियत के काम किए जाएं।

## स्कॉलर्स होम को मिला सम्मान



■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल को एट टेक एक्स स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान देश के अलग-अलग राज्यों से चयनित शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लिया, जिनके बीच स्कॉलर्स होम ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। विद्यालय को श्रेष्ठ शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचारपूर्ण शिक्षण तकनीक, प्रभावी शिक्षण पद्धतियों और हैप्पीनेस क्वोशिएंट विद्यालय जैसी महत्वपूर्ण श्रेणियों में सम्मान दिया गया। विद्यालय की निदेशक सरिता जायसवाल ने इसे शिक्षकों के समर्पण, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास बताया। प्रधानाचार्य अनुराग सिंह ने सबको धन्यवाद दिया।

## अलाव, कंबल, रैन बसेरा के लिए सौंपा ज्ञापन

■NBT न्यूज, सरोजनीनगर: भीषण शीत लहर को देखते हुए उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को संगठन के पदाधिकारियों ने सरोजनी नगर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुखबीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कानपुर रोड स्थित हाईडिल चौराहे सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव, कंबल, रैन बसेरों की व्यवस्था कराने की मांग की है। मौके पर संगठन के दिलीप द्विवेदी, रवि शर्मा, आदेश सिंह, जितेंद्र हजेला और राजेश प्रताप दुबे मौजूद रहे।


**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**रोजगार अधिसूचना**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अभियांत्रिकी विभाग में सहायक अभियंता पद के लिए निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर **वॉक-इन-इंटरव्यू** के ज़रिए रोज़गारअधिसूचना जारी किया है। विवरण इस प्रकार है:

**रोजगार अधिसूचना सं. सीओ/पी-आर/13सी/2025 दिनांक 19.12.2025**

| क्र. सं. | पद का नाम | यूआर | कुल पदों की संख्या | वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक अभियंता | 1 | 1 | 06.01.2026 |

उम्मीदवार अधिसूचना, पात्रता मापदंड इ. की विवरण के लिए केआरसीएल की वेबसाइट www.konkanrailway.com पर लिंक → भर्ती → वर्तमान अधिसूचना पर देख सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, आईआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के ज़रिए दो-पैकेट सिस्टम के तहत सक्षम और आर्थिक रूप से मज़बूत पार्टियों से "कोलाड और सुरतकल स्टेशनों के बीच कोंकण रेलवे पर रोल-ऑन-रोल-ऑफ (रोरो) सेवा की मार्केटिंग और संचालन" के लिए खुली निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसकी अवधि एक साल है जिसे और एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। **निविदा सूचना क्र: सीओ-16011-3-2023-सीओएमएम-2025, दिनांक 26.12.2025. ऑनलाइन ऑफ़र जमा करने की अंतिम तिथि/ समय:** 27.01.2026 दोपहर 15:00 बजे तक। हस्तलिखित निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएगी। विस्तृत जानकारी / सहभागिता के लिए कृपया www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखें। यदि कोई शुद्धिपत्र / परिशिष्ट होगा, तो उसे केवल इसी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।



**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय लखनऊ: न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ–226001
फोन: 0522–2286272, 2287283, फैक्स: 0522–2288033, ई–मेल: zolucknow@indianbank.co.in

**ई- नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002 के पठित नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी की सूचना

जैसाकि, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) के बकायों के तथा उसमें वर्णितानुसार ब्याज की वसूली हेतु "जहाँ है जो है, जो कुछ भी है वहाँ पर" के आधार पर उसे बेचने के अधिकार के साथ निम्नलिखित ऋण खाता में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के धारा 13(2) के अधीन जारी की गई सूचना के अनुपालन में बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का रचनात्मक कब्जा ले लिया है और जैसा कि बकायों का पूर्ण भुगतान न करने के फलस्वरूप, अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी कथित सम्पत्ति/यों की ई–नीलामी सेवाप्रदाता के माध्यम से बिक्री करके बैंक के बकायों की वसूली का प्रस्ताव रखता है। वर्तमान में सम्पत्तियों का **सांकेतिक कब्जा** उपलब्ध है।

| क्र. सं. | ऋणी/प्रोपराइटर/पाटनर्स/निदेशक/जमानतकर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति बंधक का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | (क) आरक्षित मूल्य (ख) धरोहर राशि (ग) ईएमडी जमा करने के लिए खाता विवरण (घ) वृद्धि बोली राशि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि / ई–नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा: इंदिरा नगर बी ब्लॉक** | | | | | |
| 1. | 1. मेसर्स सैनी इंटरप्राइजेज प्रोप. राजेश सैनी, पता–1): 14, तकरोई बाजार इंदिरा नगर लखनऊ–226016 पता–2): मकान सं. सी–1093/1, इंदिरा नगर, लखनऊ–226016 2. श्री राजेश सैनी, निवासी मकान सं. सी–1093/1, इंदिरा नगर, लखनऊ–226016 | संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर आवासीय मकान सं. 1093/1 स्थित मैथिलीशरण गुप्त वार्ड, इंदिरा नगर तहसील एवं जिला लखनऊ–226016, क्षेत्रफल 50.45 वर्ग मीटर चौहद्दी: पूर्व: मकान सं. सी–1093/02, पश्चिम: सड़क, उत्तर: मकान सं. सी–1095/07, दक्षिण: सड़क | 06.11.2024 / 01.02.2025 / रु. 1,43,15,670.00 दिनांक 06.11.2024 तक + ब्याज + लागत, अन्य शुल्क एवं उस पर खर्च | (क) रु. 49.10 लाख (ख) रु. 4.91 लाख (ग) 6127853725 IFSC: IDIB000H561 हजरतगंज शाखा (घ) रु. 10,000/- | दिनांक 20.01.2026 तक / दिनांक 21.01.2026 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.30 बजे |
| 2. | 1. श्रीमती उषा चौधरी पत्नी मेराज (ऋणी/बंधककर्ता), पता–1:– 479/19, कदम रसूल, इरादत नगर, डालीगंज लखनऊ–226020 पता–2: मकान सं. 3/33, सेक्टर–बी प्रियदर्शनी कॉलोनी, सीतापुर रोड लखनऊ–226020 2. मोहम्मद मेराज, 479/19, कदम रसूल, इरादत नगर, डालीगंज लखनऊ–226020 | संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर आवासीय मकान सं. 479/19 स्थित कदम रसूल, इरादत नगर डालीगंज लखनऊ–226020, क्षेत्रफल 78.066 वर्ग मीटर, चौहद्दी: पूर्व: सड़क 8 फीट, पश्चिम: कल्लन खान का मकान, उत्तर: लाला रामकिशुन का मकान, दक्षिण: बसंत लाल का मकान | 14.11.2024 / 03.02.2025 / रु. 11,60,535.00 दिनांक 14.11.2024 तक + ब्याज + लागत, अन्य शुल्क एवं उस पर खर्च | (क) रु. 60.70 लाख (ख) रु. 6.07 लाख (ग) 6127853725 IFSC: IDIB000H561 हजरतगंज शाखा (घ) रु. 10,000/- | दिनांक 20.01.2026 तक / दिनांक 21.01.2026 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.30 बजे |

(प्रत्येक प्रविष्टि के लिए) बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in | ई–नीलामी की वेबसाइट | दस्तावेज (बिक्री सूचना कॉपी) | सम्पत्ति का स्थान | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति का फोटो | प्राधिकृत अधिकारी/शाखा प्रबन्धक का नाम व मोबाईल नम्बर

प्राधिकृत अधिकारी: कृष्ण पति त्रिपाठी, मोबाइल: 9695600751
शाखा प्रबंधक: विकास कुमार श्रीवास्तव, मोबाइल: 6393832812

इच्छुक बोलीदाता शीर्षक दस्तावेज, संपत्ति और उसके निरीक्षण के बारे में सत्यापन के लिए इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक), उपरोक्त शाखा से कार्यालय समय में दिनांक 19.01.2026 से पहले संपर्क कर सकते हैं एवं नीलामी से संबंधित जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

अधिक जानकारी और नियम एवं शर्तें डाउनलोड करने के लिए कृपया देखें– https://www.baanknet.com
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत उधारकर्ताओं/जमानतकर्ताओं को बिक्री सूचना के बारे में अधिसूचित किया जाता है।

स्थान: लखनऊ, दिनांक : 30.12.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)



**TIMES interact** — To book your ad: Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

**टेंडर और नोटिस**

**निविदाएं (टेंडर्स)**

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**
दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल, केन्द्रीय कार्यालय 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निरंतर आधार पर गैर निष्पादक आस्तियों (NPAs) के विक्रय के लिए पात्र एआरसी (ARCs)/ बैंक (Banks)/एनबीएफसी(NBFCs) /एफआई (FIs)/ एआईएफ (AIFs) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है, खातों की सूची के साथ विस्तृत बोली के लिए अनुरोध (Request for Bid) बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in/tenders&empanelment/view auction notice पर उपलब्ध है।
वर्टिकल प्रमुख (दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन)

**E-Auction For Salvage Disposal of Damaged Steel Bars**

E-Auction forms are invited for participating in e-auction for Disposal of Salvage of Damaged Steel Bars On "As Is Where Is" basis, belonging to M/s Prestigia Developers LLP. Inspection can be done till: 06/01/2026 Till 12 pm (Prior Appointment) Contact: Mukul Gupta: +91-9999707373. Date of E-Auction is 06/01/2026 from 4 PM onwards. E-auction Forms with Earnest Money Deposit (EMD) to be submitted latest by 06/01/2026 up to by 2 PM at the auctioneer's address OR at seller's address. E-Auction Portal is: www.rlasalvage.auction, visit and register yourself. Forms can be obtained from the details given below: For Inquiries please contact:- Mr. Mukul Gupta: +91-9999707373 R L Agarwal Salvage Solution LLP, Plot No. 18, Block C2, Sushant Lok Phase – 1, Gurgaon-122002.

I hitherto known as Nasreen w/o Ahamad Khan, 431/136, Nevati Tola Yasin Ganj, Chowk, Lucknow, Uttar Pradesh, 226003, have changed my name and I shall hereafter be known as Nasreen begum.

I, Simran Singh, D/O Sanjai Singh Resident of B3-804, M.I. Rustle court, Gomti nagar extension, Lucknow. Hereby declares that Simran and Simran Singh are both same and one identical person vide Affidavit number 48AA062741 dated 26.12.2.25 and shall be known as Simran Singh for all the future purposes.

मैं, विमला देवी, पत्नी [illegible] हवलदार राकेश कुमार वर्मा जो 58 इंजीनियर रेजिमेंट 56 APO शिवाजीनगर (असम) में कार्यरत हैं, यह घोषणा करती हूँ कि मेरे पुत्र के सेवा दस्तावेजों में मेरा नाम और जन्मतिथि गलती से से बिट्टू देवी और 01.06.1981 दर्ज की गई है, जबकि मेरा सही नाम विमला देवी और सही जन्मतिथि 01.01.1979 है।

WITH respect to Affidavit Certificate no. IN-UP999916 30299140X, I AKSHAY DWARAKANATH, hereby state that both the names, AVYAYAA H IYENGAR and AVYAYAA HEGGARE IYENGAR are of my daughter and is of the same person.

मैं, वेदप्रकाश पिता मैं [illegible], हवलदार राकेश कुमार वर्मा, जो 58 इंजीनियर रेजिमेंट 56 एपीओ शिवाजीनगर (असम) में सेवारत है, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र के सेवारत दस्तावेजों में मेरा नाम और जन्मतिथि गलत लिखा गया है – वादप्रसाद वर्मा दिनांक 01.06.1960 के रूप में दर्ज किया गया है, जबकि मेरा सही नाम वेदप्रकाश है और जन्मतिथि 01.01.1958 है।

**खोया एवं पाया**

I, Rashmi Srivastava, w/of Praveen Kumar Srivastava & Praveen Kumar Srivastava S/O Promod Kumar Srivastava,r/o 137-B, Sarswati Sadan, Purana Gorakhpur- 273015, hereby inform that original receipts of my flat ID -HRL/321 Omaxe Residency Hazratganj bearing No. 1641537 dt. May 22, 2018 for Rs. 33827, Rt.1674654 dt.29.11. 2018 for Rs. 317603, Rt. No. 1675743 dt.05.12.2018 for Rs. 317603, Rt. 1716613 Dt.22.08.2019 Rs.319121, Rt 17796441 Dt.07.01.2021 Rs.2003626, Rt 1792727 Dt.20.03.21 Rs.478981,Rt 2152996 Dt 21. 12. 2024 Rs.200000, Rt. 2155115 dt. 31.12.2024 Rs.150000, & Rt.2272814 Dt.04. 07. 2025 Rs.10687.50 has been lost somewhere. Use of same in future by any other person will be prohibited. Mob.9838297933

TO GROW YOUR BUSINESS — PLEASE CALL US — LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Naubhar - 8840845897; KANPUR: Anoop Dixit - 7800962488; ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044575051; VARANASI: Manish Arora - 9839080836; GORAKHPUR: Chandrashekhar Sinha - 9415210274 — WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN Print Radio Digital

To Book your Classified Ads, Please call - Kuldeep 9044122662
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

THE TIMES OF INDIA — Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.


# भाषा विवि और बालरैक के बीच हुआ MoU

■NBT न्यूज, लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बालरैक फाउंडेशन ने सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा की मौजूदगी में समझौता हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य जेंडर सेंसिटाइजेशन को बढ़ावा देना और विश्वविद्यालय को LGBTQIA समुदाय के समर्थन और सशक्तिकरण का केंद्र बनाना है। एमओयू के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक और शोधार्थी LGBTQIA समुदाय के अधिकारों के लिए जागरूकता बढ़ाने, समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों को कम करने और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए काम करेंगे।

# मां पर सुनाई कविताएं

■NBT न्यूज, लखनऊ: यूपी प्रेस क्लब और उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से सोमवार को क्लब में आयोजित 164वां सृजन समारोह मां पर केंद्रित रहा। समारोह में कवियों ने मां पर कविताएं सुनाईं। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हसीब सिद्दीकी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि रमेश प्रकाश उमेश, राजीव मिश्र और गिरधर खरे थे। सृजन संस्था के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने कहा कि अब विशेष विषयों पर आधारित सृजन के हर संकलन का प्रकाशन किया जाएगा। मधु पाठक मांझी के संयोजन और योगी योगेश शुक्ल के संचालन में कार्यक्रम की अध्यक्षता सच्चिदानंद शलभ ने की।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi Time: 12-30-2025 00:15 Color:



## नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को ₹8.33 लाख के भुगतान का आदेश

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राज्य उपभोक्ता आयोग, लखनऊ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, हजरतगंज को एक वाहन मालिक को मरम्मत खर्च के रूप में ₹8,33,751 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है।

बस्ती निवासी राजीव कुमार ने दायर किया था वाद

बस्ती निवासी राजीव कुमार ने अपने वाहन यूपी 51 एटी 5332 का 24 लाख रुपये का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था, जिसके लिए उन्होंने 52,142 रुपये प्रीमियम जमा किया था। बीमा अवधि 25 मई 2022 से 24 मई 2023 तक वैध थी। इस दौरान वाहन सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी मरम्मत पर करीब ₹8 लाख खर्च आए। बीमा कंपनी द्वारा क्लेम पर कोई कार्यवाही न किए जाने पर पीड़ित ने जिला उपभोक्ता आयोग, बस्ती में वाद दायर किया। आयोग ने एकपक्षीय आदेश देते हुए कंपनी को विभिन्न मदों में भुगतान का निर्देश दिया था। बाद में राज्य आयोग ने अपील पर सुनवाई करते हुए बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी माना और केवल मरम्मत खर्च की राशि 30 दिनों में अदा करने का आदेश बरकरार रखा।

## युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

### गोमतीनगर विस्तार की घटना, भाई को फोन कर सुनाई थी आपबीती

■ NBT न्यूज, लखनऊ: दोस्त द्वारा पीटे जाने से आहत होकर एक युवक ने सोमवार सुबह ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। मरने से पहले उसने अपने भाई को फोन पर आपबीती सुनाई थी। घटना गोमतीनगर विस्तार इलाके की है। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि बीबीडी स्थित एसटीपी चौराहा बैसौरा निवासी अंजनी प्रसाद का बेटा नितेश मिश्रा (26) बड़े भाई मुकेश के साथ उसके स्टोर पर काम करता था। मुकेश ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह नितेश ने उसे कॉल कर कहा कि खरगापुर निवासी अनमोल के साथ झगड़ा हुआ है। बेवजह अनमोल ने उसे पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया है। वह थाने जाकर तहरीर दे रहा है। उसने मुकेश को भी थाने पर बुलाया। मुकेश ने बताया कि कुछ देर बाद उसे कॉल आई कि इलाके में नितेश ट्रेन के सामने कूद गया है। स्थानीय लोग उसे लोहिया संस्थान ले गए हैं। आनन-फानन में वह लोहिया पहुंचे तब तक नितेश की सांसें थम चुकी थीं।

इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी का कहना है कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन में पता चला की अनमोल से पहले भी झगड़ा हुआ था। उनका कहना है कि सोमवार को हुए झगड़े की क्या वजह थी इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**बाइक में लगाई थी आग:** इंस्पेक्टर ने बताया कि नितेश और अनमोल साथ रहते थे। स्थानीय लोगों ने दोनों के एक साथ में नशा करने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घटना से पहले नितेश ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकालकर आग लगा दी। स्थानीय लोग आग बुझाने लगे तो नितेश ट्रेन के सामने कूद गया।


FILE
आरोप, दोस्त द्वारा पीटे जाने से आहत था नितेश

## फटाफट खबरें

### मेट्रो पार्किंग में खड़ी कार से बैग चोरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : आईटी मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने बैग चुरा लिया। कार मालिक के लौटने पर चोरी का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर रविवार को महानगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। महानगर पुलिस के मुताबिक निराला नगर निवासी मयंक मेहरोत्रा मुरवार शाम कार यूपी 32 एफएम 2540 आईटी मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़ी कर आलमबाग गए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे लौटे तो कार की ड्राइविंग सीट का शीशा टूटा देखा। उन्होंने बताया कि चोर कार में रखा बैग उठा ले गए हैं। बैग में रुपये का लैपटॉप, डेबिट और क्रेडिट कार्ड के अलावा जरूरी दस्तावेज थे। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट, नकदी लूटी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बीकेटी में पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मी ने कार सवारों पर मारपीट, नकदी लूट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बेहड़ा चक्की स्थित एरन फिलिंग स्टेशन पर 20 दिसंबर की रात करीब 1:23 बजे यह घटना हुई। पंप पर कार्यरत सेल्समैन रामशंकर मशीन नंबर दो पर ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो एन (UP42 BY 0036) पेट्रोल भराने के लिए रुकी। रामशंकर ने कार सवारों से निर्धारित मशीन पर आने को कहा, जिस पर एक युवक नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद एक युवक कार से उतरकर रामशंकर से मारपीट करने लगा और जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 30–35 हजार रुपये गायब हो गए।

### 'बांग्लादेशी खिलाड़ियों को न खिलाएं'

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : श्री राजपूत करणी सेना ने लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जनरल मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह टीपू ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों और युवक दीपू बोस की हत्या से संगठन में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इकाना स्टेडियम या उत्तर प्रदेश के किसी भी स्टेडियम में होने वाले क्रिकेट मैच में बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल हुए, तो संगठन इसका विरोध करेगा। संगठन ने सभी टीमों से अपील की कि बांग्लादेशी खिलाड़ियों को टीम में न लिया जाए। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्कूटी के साथ फोन और रुपये भी चोरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : आईआईएम रोड पर डेंटल कॉलेज के सामने से चोरों ने नगर निगम कर्मचारी की एक्टिवा पार कर दी। एक्टिवा की डिक्की में फोन और रुपये भी रखे हुए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक डालीगंज के इरादतनगर निवासी विक्रम कुमार ने रविवार को ड्यूटी पर जाते समय मिटौली क्रॉसिंग से एक युवक को एक्टिवा पर लिफ्ट दी थी। उनका कहना है कि कैरियर डेंटल कॉलेज के पास उन्होंने गाड़ी रोकी और उतर गए। उनका कहना है कि लिफ्ट देने के बाद से रास्ते में उन्हें चक्कर आने लगा था। उसके बाद उन्हें याद ही नहीं कि क्या हुआ। आशंका है कि लिफ्ट लेने वाले शख्स ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाया दिया हो। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर चोर का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रविवार की रात लूलू मॉल में मोमोज की दुकान पर नौकरी करने वाले एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज स्थित मवइया गांव के रहने वाला सचिन शर्मा लूलू मॉल में नौकरी करता था। पिता विनोद ने बताया कि उनका बेटा अहिमामऊ में पत्नी अंशी के साथ किराए के मकान में रहता था। इकलौते बेटे की मौत के बाद मां-बाप गहरे सदमे में हैं।

### सोता रहा परिवार चोर उठा ले गया जेवर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बीकेटी के रैथा गांव निवासी पप्पू निषाद के घर में घुसा चोर जेवर समेट ले गया। घटना के वक्त परिवार को इसकी भनक तक नहीं लगी। पीड़ित मकान मालिक की तहरीर पर बीकेटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय सिंह ने बताया कि घटना शुक्रवार रात एक से दो बजे की है। रात करीब दो बजे जागने पर पप्पू को सामान बिखरा देख चोरी का पता चला था। आशंका है चोर दरवाजा खुला पाकर मकान में घुसा होगा। इंस्पेक्टर का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है।

### बिजनौर और सरसवां में अवैध कब्जे गिराए

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर तहसील प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने सोमवार को 'अतिक्रमण हटाओ अभियान' चलाकर बिजनौर और सरसवां क्षेत्रों में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान लाखों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार सुखबीर सिंह के अनुसार बिजनौर गांव स्थित नवीन परती गाटा संख्या 13 की सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने करीब 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में रेडीमेड बाउंड्रीवॉल बनाकर कब्जा कर लिया था। सूचना पर पुलिस बल बुलाया गया और तहसील प्रशासन व नगर निगम की टीम ने नगर निगम लेखपाल अनुपम कुमार की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से अवैध बाउंड्रीवॉल ध्वस्त कर भूमि खाली करवाई। भूमि की अनुमानित कीमत ₹20 लाख बताई गई। इसके अलावा सरसवां क्षेत्र में चक रोड की सरकारी भूमि पर बने अतिक्रमण को भी हटाया गया।

## कर्बला का पूर्व कर्मचारी चुरा ले गया था दुलदुल, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, तालकटोरा : तालकटोरा पुलिस ने कर्बला से चोरी हुए शिया समुदाय के धार्मिक घोड़े को बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपित फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर अहम सुराग मिला, जिसके बाद आरोपित पकड़ा गया।

तालकटोरा इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक 24 दिसंबर को कर्बला तालकटोरा के पूर्व मुतवल्ली सैयद फैजी ने जुल्जना घोड़ा (दुलदुल) चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर उसके पांच किलोमीटर के दायरे में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में पुलिस को घोड़ा चोरी करके ले जाते हुए लोग दिखे थे। फुटेज देखकर पूर्व मुतवल्ली ने एक आरोपित की पहचान छोटू वर्मा के रूप में की। पूर्व मुतवल्ली ने बताया कि छोटू डेढ़ साल पहले कर्बला में काम करता था।



**गिरफ्त में छोटू**
- तालकटोरा पुलिस का दावा, उन्नाव से बरामद किया घोड़ा
- 100 से अधिक CCTV फुटेज खंगाली, तब मिला सुराग

इसके बाद हंसखेड़ा न्यू चार मंजिल कॉलोनी निवासी छोटू को पुलिस ने प्रेम डेयरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मौरावां (उन्नाव) स्वयंवरखेड़ा से चोरी हुआ दुलदुल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में छोटू ने बताया कि अपने साले विजेन्द्र उर्फ मैया के साथ मिलकर घोड़ा चोरी किया था। उसने बताया कि वह कर्बला में काम कर चुका था और उसे पता था कि घोड़ा काफी महंगा बिकेगा। छोटू मूल रूप से उन्नाव के हसनगंज का रहने वाला है। वह एक मामले में पहले भी तालकटोरा से जेल जा चुका है।

### इमाम हुसैन की सवारी की याद है दुलदुल

मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि कर्बला की तपती सरजमीं पर इमाम हुसैन (अ.स) जब तन्हा रह गए थे, तब दुलदुल (इमाम हुसैन की सवारी) ने आखिरी दम तक उनका साथ दिया था। आज भी मुहर्रम के जुलूसों में दुलदुल को इमाम हुसैन की सवारी की याद के तौर पर पेश किया जाता है। सबसे बेहतर नस्ल के घोड़े को ही दुलदुल के लिए चुना जाता है। घोड़े के ऐसे बच्चे को लिया जाता है, जिसकी सवारी न हुई हो। इसके अलावा दुलदुल की पीठ पर कोई भी नहीं बैठता, क्योंकि इसे इमाम हुसैन की सवारी के तौर पर जाना जाता है।

**KGMU में धर्मांतरण के प्रयास का मामला**

## जांच के लिए बनी कमिटी में महिला सदस्य भी


■ NBT न्यूज, लखनऊ : KGMU में सामने आए धर्मांतरण के प्रयास के मामले की जांच को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अहम कदम उठाए हैं। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के ज्ञापन और विश्वविद्यालय प्रशासन से हुई बैठक के बाद गठित जांच समिति में दो नए सदस्यों को शामिल किया गया है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉक्टर केके सिंह और समिति के सदस्यों ने बताया कि विवि प्रशासन ने जांच समिति को और सशक्त बनाने के लिए दो नए सदस्यों को शामिल किया है। इनमें स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू अग्रवाल और पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह को समिति का सदस्य बनाया गया है।

पूर्व आईपीएस भावेश कुमार को भी कमिटी में शामिल किया गया

**यहां करें शिकायत, गुप्त रखी जाएगी पहचान :** समिति की बैठक में फैक्ट फाइंडिंग कमिटी की एक आधिकारिक ईमेल आईडी जारी की जाएगी। यह ईमेल आईडी factfindingcommittee@kgmcindia.edu है, जिस पर केजीएमयू के कर्मचारी, छात्र और आम नागरिक धर्मांतरण से जुड़ी किसी भी जानकारी, घटना या साक्ष्य साझा कर सकते हैं। उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। जानकारी देनेवाला अपना नाम गोपनीय भी रख सकता है। समिति ने आरोपों की समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि केजीएमयू में संविदा कर्मचारियों में किसी एक विशेष समुदाय का वर्चस्व नहीं है। कुल 3,995 संविदा नॉन-टीचिंग कर्मचारियों में से केवल 289 अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पूरे मामले से जुड़े मीडिया संवाद के लिए एक अलग समिति का गठन किया है। समिति में प्रो. केके सिंह (अध्यक्ष), प्रो. आरएस कुशवाहा (कुलानुशासक) और प्रो. अंजू अग्रवाल सदस्य होंगी।

वहीं, धर्मांतरण के मामले को लेकर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने केजीएमयू के अंदर प्रदर्शन किया।

## विडियो वायरल करने की धमकी दे डॉक्टर से ₹2.90 लाख वसूले


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विडियो वायरल करने की धमकी देकर डॉक्टर से साइबर जालसाजों ने 2.90 लाख रुपये वसूल लिए।

इंदिरानगर के सेक्टर-16 इलाके में रहने वाले डॉ. हरिराम प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 24 दिसंबर को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को पुलिस विभाग से बताया। उसने कहा कि पीड़ित का न्यूड विडियो इन लोगों के पास है। साथ ही धमकी दी गई कि दिए गए नंबर पर बात कर रुपये नहीं दिए गए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बदनामी के डर से पीड़ित ने कॉलर के बताए गए नंबरों पर संपर्क किया। इसके बाद आरोपितों ने अलग-अलग माध्यमों से रुपये ट्रांसफर करवाए। 24 दिसंबर को गूगल पे के माध्यम से 1 लाख 34 हजार 500 रुपये ट्रांसफर करवाए गए। 26 दिसंबर को इंडियन बैंक खाते से फिरोजाबाद स्थित खाते में एक लाख रुपये स्थानांतरित करवाए गए। इसके अलावा एक अन्य आरोपित ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर ऑनलाइन माध्यम से 55 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

पीड़ित की शिकायत पर गाजीपुर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

## युवती ने पिटाई करने और छेड़छाड़ का लगाया आरोप

■ NBT न्यूज, लखनऊ: मानकनगर निवासी एक युवती ने पड़ोसियों पर दुकान से घसीट कर पीटने, छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता की तहरीर पर सोमवार को मानकनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को दी गई तहरीर में युवती ने बताया कि रविवार शाम वह अपनी दुकान पर बैठी थी। इस दौरान मेहंदी खेड़ा निवासी विकास यादव वहां पहुंच गया। उसने युवती से पूछा कि पुलिस यहां क्यों आई थी। युवती के कुछ न बोलने पर आरोपित ने गला दबाकर दुकान से उसे घसीट लिया। जमीन पर पटक दिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। बचाने पहुंची युवती की छोटी बहन को भी आरोपित ने पीट दिया। यही नहीं आरोपित के भाई शिवा, राहुल, धारा और दो बहनों ने भी पीड़िता को पीट दिया। थाना प्रभारी मानकनगर अजीत कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## शहीद पथ के डिवाइडर पर चढ़ा टैंकर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शहीद पथ पर सोमवार शाम करीब पांच बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अमौसी डिपो से टैंक, बाराबंकी की ओर जा रहा डीजल से भरा एक तेज रफ्तार टैंकर (यूपी 32पीएन1968) ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास अचानक अनियंत्रित होकर शहीद पथ की रेलिंग तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी।

सरोजनीनगर में हुआ हादसा, टैंकर का अगला पहिया फट गया था

सूचना मिलते ही सरोजनीनगर फायर स्टेशन की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कानपुर रोड से रायबरेली की ओर जाने वाली पटरी का यातायात रोक दिया गया, जिससे करीब आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा और जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने टैंकर के आसपास घेराबंदी कर क्रेन की मदद से उसे डिवाइडर से हटवाया। तब यातायात संचालित किया गया।

वहीं गनीमत रही कि टैंकर पलटने से बच गया, नहीं तो डीजल लीक होने से आग लगने के साथ बड़ी घटना हो सकती थी। आसपास के लोगों के मुताबिक कुछ ही देर पहले शहीद पथ की रेलिंग पर पेंटिंग का कार्य कर रहे मजदूर वहां से छुट्टी कर चले गए थे। यदि मजदूर मौके पर होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं पुलिस और फायर टीम की मानें तो शुरुआती जांच में पता चला है कि टैंकर का अगला पहिया अचानक फटने से वह डिवाइडर पर चढ़ गया था।



### रोडवेज बस की टक्कर से डाला पलटा, दो घायल

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज के फतेहखेड़ा गांव के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात रोडवेज बस ने टेंपो डाला को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही डाला अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे खड्ड में पलट गया। हादसे में चालक सहित दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी भेजा, जहां दोनों का इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार चालक राकेश दीक्षित साथी अनिल कुमार गुप्ता के साथ आलमबाग से निगोहां जा रहा था। टक्कर के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात बस की तलाश शुरू कर दी गई है।

## रिटायर्ड फौजी समेत दो लोगों के बैंक अकाउंट से निकल गए लाखों रुपये

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड फौजी समेत दो लोगों के खाते से 4.12 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ितों ने गोमतीनगर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

गोमतीनगर के विराम खंड इलाके में सेना से रिटायर्ड हरीशंकर सिंह का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। 22 दिसंबर को उनके खाते से तीन बार में 27 हजार रुपये निकाल लिए गए। जानकारी मिलते ही पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी से भी बैंक संबंधी जानकारी शेयर नहीं की थी। इसके बावजूद खाते से रुपये निकल गए।

वहीं, विनय खंड निवासी अरविंद कुमार का बैंक ऑफ बड़ौदा ठाकुरगंज शाखा में बचत खाता है। पीड़ित के अनुसार 24 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे उनके खाते से बिना जानकारी 1 लाख 90 हजार 3 रुपये 54 पैसे और दूसरी बार 1 लाख 95 हजार 3 रुपये 54 पैसे साइबर जालसाजों ने निकाल लिए। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गोमतीनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

## अलीगंज और बुद्धेश्वर चौराहे पर नालियां चोक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अलीगंज स्थित सेक्टर-H में डेढ़ सप्ताह से नालियां चोक हैं। नालियों की गंदगी सड़क पर बह रही है। बुद्धेश्वर चौराहे पर पिंक सिटी आवासीय कॉलोनी के पास भी नालियां चोक होने से सड़क पर जलभराव हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

अलीगंज में नागेश्वर महादेव मंदिर के पास डेढ़ सप्ताह से नालियां चोक हैं। इसके कारण ऐश्वर्या मार्केट सहित आसपास के दुकानदार और आने-जाने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। आसपास के ऑटोमोबाइल्स के दुकानदारों का कहना है बीते दिनों उन्होंने खुद ही नाली का कचरा हटवाया था। जोन 3 के जोनल अधिकारी आकाश कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को फोटो भेज रहे हैं, चोक नालियों की जल्द सफाई करवाएंगे।

इधर, बुद्धेश्वर चौराहा के पास पिंक सिटी आवासीय कॉलोनी के पास भी जलभराव हो रहा है। स्थानीय निवासी सरोज रावत ने बताया कि नियमित सफाई न होने से इलाके में नालियां चोक हैं। जोन 6 के जोनल अधिकारी अमरजीत ने कहा कि जलभराव की समस्या का जल्द ही निस्तारण करवाया जाएगा।


बुद्धेश्वर चौराहा के पास पिंक सिटी आवासीय कॉलोनी के पास सड़क पर ही पानी भर जाने से स्थानीय लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, चार लाख की जूलरी बरामद

■ NBT न्यूज, आलमबाग: आशियाना पुलिस ने बाइक सवार दो शातिर चोरों को थाना क्षेत्र स्थित देवीखेड़ा रोड से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने चार लाख रुपये के कीमती आभूषण बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए शातिरों ने अपना परिचय थाना बिजनौर, स्थायी पता प्रतापगढ़ निवासी शनि कुमार उर्फ शनि व बिजनौर निवासी लकी रैदास के रूप में दिया। पुलिस के अनुसार पांच हजार की नकदी सहित बाइक भी बरामद हुई है।

## अपहरण और लूट के तीन आरोपित अरेस्ट

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से लूटी गई स्कॉर्पियो, देसी तमंचा बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार जयपुर, राजस्थान के रहने वाले लोकेश मीणा ने 27 दिसंबर को शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने उनके और उनके मित्र के साथ मारपीट की। आरोपित उनकी गाड़ी व मित्र सुमित को लेकर चले गए और छोड़ने के नाम पर पैसों की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने सोमवार को किसान पथ के किनारे निजामपुर मझिगवां से स्कॉर्पियो बरामद कर अगवा सुमित को छुड़ा लिया। मामले में जौनपुर निवासी विनोद कुमार पाठक, सुल्तानपुर निवासी सौरभ पाठक, जौनपुर निवासी मोहम्मद ताबिश खान को अरेस्ट किया गया है। सुमित ने बताया कि आरोपित उसके घरवालों से पैसे की मांग कर रहे थे। पहले आरोपित उसे जौनपुर ले गए फिर सोमवार को लखनऊ ले आए। पुलिस के अनुसार आरोपितों के खिलाफ अन्य जिलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे भी लोकेश मीणा के दोस्त हैं। लोकेश ने उनसे अपने किसी काम के लिए 5 लाख रुपये लिए थे, जो वह वापस नहीं कर रहा था। इस पर लोकेश को 27 दिसंबर लखनऊ बुलाया गया। लोकेश के साथ सुमित भी आया था। पैसे देने से मना करने पर सुमित और लोकेश का अपहरण कर लिया, लेकिन रास्ते में लोकेश भाग गया। पुलिस के मुताबिक इसके बाद आरोपित सुमित को अपने साथ जौनपुर ले गए और उसके घरवालों से पैसे मांग रहे थे। जब उन्होंने पैसे नहीं दिए तो आरोपित लखनऊ आकर पता कर रहे थे कि लोकेश कहां है और पैसों के लिए क्या व्यवस्था कर रहा है।

आरोपितों के पास से स्कॉर्पियो और तमंचा बरामद

### लुटेरे को दबोचकर पुलिस को सौंपा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में बुजुर्ग महिला का पर्स छीनकर भाग रहे बाइक सवार लुटेरे को लोगों ने दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक सुशांत गोल्फ सिटी के मस्तेमऊ निवासी मोनी सिंह साइकिल से अपनी मां माया देवी के साथ जा रही थीं। इस दौरान बाइक सवार लुटेरे ने माया देवी का पर्स छीन लिया। कुछ दूरी बाइक स्लिप होने से लुटेरा गिर गया। लोगों ने आरोपित को दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपित बाकनखेड़ा निवासी शुभम रावत है।

## 'अब जिंदगी ज़हर खाने लायक बची'

**राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास भेड़ों की मौत का मामला**

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

पैला इलाके में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के पास संदिग्ध हालात में 71 भेड़ों की मौत हो गई। भेड़ों के मालिकों का दावा है 25 दिसंबर को प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के बाद बचा हुआ खाना पार्किंग स्थल पर फेंक दिया गया था। उसे खाने से भेड़ें बीमार हुईं और उनकी मौत हो गई। भेड़ों के मालिक प्रदीप और विजय ने बताया कि उन लोगों की पूरी जीविका भेड़ों के पालन पोषण पर ही टिकी थी। भेड़ों की मौत से उनकी पूरी आजीविका पर चोट हुई है। हमारी जिंदगी भर की जमा-पूंजी चली गई। एक भाई विदेश गया था वहां से उसने रुपये भेजे थे। जमा पूंजी लगाकर भेड़ें खरीदी थीं। घर में बच्चे हैं। उनकी पढ़ाई कैसे होगी? उन लोगों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। जिससे की परिवार का भरण पोषण कर सकें।

**नगर निगम और एलडीए पर लापरवाही का आरोप :** भेड़ों के मालिकों और स्थानीय लोगों ने इस मामले में नगर निगम और एलडीए पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस तरीके से खाने को खुले में नहीं फेंका जाना चाहिए था। पीड़ितों ने इस मामले में सरकार से जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं आसरा द हेल्पिंग हैंड एनजीओ की अध्यक्ष चारू खरे ने भी इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

**भेड़ों के मालिक ने मांगा मुआवजा**



> कई भेड़ों की मौत की सूचना आई है। मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया है। बचे हुए खाने को किसने सूनसान स्थान पर फेंका इसकी सूचना नगर निगम को नहीं दी गई थी। ऐसे में इस गंदगी की जानकारी नहीं मिल पाई। फिलहाल पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।
>
> – डॉ. अरविंद राव, अपर नगर आयुक्त

> मामले की जानकारी पशु कल्याण विभाग को दे दी गई है। भेड़ों का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो पाएगी।
>
> – डॉ. अभिनव वर्मा, नगर पशु कल्याण अधिकारी नगर निगम

> कार्यक्रम स्थल से काफी दूरी पर किसने क्या फेंक दिया, इसकी जानकारी नहीं थी। भेड़ों की मौत कैसे हुई इसकी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद स्थिति साफ हो पाएगी।।
>
> – ज्ञानेंद्र वर्मा, अपर सचिव, एलडीए

## बिल्डिंग में चल रहा था हुक्का बार, संचालक समेत 3 अरेस्ट



AI Image

■ NBT न्यूज, लखनऊ: हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद भी शहर में धड़ल्ले से हुक्का बार संचालित हो रहे हैं। रविवार रात गौतमपल्ली पुलिस ने ऐसे ही हुक्का बार पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से दो हुक्के, 6 पाइप, चिलम, फ्लेवर, फिल्टर और कोयला बरामद किया है। पुलिस ने संचालक और दो वेटरों को मौके से पकड़ लिया।

इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रमेश सिंह ने बताया कि इलाके में स्थित विवेक हाइट्स द्वितीय बिल्डिंग के छठे फ्लोर पर रेमिनू नाम का हुक्का बार संचालित था। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि वहां पर हुक्का परोसा जा रहा है। रविवार रात सूचना मिलते ही एसआई सुरेंद्र कुमार, रामवीर सिंह, कॉन्स्टेबल प्रियांशु यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की। गौतमपल्ली की न्यू कॉलोनी निवासी आलोक, वेटर विनय और अमेठी के जगदीशपुर निवासी राघवेंद्र सिंह को पकड़ा गया। हुक्का पी रहे युवकों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

गौतमपल्ली पुलिस ने की कार्रवाई



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in